CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

सिरोही, बुधवार, 01 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 17 ◆ अंक : 343 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.




पेज -11

## न्यूज ब्रीफ

### जनवरी में 15 दिन बैंक रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** साल 2025 में बैंक 15 दिन बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी। 15 दिनों की छुट्टी की इस लिस्ट में साप्ताहिक अवकाश (रविवार और दूसरा व चौथा शनिवार) के अलावा त्योहारों और खास अवसरों की छुट्टियां शामिल हैं। एक जनवरी को नया साल है इसलिए इस दौरान कुछ राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। वहीं दो जनवरी को भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन और मन्नम जयंती के कारण कुछ राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

### 15 तक फाइल करे आईटीआर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को निवासी व्यक्तियों के मामले में निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित/संशोधित आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर 15 जनवरी, 2025 कर दी है। उनके पास अब ऐसा करने के लिए अतिरिक्त दो सप्ताह का समय मिल गया है।

### असम में अलकायदा का आतंकी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले से अलकायदा से जुड़े बांग्लादेशी आतंकी संगठन के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है।




स्पेशल टॉस्क फोर्स ने के अधिकारी ने बताया कि गाजी रहमान (35) अंसारुल्लाह बांग्ला टीम का सदस्य है, वह फरार चल रहा था। असम स्पेशल टॉस्क फोर्स आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए राज्य में ऑपरेशन परघाट चला रही है। अब तक आतंकी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अस्पताल की तीसरी मंजिल पर लगी आग

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै के एक अस्पताल के तीसरी मंजिल पर मंगलवार सुबह आग लग गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# देश के पहले 'ग्लास ब्रिज' का कन्याकुमारी में उद्घाटन





### परियोजना की लागत 37 करोड़ रुपए

### सीएम स्टालिन ने किया पुल का उद्घाटन

### पुल 77 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा

**कन्याकुमारी।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी में समुद्र के ऊपर देश के पहले ग्लास ब्रिज यानी कि कांच के पुल का उद्घाटन कर दिया गया है। ये कांच का पुल 77 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा है जो कि कन्याकुमारी के तट पर विवेकानंद रॉक मेमोरियल और 133 फीट ऊंची तिरुवल्लुवर प्रतिमा को जोड़ता है। सोमवार की शाम तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पुल का उद्घाटन किया है।

कन्याकुमारी के समुद्र तट पर बने इस कांच के पुल को देश का पहला ऐसा पुल बताया जा रहा है। ये पुल पर्यटकों को विवेकानंद रॉक मेमोरियल और तिरुवल्लुवर की प्रतिमा और आसपास के समुद्र का बेहतरीन दृश्य दिखाता है।

एक पर्यटक अधिकारी ने कहा है कि इस पुल के ऊपर चलने से एक रोमांचक अनुभव प्राप्त होता है। इस कांच के पुल का निर्माण 37 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है। सीएम एमके स्टालिन ने पुल का उद्घाटन दिवंगत मुख्यमंत्री एम करुणानिधि द्वारा तिरुवल्लुवर प्रतिमा के अनावरण की रजत जयंती के अवसर पर किया है। उद्घाटन के बाद, मुख्यमंत्री स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, राज्य के मंत्री, सांसद कनिमोझी और वरिष्ठ अधिकारी आदि ने एक साथ पुल पर चल कर इसका अनुभव लिया।

## सीएम शर्मा का दौसा एवं डीग दौरा

# सीएम ने देवदर्शन में बिताया वर्ष का अंतिम दिन





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दौसा/डीग/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2024 का अंतिम दिन देवदर्शन में बिताया। पहले वे हेलीकॉप्टर से मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे और शाम को डीग जिले के पूंछरी का लौठा पहुंचे। उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी और श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। उनके साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम भी थे। मुख्यमंत्री शर्मा रात्रि विश्राम पूंछरी का लौठा में ही करेंगे। वहां बुधवार सुबह श्रीनाथ जी और गिरिराज जी का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना करेंगे।

सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार को अपराह्न 3.50 बजे दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रदेश में अमन चैन की कामना की। इस दौरान बालाजी मंदिर ट्रस्ट के पीठाधीश्वर महंत नरेशपुरी भी उनके साथ मौजूद रहे। सीएम भजनलाल शर्मा का यह दौरा अचानक हुआ। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा सहित दौसा एसपी रंजिता शर्मा, कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव, करौली एसपी ब्रजेश ज्योति सहित करौली और दौसा के सभी प्रशासनिक अधिकारी मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। जहां उन्होंने सीएम सुरक्षा को लेकर कस्बे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री हेलीपेड से सीधे मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर परिसर में 20 मिनट की पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारियों और महंत नरेश पुरी ने सीएम शर्मा को पूजा अर्चना करवाई।

### शाम को पूंछरी का लौठा पहुंचे सीएम

नववर्ष की शुरुआत को विशेष बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार शाम को पूंछरी का लौठा पहुंचे। उन्होंने श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। नववर्ष के अवसर पर बुधवार सुबह भी मुख्यमंत्री श्रीनाथ जी और गिरिराज जी का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना करेंगे।

# यमन सुप्रीम कोर्ट ने अर्जी की खारिज

### केरल की निमिषा को सजा-ए-मौत

### भारतीय नर्स पर हत्या का आरोप

**सना।** केरल की रहने वाली नर्स निमिषा प्रिया को यमन में मौत की सजा सुनाई गई है। यमन की सुप्रीम कोर्ट में निमिषा ने अर्जी दाखिल की जिसे यमन की सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दरअसल निमिषा पर एक यमनी नागरिक की हत्या का आरोप है। केंद्र सरकार ने बताया कि यमन की सुप्रीम कोर्ट से अर्जी खारिज होने के बाद यमन के राष्ट्रपति को फैसला लेना है। ऐसे में बेटी को बचाने के लिए निमिषा की मां ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। ये बातें इस मामले में सुनवाई के दौरान सामने आई हैं। साथ ही निमिषा की मां ने अपनी यमन की यात्रा को लेकर अनुमति भी मांगी है ताकि वह 'ब्लड मनी' के जरिए पीड़ित परिवार को भरपाई कर सके और अपनी बेटी की जान बचा सके। साल 2018 में निमिषा को मौत की सजा सुनाई गई थी। निमिषा का एक आठ साल का बेटा भी है। निमिषा साल 2018 से ही यमन के सना में काम कर रही है। इससे पहले निमिषा की मां ने कोर्ट को बताया कि उनकी बेटी को बचाने का एक तरीका है कि मृतक के परिजनों से बातचीत की जाए। उन्हें यमन जाना होगा और भारतीयों की यमन यात्रा पर बैन लगे होने के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रही हैं। अरब देशों समेत यमन में 'ब्लड मनी' के मुताबिक अगर मरने वाले व्यक्ति के परिजन चाहे तो हत्यारे से समझौता करके कुछ पैसे लेकर उसे माफी दे सकते हैं।



## सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड

# सीएम देवेंद्र फडणवीस बोले, बर्दाश्त नहीं करेंगे गुंडा राज

### धनंजय मुंडे के करीबी का आत्मसमर्पण

### सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली का मामला

**पुणे।** महाराष्ट्र के बीड में नौ दिसंबर को सरपंच संतोष देशमुख की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड ने मंगलवार को पुणे में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी बयान सामने आया है।

देवेंद्र फडणवीस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में शामिल सभी दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिलेगी। देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा, बीड में 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं करेंगे। कराड ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें दावा किया गया कि राजनीतिक प्रतिशोध के कारण उन्हें हत्या से जोड़ा जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को कथित तौर पर बीड जिले में एक पवनचक्की कंपनी से पैसे मांगने वाले कुछ लोगों द्वारा जबरन वसूली का विरोध करने पर अपहरण कर लिया गया और बेरहमी से हत्या कर दी गई।

हत्या के मामले में पहले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कराड को जबरन वसूली मामले में वांछित आरोपी के रूप में नामित किया गया था।



**सीएम फडणवीस बोले, सभी दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिलेगी**

# पुणे में रेलवे ट्रैक उड़ाने की साजिश नाकाम

### पटरी के पास मिला गैस से भरा सिलेंडर

### लोको पायलट की सतर्कता से घटना का खुलासा

**पुणे।** पुणे के उरुली कंचन क्षेत्र में रविवार की रात रेलवे ट्रैक पर गैस से भरा सिलेंडर रखकर दुर्घटना करने की कोशिश की गई। इस घटना का खुलासा लोको पायलट की सतर्कता से हुआ।

इस संबंध में कंचन पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना उस वक्त सामने आई जब लोको पायलट शरद शाहजी वाल्के (38) रेलवे लाइन का निरीक्षण कर रहे थे। रविवार रात करीब 11 बजे जब वे ट्रैक पर निरीक्षण कर रहे थे, तब उन्होंने देखा कि रेलवे ट्रैक के पास प्रिया गोल्ड कंपनी का गैस सिलेंडर रखा हुआ था। जब उन्होंने सिलेंडर उठाने की कोशिश की तो देखा कि इस सिलेंडर में गैस (वजन करीब 39 किलो) थी। लोको पायलट ने तुरंत सिलेंडर को रेलवे ट्रैक से दूर हटा दिया और संभावित दुर्घटना को विफल कर दिया।



शरद वाल्के ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। उरुली कंचन पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर दुर्घटना का प्रयास करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए रेलवे और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना स्थल का दौरा किया।

## नितेश राणे का विवादित बयान

# 'चुनाव में राहुल-प्रियंका को सपोर्ट करने वाले राष्ट्र विरोधी'

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में बने हुए है। उन्होंने एक बार फिर केरल को लेकर बयान दिया है। राणे ने दावा किया कि हमारे पास ऐसी जानकारी है जिन लोगों ने चुनाव में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का समर्थन किया और उनके लिए काम किया, वे राष्ट्र-विरोधी हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम लीग जिन्होंने देश के खिलाफ काम किया, उन्होंने वायनाड में उनके (कांग्रेस) साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था। अगर कोई हमारे देश के खिलाफ बात करता है तो हमें इसके बारे में बात करनी चाहिए। अगर कोई पाकिस्तान का झंडा फहराता है, तो क्या हमें इसके बारे में बात नहीं करनी चाहिए। केरल हमारे देश का हिस्सा है और अगर कोई पाकिस्तान के लिए काम करता है या केरल में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार करता है, तो हमें इसके बारे में बोलना होगा। केरल हमारा है और यह हमारा ही रहेगा। भविष्य में, केरल 'भगवाधारी' बनेगा, मुझे इस बात का पूरा भरोसा है। पहले हाल ही में नितेश राणे ने कथित तौर पर कहा था,केरल में आतंकवादी लोग प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को वोट देते हैं। इस कारण उनकी जीत होती है। केरल 'मिनी पाकिस्तान' बन गया है।



**केरल में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार करता है तो हमें बोलना होगा**

# बेशक हार जाएं लेकिन नहीं चाहिए मुस्लिम वोट

### भागलपुर के बिहपुर विधानसभा से भाजपा विधायक का विवादित बयान

**भागलपुर।** भागलपुर के बिहपुर विधानसभा से भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र ने विवादित बयान देकर राजनीतिक गलियारे में खलबली मचा दी है। मुसलमान को लेकर उन्होंने कहा कि हम 'हारना पसंद करेंगे, लेकिन मुस्लिम का वोट नहीं चाहिए'। मुसलमानों का साथ कौन देता है। राजद वाला देता है। हमें मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए। हमनें दस साल में ट्रांसफॉर्मर दिया, रोड दिया लेकिन मुस्लिमों ने हमें दस वोट तक नहीं दिया। हम कितना भी काम कर दें। मुस्लिम हमें वोट नहीं देता है। इसलिए हम यही कहेंगे कि हमें मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए। हिंदू लोग एक बच्चा बच्चा पैदा करता है तो मुस्लिम 20 बच्चा पैदा करता है। उन्हें भी जनसंख्या पर नियंत्रण करना चाहिए। सोमवार को विधानसभा क्षेत्र बिहपुर के अंतर्गत ध्रुवगंज में जनता से संवाद के दौरान विधायक ने कहा कि राजद को निस्तोनाबूत कीजिये वो राजद नहीं है मियाँ हैं। चाहे वह कोई कैंडिडेट रहे।



# राजस्थान में नए साल की शुरुआत हाड़ कंपाने वाली सर्दी के साथ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उत्तरी बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में कंपकंपी छुड़ा दी है। मौसम साफ होते ही अब गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। जयपुर और आसपास के इलाकों में कोहरा छाया रहा। जयपुर समेत प्रदेशभर में तापमान में गिरावट आई है। कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। अगले दो-तीन दिन तक ऐसे ही सर्दी की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट की भी आशंका है। प्रदेश में 3 जनवरी तक कोल्ड-वेव का असर रहेगा। बुधवार से कोल्ड-वेव का प्रभाव और बढ़ने की आशंका जताई गई है। दूसरी ओर प्रदेश मंगलवार को कोहरे की भी जद में, विजिबिलिटी 10 मीटर से कम हो गई। जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, पाली और अजमेर कोहरे से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। झालाना इलाके में कोहरे को कारण अरावली की पहाड़ी नजर नहीं आ रही हैं। सीकर के इंडस्ट्रियल एरिया में घने कोहरे के कारण सन्नाटा नजर आया। राजसमंद, जोधपुर, उदयपुर में सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आई। कोल्ड-वेव और कोहरे से कई शहरों में औसत से 7 डिग्री तक पारा नीचे गया है। बात करें जयपुर के आप-पास के क्षेत्र की तो यहां पर कड़ाके की सर्दी और शीतलहर का प्रकोप जारी है। कस्बे-आसपास ग्रामीण अंचल में सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। ठंडी बर्फीली हवाओं से धूजणी छूट्टी हुई है, सर्दी से जनजीवन प्रभावित हुआ। क्षेत्र में कोहरे के साथ ठंडी हवा चल रही है। घने कोहरे से वाहन चालक भी परेशान हो रहे हैं। जयपुर-जमवारामगढ़ स्टेट हाईवे पर सन्नाटा छाया हुआ रहा। जरूरी काम के लिए ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं।

करौली क्षेत्र में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। जिला मुख्यालय पर दोपहर तक सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। आसमान में बादलों का डेरा है तेज ठंडी हवा चल रही है। पारा लुढ़कने से हाड़ कंपाने वाली सर्दी का अहसास है। लोग गर्म लबादों में लिपटे हुए हैं।

सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। कड़ाके की सर्दी के बीच लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी मौसम के मिजाज से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**ठंडी बर्फीली हवाओं से लोगों की छूट्टी धूजणी...**



# मणिपुर हिंसा: सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी

### सीएम बोले, दुर्भाग्य से भरा रहा 2024

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा के लिए सीएम बीरेन सिंह ने माफी मांगी हैं। उन्होंने साल 2024 दुर्भाग्य से भरा बताया है। उन्होंने कहा कि वह 3 मई (2023) से आज तक के लिए राज्य के लोगों से माफी मांगते हैं। यह पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। कई लोगों ने अपनों को खोया है। कई लोगों ने अपने घरों को छोड़ दिया। मुझे वाकई में पछतावा है। मैं माफी मांगना चाहता हूं। अब, मुझे उम्मीद है कि शांति की दिशा में पिछले 3-4 महीनों की प्रगति को देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि नए साल 2025 के साथ, राज्य में सामान्य स्थिति और शांति बहाल हो जाएगी। मैं राज्य के सभी समुदायों से अपील करना चाहता हूं कि जो हुआ सो हुआ। हमें अब पिछली गलतियों को भूलकर एक नए जीवन की शुरुआत करनी है। एक शांतिपूर्ण मणिपुर, एक समृद्ध मणिपुर के लिए हम सभी को एक साथ रहना चाहिए। अब तक, कुल मिलाकर लगभग 200 लोग मारे गए हैं और लगभग 12,247 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 625 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और विस्फोटक सहित लगभग 5,600 हथियार और लगभग 35,000 गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।



CMYK CMYK

# पूर्व मंत्री बोले सरकार ने सांचौर जिला खत्म करने में किया पक्षपात

**डेढ़ सौ किलोमीटर दूर सांचौर का जिला स्तर कर दिया निरस्त**

## मांगे नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में सांचौर मुखालय पर अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन शुरू कर दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने सरकार पर विकास की बजाय जिले खत्म करने व भेदभाव का आरोप लगाते हुए सांचौर जिले को बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भरतपुर से डीग की दूरी 35 किलोमीटर है, उसका बहाल कर जालोर से डेढ से किलोमीटर दूर सांचौर जिले को खत्म कर भेदभाव किया गया है, जिससे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरने को हिन्दूसिंह दूठवा, रामावतार मांजू, भीमारामा चौधरी, थानाराम मेघवाल ने भी संबोधित किया। दलपतसिंह, रतनाराम गुरू, छैलसिंह, पबसिंह, जयकिशन, पुनमाराम खीचड़, तुलछाराम पुरोहित, रूपाराम पंवार, रामगोपाल सहित कई मौजूद थे। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचौर जिले को 28 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर दिया है। जबकि डीग, खैरथल व सलुम्बर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचौर जिले के करीब-करीब बराबर हैं। डीग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर, खैरथल जिला अलवर जिले से मात्र 45 किमी दूर व सलुम्बर जिला उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर है। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नए जिले गठित किए थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं है। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। ज्ञापन में बताया कि सांचौर जिलेवासियों ने 25 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक जिला मुख्यालय सांचौर के आगे अनशन व महापड़ाव किया था। भाजपा सरकार को सांचौर जिला निरस्त नहीं करने के बारे में भी चैताया था। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारें उन कार्यों को आगे बढ़ाती है परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचौर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की है। हम उसकी कड़ी निंदा करते है। सांचौर जिलेवासियों में सांचौर जिले को निरस्त करने पर लोगों में भयंकर आ'ोश हैं, ऐसे में चेतावनी दी कि जब तक जिला पुनः घोषित नहीं होता है तब तक हमारा धरणा जारी रखा जाएगा।

# कार्यशाला में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की दी जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सिरोही व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सीएमएचओ कार्यालय जालोर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सिरोही के अधिकारी ने चिकित्सा संस्थानों को बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट-2016 नियम के बारे में अवगत करवाते हुए पीपीटी के माध्यम से सुरक्षित बायोमेडिकल कचरे के प्रबंधन, नियामकीय अनुपालना और पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी दी। इस दौरान तस्वीरों के माध्यम से प्रदूषण से पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई। प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता शंकरलाल विश्नोई ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में प्रजेंटेशन दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए चिकित्सा संस्थानों की ओर से ध्यान रखने योग्य सावधानियों के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यशाला में रोजमर्रा जीवन में प्लास्टिक उपयोग को कम करने, शॉपिंग के लिए कपड़े की या जूट का बैग, पुनः उपयोग में ली जा सकने वाली पानी की बोतलें या टिफिन का उपयोग करने व सिंगल यूज कलटरी का कम उपयोग करने के बारे में जानकारी देने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किए जाने की बात कही गई। इस अवसर पर राप्रनिम सिरोही के क्षेत्रीय अधिकारी व चिकित्सा विभाग जालोर के चिकित्साकर्मी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# सिलाई कला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**केवीके केशवना में महिलाओं को 21 दिन तक मिलेगा प्रशिक्षण**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के इक्कीस दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 25 महिलाओं ने भाग लिया।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ दिलीपकुमार ने केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए सिलाई के माध्यम से महिलाओं के कौशल विकास और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कला कौशल प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई। प्रशिक्षण प्रभारी सुमन शर्मा ने महिलाओं को सिलाई कला कौशल प्रशिक्षण की रुपरेखा बताते हुए महिलाओं को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। केन्द्र के मौसम विशेषज्ञ आनंद शर्मा ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरी लगन के साथ सिलाई सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अणसीबाई एवं सबीनाबानू द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रकार के महिलाओं के उपयोग में आने वाले वस्त्रों यथा महिलाओं की पोशाक, राजपूती पोशाक, बच्चों के झबले, कुशन कवर, बैग इत्यादि की कटिंग व सिलाई का कार्य सिखाया जाएगा।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने अकार्यशील खुले बोरवेल/ट्यूबवेल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश जारी किए है। जिला कलेक्टर चौधरी ने बताया कि ग्राम स्तर पर एक ग्राम स्तरीय सुरक्षा समिति गठित किया जाकर इसके द्वारा 10 जनवरी तक ग्राम स्तरीय सुरक्षा समिति द्वारा अपने क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया जाकर समस्त खुले बोरवेल/ट्यूबवेल को बंद करके अथवा सुरक्षित पद्धति से ढककर या तारबंदी लगाकर सुरक्षित किया जाकर इस आशय का प्रमाण पत्र खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा। जिला स्तर पर इसके लिए एक निगरानी समिति बनाकर इन प्रमाण पत्रों को विकास अधिकारियों के माध्यम से संकलित किया जाएगा। भविष्य में भी नए खुदने वाले ट्यूबवेल/बोरवेल खुले नहीं रहे इसकी मॉनिटरिंग के लिए मासिक सूचना संकलित की जाएगी। वहीं जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्राप्त की गई सूचना प्रत्येक माह को मुय अभियंता भूजल विभाग जोधपुर कार्यालय को प्रेषित की जाएगी। जिला कलेक्टर चौधरी ने इसके लिए जिला परिषद के मुय कार्यकारी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी नगरीय निकाय एवं भू अभिलेख शाखा को निर्देशित किया है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झाड़ोली पी।** द्वितीय शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मुकाबले में गणेश फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 12 ओवर में 128 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें जीतू देवासी ने 65 रन की पारी खेली। इसके जवाब में महाराज फैशन ने मात्र 10 ओवर में 129 रन बनाकर जीत हासिल की। इसमें लक्ष्मण देवासी ने बैटिंग कर मात्र 34 गेंद में 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच कैलाश सुथार उपस्थित रहे। बेस्ट बैट्समैन के रूप में लक्ष्मण देवासी, बेस्ट बॉलर ललित मीणा और मैन ऑफ द सीरीज का किताब पंकज गर्ग ने जीता।

# किशोरी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेके पुरम।** लक्ष्मी आरोग्य परियोजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास एवं जेके लक्ष्मी सीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में पिंडवाड़ा ब्लॉक की पांच गांव बसंतगढ़ रामपुरा आदर्श वालोरिया एवं पेशुआ के 10 आंगनवाडी केंद्रों पर किशोरी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी में पंजीकृत सभी ड्रॉप आउट किशोरियों के स्वास्थ्य की देखभाल को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत होगा अटल जन सेवा शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि जनवरी माह के प्रथम गुरुवार 2 जनवरी को ग्राम पंचायत स्तरीय प्रातः 11 बजे से, द्वितीय गुरुवार 9 जनवरी को उपखंड स्तरीय प्रातः 10 बजे से तथा तृतीय गुरुवार 16 जनवरी को जिला स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे) आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# मेघवालों का तला गांव को राजस्व ग्राम घोषित करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुड़ामालानी।** नोखड़ा तहसील की ग्राम पंचायत गोलिया जेतमाल के मेघवालों का तला गांव वाशिंदों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन भेज मेघवालों का तला को राजस्व गांव घोषित करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि गांव को राजस्व गांव घोषित करवाने सालभर पहले राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। वर्ष 2009 से आज दिन तक लगातार राजस्व ग्राम घोषित करवाने की मांग कर रहे है। हमें हमेशा राजनीति का शिकार बनाया जाता है। सालभर पहले पूर्ववर्ती सरकार ने राजस्व ग्राम बनाने का प्रस्ताव भेजा था। लेकिन वर्तमान सरकार ने किसी कारणवश संयुक्त शासन सचिव के पत्र कमांक-110/ राजस्थान / (1)/2023 जयपुर दिनांक 24.07. 2024 व जिला कलेक्टर बाड़मेर के पत्र कमांक-4701 दिनांक 24.07. 2024 का हवाला देकर वापस भेज दिया गया है। राजनैतिक रसूख रखने वाले लोग वर्तमान राजस्व ग्राम को निरस्त करवाना चाहते है और उसके एवज में दूसरा राजस्व ग्राम घोषित करवाना चाहते है। मेघवालों का तला में लगभग 300 की जनसंख्या है। उसको नजरअंदाज ग्राम को निरस्त कर नया राजस्व ग्राम बनाया जाता है तो ग्रामीण विरोध जताएंगे।

# शिविर में दी कानूनी जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर की ओर से उप कारागृह में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला सेंशन न्यायाधीश अहसान अहमद और तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्यामसुंदर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में बंदियों को निशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी दी गई। बंदियो के अधिकारों एवं गिरफ्तारी संबधी जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता विजयकुमारसिंह राठौड़ ने गिरफ्तारी संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि जब कभी किसी पुलिस अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति को अधिकारी से गिरफ्तारी का कारण जानने का अधिकार है और गिरफ्तारी की सूचना गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के रिश्तेदारों/ मित्रों को दिया जाना आवश्यक होगा। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के 24 घण्टे के भीतर यात्रा समय को छोड़कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। बंदियों के अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि बंदियों को वांछित चिकित्सा उपचार का अधिकार है। नाश्ता, भोजन, बिस्तर प्राप्त करने का अधिकार और 15 दिन में एक बार परिजनों से मुलाकात करने का अधिकार है। अपने वकील से सलाह ले सकता है।

# बस की टक्कर से बाइक चालक की मौत, एक घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** निकटवर्ती आजोदर सड़क मार्ग पर बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत व महिला घायल हो गई।

पुलिस के अनुसार हादसे में रामपुरा निवासी रणछोड़ाराम चौधरी की मौत हो गई एवं उसकी पत्नी सीमादेवी गंभीर घायल हो गई। घायल महिला को एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुजरात रैफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को सड़क से हटवा आवागमन सुचारू करवाया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# भागवत कथा: कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** विरोल बड़ी के राजऋषि दिलीप गौसेवाश्रम प्रांगण में गौधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा प्रेरित श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक आचार्य धनेश्वर जोशी ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। आचार्य ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करें वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है।



सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण कर कृष्ण को पुकारा तब भगवान कृष्ण पृथ्वी पर आए है। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। एक बार गोप बालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर बताया कि मां तेरे लाला ने माटी खाई है। इस पर यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर आई एवं कान्हा को पकड़ कर बोली मुख खोल। माता के कहने पर कृष्ण ने अपना मुख खोला तो यशोदा ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महत्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज, ब्रज में नन्द बाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्व ही पहचान लिया है। कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाल लीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठाएगी न दूध पिलाएगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए वे बालक बने है वह तो पूरा होगा ही नहीं। बस कृष्ण ने ऐसा चक्कर चलाया कि यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गई। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानते है, लेकिन अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत, रामायण पढ़ो, ऐसे में आपकी ही नहीं आपकी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जाएगी। कथा में कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, गोपाला गोविंद गोपाला भजन पर भक्तों ने खूब आनंद उठाया। व्यवसायी पेपसिंह रूपसिंह ने सबका सत्कार किया। मंच संचालन देवेंद्रसिंह विरोल ने किया। शाम के समय कथा स्थल पर सुंदरकांड संगीत मंडली सांचौर द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर ठाकुर गौ सेवाश्रम पालड़ी से बलदेवदास महाराज, पथमेड़ा से नंदरामदास महाराज, गमनगिरी गोस्वामी, देवीलाल कुआंरला, भोपाजी सगताराम देवासी, रतनसिंह, नारायणसिंह, नागजीराम बग, दुर्गाराम चौधरी, रामजीराम ओड, मोटाराम माली, भवसिंह राठौड़, लक्ष्मणगीरी, छगनराम, मुंगाराम माजीराणा, आईदान मेघवाल सहित सैकड़ों महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चें मौजूद थे। कथा का समापन 2 जनवरी को होगा।

# अग्रवाल का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अग्रवाल क्षेत्रीय सभा के चुनाव में महामंत्री बने नरेश अग्रवाल का मुस्लिम समाज की ओर से इस्लामिया स्कूल में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सदर सलीम खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद जैन, डॉ. एमपी बंसल, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष सुकेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नायब सदर गरीब मोहमद समेत वक्फकमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ पहुंचे जिला परिषद, जिला प्रमुख ने किया भव्य स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के सिरोही जिला परिषद पहुंचने पर जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

राठौड़ ने जिला प्रमुख कक्ष में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से संवाद किया एवं जनसमस्या निवारण हेतु निर्देशित किया। कार्य म के पश्चात राठौड़ का सांसद जन सुविधा केंद्र पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य दलीपसिंह मांडाणी, बाबूभाई पटेल, किरण राजपुरोहित, विशनसिंह देवड़ा, कानाराम चौधरी, नारायण देवासी, भूपेंद्र देवासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का किया स्वागत

**पोसालिया।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कैलाशनगर आगमन पर भाजपा नेता विशनसिंह देवड़ा ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सांसद जन सुविधा केंद्र में स्वागत अभिनंदन किया। प्रदेशाध्यक्ष सुमेरपुर की ओर जाते समय कुछ समय यहां रूके थे।



# 'परवाह' थीम के साथ पूरे माह चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान : चौधरी

## सड़क सुरक्षा माह की प्रभावी क्रियान्विति के दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित करने के संबंध में जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जनवरी माह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्त हितधारक विभागों, संस्थाओं व आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्देशित गतिविधियां आयोजित करने की बात कही। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को अपने-अपने कार्मिकों को हेलमेट पहनने के लिए पाबंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस माह के दौरान परवाह थीम के साथ सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव द्वारा भी सड़क सुरक्षा के संबंध में 6-इ रणनीति (एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट, इमरजेंसीकेयर, इवेल्युएशन और एगेजमेंट) को अपनाते हुए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए है।



### उत्कृष्ट कार्य पर होंगे सम्मानित

उन्होंने जिला स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों/गुडसेमेरिटन को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह में सम्मानित करने की बात भी कही। जिला कलक्टर ने इन कार्यक्रमों के लिए अधिक से अधिक प्रचार करने, नुक्कड नाटक करवाने तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही आइ टेस्ट कैम्प लगाने, लघु कार्यशाला आयोजित करने और मानव जीवन को बचाने के लिए गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को करें सर्वोत्तम प्रयास : बेनीवाल

पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने ट्रेफिक नियमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से विभिन्न गोष्ठियां आयोजित करने, सरकारी कर्मचारियों को हेलमेट पहनने एवं ट्राफिक संबंधित नियमों की पालना के लिए कार्यालय अध्यक्ष द्वारा पाबंद करवाने, सड़क दुर्घटनाओं में अपने परिजनों को खो चुके व्यक्तियों द्वारा ट्राफिक नियमों की पालना के संबंध में मार्मिक अपील करवाने, शिक्षा विभाग तथा चिकित्सा विभाग के सहयोग से विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कोरोना काल में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मानव जीवन को बचाने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों का उदाहरण देते हुए जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सामूहिक रूप से सर्वोत्तम प्रयास करने की बात कही।

### विभिन्न संस्थाओं से की सहयोग की अपील

इसके साथ ही जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाने पर भी हुई चर्चा। दोनों अधिकारियों ने जिले के विभिन्न संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक में सड़क सुरक्षा अभियान में हेलमेट वितरण में सहयोग करने के साथ ही जागरूकता प्रचारित करने व आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान किए जाने वाले हेलमेट वितरण में हेलमेट उपलब्ध करवाकर सहयोग करना चाहे तो वे डीटीओ सिरोही में 978 2247563 नम्बर पर तथा डीटीओ आबूरोड में 9887320387 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने मानव जीवन को बचाने केइस अभिनव अभियान में सभी से अधिकतम सहयोग की अपील भी की है।

# शिविर में 352 नेत्र रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजकीय विद्यालय अनादरा में भामाशाह मगनलाल मेघवाल के सहयोग एवं ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा टीम द्वारा 352 मरीजों की जांच की गई। इनमें से मोतियाबिंद के 52 मरीज मिले। 44 मरीज को ऑपरेशन हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। शिविर में भामाशाह द्वारा सभी प्रकार की सुविधा जैसे आंखों की दवाई, आंखों के नंबर के ऐनक एवं चाय नाश्ते की व्यवस्था करवाई गई। शिविर का शुभारंभ सरपंच गुलाबकंवर द्वारा किया गया। शिविर में किसान शक्ति दल अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह, समाजसेवी राजेंद्रसिंह, भामाशाह समाजसेवी मगनलाल नथाराम मेघवाल, कानाराम मेघवाल, समाजसेवी डायाराम मेघवाल, मंछाराम, नारायणसिंह हड़मतिया, शिवशंकर गुलाबगंज, ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, सहायक पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, ट्विंकल चौधरी, नीलम, आमरीन, पुष्पा आदि मौजूद थे। प्रचार में मंडल कांग्रेस अध्यक्ष कानाराम का सराहनीय सहयोग रहा।



## शहर को साफ-सुथरा बनाने की अपील

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अनाज किराणा व्यापार मण्डल की बैठक विष्णु धर्मशाला में आयोजित की गई। एसडीएम शंकरलाल मीणा व नायब तहसीलदार ने व्यापारियों से प्रशासन के साथ मिलकर शहर का साफ सुथरा बनाने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष, सागर, महामंत्री संतोष, उपाध्यक्ष गोविंद, मीडिया प्रभारी अशोक माली आदि मौजूद थे।

# सीइओ ने किया विभिन्न कार्यों का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल ने मंगलवार को ग्राम पंचायत सिलदर एवं बरलूट का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत भवन सिलदर में शौचालय में गंदगी होने एवं परिसर के बाहर गंदे पानी की सुचारू निकासी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पंचायत भवन में पानी के टांके पर ढक्कन नहीं होने पर गंभीर हादसा होने की स्थिति को देखते हुए टांके पर तुरन्त ढक्कन लगाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम सिलदर में प्रगतिरत मनरेगा कार्यों एवं सघन पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सिलदर में ग्राम विकास अधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया साथ ही अन्नपूर्णा रसोई घर सिलदर एवं बरलूट की व्यवस्थाओं को देखा गया एवं भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त विकास अधिकारी खंगाराराम देवासी भी मौजूद रहे।



# ट्रक से साठ लाख की शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने मावल चौकी पर सोमवार देर रात को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। चंडीगढ़ से गुजरात जा रहे ट्रक से चंडीगढ़ निर्मित शराब बरामद की। साथ ही ट्रक में सवार तीन शराब आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अनिल कुमार के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को दिखाई जा रही विशेष मुस्तैदी के तहत रीको थानाधिकारी सीताराम के नेतृत्व में मावल चौकी पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान सिरोही की तरफ से आ रहे ट्रक को रोका गया। ट्रक की सघनता से जांच की गई। ट्रक में कचरे की आड़ में गुजरात ले जाए जा रहे चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब के 180 कार्टन पाए गए। पुलिस ने शराब बरामद कर ट्रक सवार हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला के दरलाघाट निवासी चमनलाल पुत्र पदमदेव, हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नमहोल निवासी मनोज कुमार पुत्र सुखराम ठाकुर व हरियाणा के अंबाला जिले के शाहजादपुर निवासी पिंकीलाल पुत्र हिसमसिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। बारमद शराब का मूल्य करीब 60 लाख रुपए से अधिक आंका गया है। रीको थानाधिकारी ने बताया कि शराब को चंडीगढ़ से भरकर गुजरात के भुज ले जाया जा रहा था। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है।



# एवीएम के विरोध एवं ओबीसी जनगणना के समर्थन में सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा एवं राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएमएम के वामन मेश्राम, आरपीवीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल के नेतृत्व में देश के 32 राज्यों के 625 जिलों में भारत बंद तथा आमजन के ज्वलंत मुद्दों व संबंधित विषयों पर बहुजन क्रांति मोर्चा जिला संयोजक एडवोकेट सुंदरलाल मौसलपुरिया के नेतृत्व में आरपीवीएम जिला संयोजक एडवोकेट दशरथसिंह आढ़ा आदि ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। आयोजन के तहत रेवदर, मंडार, आबूरोड, पिंडवाड़ा, शिवगंज और माउंट आबू पर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी की जाति आधारित जनगणना न करने और उन्हें संख्या के अनुपात में सभी क्षेत्र में हिस्सेदारी न देने की केंद्र सरकार की नीति का विरोध जताया गया। चुनाव में बेलेट पेपर लागू करवाने का समर्थन किया गया। इसके साथ ही केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर अपमानजनक टिप्पणी का विरोध जताया गया। सिरोही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सर्किल पर तीन मुद्दों को लेकर जानकारी दी गई एवं नारेबाजी के साथ राजमाता धर्मशाला, पुराना बस स्टैंड होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान रणछोड़ चौहान, प्रकाश डांगी, जूझाराम चौहान, मिश्रीलाल रैगर, सेदुराम रैगर, एडवोकेट दशरथसिंह आढ़ा, शेखरकुमार, कानाराम मंडवारिया भी मौजूद थे।

## बाइकों में भिड़ंत, दो की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रेवदर मार्ग पर सोमवार देर रात दो बाइकों की भिड़ंत में दो बाइक सवारें की मौत हो गई। सदर पुलिस के अनुसार रेवदर मार्ग पर चनार बोर्ड के पास देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में रेवदर के करजिया निवासी 21 वर्षीय रमेश पुत्र कैसा गरासिया व मोरथला निवासी 35 वर्षीय संजय पुत्र जगदीश बैरवा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए आकराभट्टा राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

## निराश्रित महिला को पहुंचाया रेन बसेरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा ने किसी की मुस्कुराहटों पर हो निसार... किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार... पंक्तियों को साकार करते हुए सोमवार देर रात को मानवीयता व संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ठंड में कांप रही वनवासी महिला को रेन बसेरा पहुंचाया। पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा को समाजसेवी युवराज परिहार ने सूचना दी कि गुरुद्वारा के पास अंबाजी चौराहा पर एक महिला बैठी है। वह ठंड से ठिठुर रही है। इस पर पालिका उपाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी बंशीलाल साद से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। सामूहिक प्रयासों से महिला को रेन बसेरा में शिफ्ट किया गया। जहां उनको उचित सुविधा मुहैया करवाई गई। महिला समेत अन्य लोगों ने पालिका उपाध्यक्ष शर्मा, युवराज परिहार, सीटी थाने के सीआइ बंशीलाल व उनकी टीम का आभार जताया।






प्रधानमंत्री आवास योजना

# सौर ऊर्जा से जुड़ेंगे हर घर : सीएम

- ग्राम विकास और पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा
- महाराष्ट्र में 13 लाख घरों को दी जाएगी मंजूरी
- जल्द ही घरकुल लाभार्थियों को 450 करोड़ रुपए की पहली किश्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महाराष्ट्र में कम से कम 13 लाख घरों को मंजूरी दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही घरकुल लाभार्थियों को 450 करोड़ रुपये की पहली किश्त वितरित की जाएगी। ग्रामीण आवास योजनाओं के प्रभावी, तीव्र, गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन और लोक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए 'महाआवास अभियान' चलाया जाएगा। इन आवास योजनाओं के अंतर्गत सभी घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ये निर्देश दिए।

### सड़कों को केवल सीमेंट से बनाया जाए

सह्याद्री अतिथिगृह में ग्राम विकास और पंचायत राज विभाग की आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों को केवल सीमेंट से बनाया जाए। ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकने चाहिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पाणंद सड़कों के लिए नए मानदंड तय करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया। कोकण क्षेत्र के साकव और पाणंद सड़कों के काम को तुरंत शुरू करने के निर्देश भी दिए।

### ग्रामीण क्षेत्रों को निधि आवंटित

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निधि आवंटित की गई है और इस निधि से कितने कार्य पूरे हुए हैं, इस पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण गृहनिर्माण, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामस्वराज अभियान, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, सड़क और पुल मरम्मत निगरानी कार्यक्रम, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर ग्रामीण यात्रा स्थल योजना, और ग्राम विकास से संबंधित अन्य योजनाओं को अगले 100 दिनों के भीतर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।


### बैठकों में शामिल कैबिनेट मंत्री और अधिकारी

- इस बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे, सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशिष शेलार, ग्राम विकास और पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे, वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, राज्यमंत्री योगेश कदम, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, अपर मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, अपर मुख्य संजय सेठी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, प्रधान सचिव रणजीतसिंह देओल, प्रधान सचिव एकनाथ डवले, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, सचिव विरेंद्र सिंह, सचिव रविंद्र सिंह, परिवहन आयुक्त विवेक भिमनवार तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने 2025 के नववर्ष के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा, "नववर्ष का स्वागत करते हुए मैं राज्य की जनता और सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह वर्ष सभी के लिए सुख, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि लाए।



राज्यपाल ने कहा कि प्रगतिशील और समावेशी भारत के निर्माण का सपना साकार करने के लिए नववर्ष एक शानदार अवसर है। इस दिशा में आगे बढ़ने में उद्यमशीलता और संत विचारों की धरोहर से समृद्ध महाराष्ट्र की भूमिका अहम है। महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले, भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर और कई अन्य महापुरुषों की पावन भूमि है।

## बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी भाजपा



- शिंदे-अजित पवार को दिखाएगी पॉवर
- बीजेपी-आरएसएस ने तेज की तैयारियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 133 सीटों पर जीत हासिल करके करिश्मा कर दिया था। महज 148 पर लड़ने वाली भाजपा ने करीब 90 फीसदी सीटों पर जीत हासिल की और महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा की यह सबसे बड़ी सफलता है। इसके पीछे आरएसएस की प्लानिंग और मेहनत को भी एक वजह माना जाता है। इस बीच आरएसएस और भाजपा ने निकाय चुनाव की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की राय है कि निकाय चुनाव में अकेले ही उतरा जाए ताकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी के मुकाबले ताकत दिखाई जा सके। आरएसएस के लोगों की भी राय है कि भाजपा को निकाय चुनाव में अकेले ही उतरना चाहिए। इससे भाजपा को निचले स्तर तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी।

### प्रदेश के 27 निकायों में होने वाले चुनाव

- बीएमसी समेत प्रदेश के 27 निकायों में चुनाव होने हैं। इसके अलावा जालना समेत दो नए निकायों में भी इलेक्शन होने हैं। यहां पहली बार निकाय चुनाव होने हैं। फिलहाल यहां पर सरकार की ओर से तय किए गए प्रशासक ही शासन चला रहे हैं। लंबे समय से महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव लंबित हैं। लेकिन अब विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता के बाद सभी सत्ताधारी दल निकाय चुनाव कराने के पक्ष में हैं।

### आरएसएस भी करेगा सहयोग

- भाजपा ने अपने सभी आनुषांगिक संगठनों को सक्रिय कर दिया है। हाल ही में भायंदर में भाजपा की एक मीटिंग निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई थी। इस बैठक में सीएम देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। पार्टी के एक लीडर ने कहा कि निकाय चुनाव में आरएसएस भी सहयोग करेगा। भायंदर की मीटिंग में इसे लेकर मंथन भी हुआ है। आरएसएस के लोगों ने निचले स्तर पर काम किया और उसका चुनाव में हमें फायदा मिला है। महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओबीसी कोटे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं।

## यूपीएससी परीक्षा की साक्षात्कार के लिए मुफ्त प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** यूपीएससी द्वारा आयोजित नागरिक सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मुख्य परीक्षा में सफल और साक्षात्कार के लिए पात्र ठहरने वाले राज्य के छात्रों के लिए राज्य प्रशासनिक व्यवसाय शिक्षा संस्था (एसआईएसी), मुंबई में साक्षात्कार प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा, यह जानकारी राज्य प्रशासनिक व्यवसाय शिक्षा संस्था की निदेशक डॉ. भावना पाटोले ने दी है। इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए राज्य के छात्रों को 3 जनवरी से पहले siac@1915@gmail.com पर आवेदन करना होगा। साक्षात्कार प्रशिक्षण के पंजीकरण के लिए www.siac.org.in पर दिए गए निर्देशों का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 022-22070942 पर संपर्क करें, यह जानकारी राज्य प्रशासनिक व्यवसाय शिक्षा संस्था, मुंबई के निदेशक द्वारा दी गई है।

अग्रोहा विकास ट्रस्ट मीरा रोड समिति

## पांच सौ आदिवासी परिवारों को मुफ्त कंबल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा भायंदर।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट मीरा रोड समिति द्वारा आदिवासी इलाकों में मुफ्त कंबल का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष निर्भय गर्ग ने बताया कि वाडा विक्रमगढ़ आदिवासी इलाके में जा कर 500 आदिवासी परिवार को मुफ्त कंबल दिया गया। गर्ग के अनुसार समिति हर वर्ष ठंडी के दिनों में आदिवासी इलाकों में जाकर आदिवासी भाइयों को मदद पहुंचाने का काम करती है जिसमे उन्हें समिति के सभी सदस्यों का सहयोग मिलता है। प्रदीप अग्रवाल ने सेवा कार्यों को लेकर कहा कि अग्रोहा विकास समिति सेवा परमो धर्म का अनुसरण करते हुए कार्य करती है।

हमारा मकसद है समाज के जरूरंद लोगो तक मदद पहुंचाना। निर्भय गर्ग ने कहा कि आनेवाले दिनों में कई जनहित के कार्य की रूप रेखा बनाई गई जिसको जल्द ही अमल में लाया जाएगा। समाजसेवा के लिए समिति कटिबद्ध है। अग्रोहा विकास समिति मीरा रोड ने कोविड महामारी के दौरान कइयों की मदद की। आदिवासी इलाकों में जाकर कंबल वितरण करने वाले में समिति के राजकुमार अग्रवाल,महेश गोयल,राजू सौंथालिया,रेखा गर्ग सहित अन्य सदस्यों का समावेश रहा।

## यूपी के कारोबारी ने खरीदी दाऊद की दुकान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** भारत के मोस्ट वांटेड माफिया अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की मुंबई वाली जिस दुकान को खरीदने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा था, वह अब यूपी के कांच कारोबारी हेमंत जैन की हो गई है। हेमंत जैन कभी फिरोजाबाद के इलेक्ट्रानिक्स बाजार का जाना माना नाम थे।

सितम्बर 2001 में उन्हें पता चला कि मुंबई में दाऊद की संपत्ति को खरीदने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। हेमंत जैन दुकान देखने मुंबई पहुंचे तो पता चला कि दाऊद का गुर्गा खराद की मशीन लगाकर काम करता है। इसके बाद भी उन्हें कोई डर नहीं लगा और 20 सितम्बर 2001 को 144 वर्ग फीट की जयराज भाई स्ट्रीट मुंबई में स्थित दुकान के लिए एक लाख रुपए आयकर विभाग में जमा कराकर इस दुकान को खरीद लिया।



## प्रभुराम पुरोहित का मुंबई आगमन पर भव्य स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के वीपी रोड स्थित मुकुंद हॉउस में सांचौर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रभुराम पुरोहित,डभाल का मुंबई आने पर चित्तलवाना पंचायत समिति सदस्य फूलचंद पुरोहित तातडा ने उनका शॉल ओढ़ाकर सत्कार किया। इस अवसर पर घमाराम खिरोड़ी, मोहनलाल पालड़ी,दुदाराम खिरोड़ी, धनाराम,नरेश तातडा, हरीश तातडा, टीकम वाली, मांगीलाल तातडा, राणमल तातडा, चतराराम वाली, डायालाल मेडा,रवि वाली,पुरुषोत्तम मेडा, हेमाराम लूंभावास, भेराराम वाली, श्रवण तातडा, सरेमल इटाडा, गिरधारीलाल डभाल, मफाराम तातडा, प्रकाश रतनपुरा, कृष्ण धुंबड़िया,जैसाराम अणखोल, पारस वाली, भूपाराम अणखोल, प्रभुराम फागोतरा, पारस अणखोल, दिनेश तातडा, डूंगराराम अणखोल, जबराराम खिरोड़ी समेत सैकड़ों राजपुरोहित समाज बंधु मौजूद थे।

## 'विजय स्तंभ सुविधा' ऐप लॉन्च

**पुणे।** पेरणे फाटा पर विजयस्तंभ को अभिवादन करने के लिए एक जनवरी को आने वाले अनुयायियों को सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला परिषद ने 'विजय स्तंभ सुविधा' नामक एक विशेष ऐप तैयार किया है। इस ऐप का उद्घाटन 28 दिसंबर को सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट द्वारा किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष पाटिल ने बताया कि इस ऐप के जरिए अनुयायियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी। हर साल 31 दिसंबर और 1 जनवरी को लाखों अनुयायी पेरणे फाटा स्थित विजयस्तंभ को अभिवादन करने आते हैं। इन दिनों में शासन की ओर से अनुयायियों के लिए बस सेवा, स्वास्थ्य सेवाएं, स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए हिरकणी कक्ष, शौचालय, निवास कक्ष, पेयजल, पुलिस सहायता कक्ष और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ अनुयायियों को आसानी से मिल सके, इसके लिए 'विजयस्तंभ सुविधा' ऐप तैयार किया गया है। यह ऐप अनुयायियों के लिए https://initiatorstechnology.com/Vijay-StambhSuvidha.apk लिंक पर उपलब्ध है।

- अनुयायियों को मिलेगी विशेष सुविधा

## किसानों की आर्थिक प्रगति को हर संभव करेंगे प्रयास : कोकाटे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** कृषि मंत्री एड. माणिकराव कोकाटे ने कहा है कि कृषि विभाग की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कर किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मंत्रालय में कृषि मंत्री के रूप में पदभार संभालते समय यह बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में जहां आवश्यकता होगी, वहां सुधार किए जाएंगे और किसानों के हित को प्राथमिकता दी जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लागू करते समय राज्य में अधिक समन्वय स्थापित किया जाएगा। कृषि विभाग के कार्यों का विस्तृत समीक्षा की जाएगी और प्राथमिकता वाले मुद्दों और नई नीतियों का अध्ययन किया जाएगा।

हिन्दी प्रचार एवं शोध संस्था मुंबई

## 241वीं मासिक गोष्ठी संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**मुंबई।** हिन्दी प्रचार एवं शोध संस्था मुंबई द्वारा आयोजित 241वीं मासिक गोष्ठी का आयोजन न्यू सीव्यू ,न्यु रविराज काम्प्लेक्स जैसल पार्क भायंदर पूर्व में डा. सुधाकर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेन्द्र शर्मा खामोश गुड़गांव ने गीत, गजल एवं मुक्तक पढ़ें। डा.उमेश चन्द्र शुक्ल ने कुछ शेर कहा बरसाती नदी सा उतान होना ठीक नहीं ,कुछ दिनों में ये पानी सूख जाएगा। गजल शहर से गांव चांदी की खनक दिखती है, मुकम्मल इंसान नजर नहीं आता। पढ़ लिख जवां हुए तो वो मजबूर हो गए। अनपढ़ था मेरा गांव मगर मजबूर नहीं था। अरुण मिश्र अनुरागी, मार्कंडेय त्रिपाठी,अवधेश विश्वकर्मा, श्रीनाथ शर्मा, अरुण दुबे, बृजमोहन व्यास, अमरनाथ द्विवेदी एवं मुन्ना पाण्डेय ने काव्य पाठ किया। अरुण दुबे ने सरस्वती वंदना से विधिवत काव्य गोष्ठी का आरंभ किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव डा.उमेश चन्द्र शुक्ल ने किया। संस्था के कोषाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पाण्डेय, प्रभाकर मिश्र ,सभाजीत उपाध्याय, हरहर, मुकेश तिवारी के साथ मीरा-भायंदर के अनेक गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## मुंबादेवी मंदिर में आज महाआरती

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और साधु संतों पर हो रहे हमले व अत्याचार के खिलाफ पूर्व मंत्री राज के.पुरोहित व नगरसेवक आकाश पुरोहित के नेतृत्व में मुंबई की आराध्य देवी मां मुंबादेवी के मंदिर में महाआरती बुधवार एक जनवरी की शाम 6.30 बजे आयोजित की गई है। पुरोहित ने अखबार के माध्यम से सभी सनातन धर्मियों को आव्हान करते हुए कहा कि भारी संख्या में मंदिर परिसर में पधारकर महाआरती का लाभ लें।

## एमआरवीसी के आधिकारिक कैलेंडर का अनावरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** मुंबई रेलवे विकास कॉरपोरेशन (एमआरवीसी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,सुभाष चंद गुप्ता,ने मंगलवार को 2025 के लिए एमआरवीसी कैलेंडर का अनावरण किया। यह कैलेंडर आधिकारिक उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसमें 2024 के दौरान एमआरवीसी की प्रमुख परियोजनाओं की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और स्थापित किए गए विभिन्न मील के पत्थरों की छवियों को प्रदर्शित किया गया है। यह कैलेंडर एमआरवीसी की मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण और विस्तार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के दृश्यों का एक प्रमाण है। यह संगठन की स्थिरता बढ़ाने, अवसंरचना को सुधारने और शहर भर में यात्रियों के अनुभव को और अधिक बेहतर बनाने के प्रयासों को रेखांकित करता है।

अखिल भारतीय भंसाली समाज मुंबई

## नई संचालन समिति का चुनाव संपन्न

**सुरेश भंसाली/ जागरूक टाइम्स**

मुंबई। अखिल भारतीय भंसाली समाज मुंबई शाखा के मंगलवार को 29 को नई संचालन समिति 2024-26 के चुनाव सर्वसम्मति से मुंबई में संपन्न हुए जिसमें निम्न पदाधिकारी चुने गए। अध्यक्ष, रमेश सावंतराज भंसाली (हाड़ेचा), उपाध्यक्ष विकास भीमराज भंसाली (रानीवाड़ा), सचिव विक्रम कुमार सिरेमल भंसाली देवड़ा, महिला संगठन शाखा अध्यक्ष, श्रीमती सीमादेवी कमलेश भंसाली (अजीत), उपाध्यक्ष, श्रीमती अनितादेवी रमेशजी भंसाली (हाड़ेचा), सचिव श्रीमती नीतादेवी रमेश भंसाली (सांचौर) सह सचिव श्रीमती कोमलदेवी महेन्द्र भंसाली (करमावास) युवा संगठन शाखा, अध्यक्ष संजय कुमार जावंतराज भंसाली (बागोड़ा), सचिव महेन्द्र कुमार पारसमल भंसाली (करमावास) विभिन्न पदों पर चुने गए सभी पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल में परिवार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** प्रोफेसर साध्वीश्री मंगल प्रज्ञा के सान्निध्य में, महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल प्रांगन के आचार्य तुलसी सभागृह में समायोजित "परिवार प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए साध्वी श्री मंगलप्रज्ञा ने कहा, जो व्यक्ति समूह में जन्म लेता है और समूह में जीता है, यह सौभाग्यशाली होता है। व्यक्तिगत और सामूहिक दो प्रकार की जिंदगी होती है। समूह का अपना अनुशासन होता है, नियम होते हैं, मर्यादाएं होती हैं। पारिवारिक जीवन में कुछ महत्त्वपूर्ण चिंतनीय सूत्र होते हैं। समूह में रहने वाला हर सदस्य यह चिंतन करे- मेरे व्यवहार से दूसरे को समस्या न हो। सबके चिंतन, विचार अलग- अलग होते हैं, आवश्यक है सद्विचार, सद्चिंतन का आदर करें। आज स्थितियां ऐसी बन रही है परिवार के सदस्य एक साथ रहकर भी अकेले पन की अनुभूति कर रहे हैं। करियर बनाने की होड़ में दौड़ने वाली भावी पीढ़ी को हर अभिभावक संस्कारों का सिंचन दें। परिवार संस्कारों की प्रयोगशाला है। जिंदगी आसान नहीं होती, पर उसे आसान बनाया जा सकता है। वक्त आने पर सॉरी बोलना बड़प्पन है।

साध्वी सुदर्शन प्रभा जी साध्वी अतुल यशा जी एवं साध्वी चैतन्य प्रभाजी ने " परिवार सुहाना उपवन है" गीत का सह- संगान किया। साध्वी सुदर्शन प्रभाजी ने Watch की व्याख्या करते हुए कहा कि W यानी हम अपने words (शब्दों) का सही चयन करें, A अर्थात् कि एक्शन (व्यवहारिक तरीका) ठीक करें,T यानि अपने thoughts (चिंतन) को सकारात्मक बनाएं, C अर्थात Character (चारित्र) को पवित्र बनाएं और H अर्थात अपनी habits (आदतों) को सही रखने का प्रयास करें।

**परिवार संस्कारों की प्रयोगशाला : साध्वीश्री मंगलप्रज्ञा**

साध्वी डा राजुल प्रभा जी ने कहा - साध्वीश्री जी द्वारा हमें मंत्र के रूप में अनेक सूत्र मिले हैं, उन सूत्रों को अपना कर हम जीवन की राहों पर चलेंगे तो सफलता अवश्य मिलेंगी।

इस कार्यक्रम में आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउंडेशन, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ महिला मंडल एवं श्रावक समाज की अच्छी उपस्थिति रही।

## दिलीप जगदाले ने ग्रहण किया कार्यभार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**कल्याण।** महावितरण के कोकण प्रादेशिक विभाग के सहप्रबंध निदेशक पद पर दिलीप जगदाले ने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं और राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रशासनिक कार्य का 33 वर्षों का अनुभव रखते हैं। इससे पहले जगदाले राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के सहनिदेशक पद पर कार्यरत थे। जगदाले सहित राज्य सरकार के 23 अधिकारियों को हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति मिली थी। उन्होंने सातारा में निवासी उपजिलाधिकारी के रूप में और अन्य विभागों में भी जिम्मेदारियां निभाई हैं। उरमोडी और वांग मराठवाड़ी परियोजनाओं का पुनर्वास तथा लोणंद और फलटण के नए रेलवे मार्गों के भूमि अधिग्रहण में उनका विशेष योगदान रहा है। अपर जिलाधिकारी के रूप में नंदुरबार और धुले में तथा बीड में जाति प्रमाणन समिति के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने कार्य किया। नंदुरबार में परियोजना प्रभावितों का पुनर्वास और धुले में कोविड के दौरान उनके द्वारा की गई उल्लेखनीय कार्यवाही सराहनीय रही है।

इस अवसर पर भांडुप परिमंडल के मुख्य अभियंता सुनील काकडे, कल्याण परिमंडल के मुख्य अभियंता चंद्रमणी मिश्रा, महाप्रबंधक अनिल बहाटे, दीपक पाटील, मोहन कालोखे, उप महाप्रबंधक योगेश खैरनार, सहायक महाप्रबंधक हविषा जगताप और सुशिल पावसकर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## कचरे के ढेर में मिला मासूक का शव

मुंबई। मुंबई से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां कचरे के ढेर में एक बच्ची का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मुंबई के चारकोप इलाके में स्थित अष्टविनायक सोसायटी बिल्डिंग के सामने कचरे के ढेर में सात महीने की बच्ची का शव पाया गया। हालांकि, बच्ची को किसने फेंका, इसको लेकर अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## अमोल,राजवती, चिन्नायाटू और सुब्रमनी सम्मानित

**अंबरनाथ नगरपरिषद में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम संपन्न**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अंबरनाथ।** 31 दिसंबर को अंबरनाथ नगरपरिषद के स्थायी समिति सभागार की पहली मंजिल पर अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंबरनाथ नगरपरिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारी, जिनमें सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यालय अधीक्षक अमोल मानकर और आरोग्य विभाग की कर्मचारी राजवती रवीलखन, रानी चिन्नायाटू और कनीअम्मा सुब्रमनी शामिल थे, को सम्मानित किया गया। यह आयोजन नगरपरिषद के प्रशासक डा. प्रशांत रसाल, पूर्व मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर और उपमुख्याधिकारी उमेश राउत की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी अमोल मानकर ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन कर निर्धारक मेघा कदम, जनसंपर्क कर निर्धारक पर्यवेक्षक किमया पवार, जनसंपर्क अधिकारी महेंद्र नेर, सामान्य प्रशासन विभागप्रमुख अर्जुन पाटिल सहित नगरपरिषद के अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकार उपस्थित थे।

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

▶ क्षत्रिय कचेलिया घांची तेली समाज का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** क्षत्रिय कचेलिया घांची तेली समाज के तत्वावधान में जांगर ि केट ग्राउंड केलवा में आयोजित पांच दिवसीय प्रथम टेनिस ि केट प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में आरआरआर राजसमंद विजेता एवं मेवाड़ स्पोर्ट्स मोही को उपविजेता घोषित किया गया। विजेता टीम आरआरआर राजसमंद को समाज के भामाशाहों द्वारा 30 हजार 800 रुपए और उप विजेता टीम मेवाड़ स्पोर्ट्स मोही को 13 हजार 400 रुपए बतौर परितोषिक प्रदान किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, राजसमंद प्रधान अरविंदसिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंत्री महेंद्रसिंह, महेंद्र कोठारी अपेक्स, समाज के अध्यक्ष भोलीराम पालरा, मेवाड़ के युवा अध्यक्ष भोलीराम सिंधल, केलवा ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सुरेचा, मोही ब्लॉक के अध्यक्ष बंशीलाल, युवा टीम के संरक्षक नानालाल सार्दुल, नानालाल सिंधल, केलवा उपसरपंच रामलाल नकुम, नंदलाल सिंधल, हीरालाल देवड़ा, रतन भाटी, चेतन मानपुरा, लालूराम सिंधल, भेरूलाल, जगदीश नकुम, हीरालाल नकुम, दिनेश सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं युवा जन उपस्थित रहे। इन्होंने किया सहयोग विजेता टीम को भोलीराम सिंधल मेवाड़ के युवा अध्यक्ष द्वारा 7100, भोलीराम पालरा समाज के अध्यक्ष द्वारा 5100, आयोजक आरआरआर राजसमंद द्वारा 7100, नारायण सुरेचा केलवा ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा 2100, बंशीलाल मोही ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा 1100, सुखलाल मानपुरा द्वारा 2100, पुष्कर मानपुरा द्वारा 5100, भगवानलाल मानपुरा द्वारा 1100 एवं उपविजेता टीम को भोलीराम सिंधल द्वारा 5100, भोलीराम पालरा द्वारा 2100, नारायण सुरेचा द्वारा 1100, आरआरआर राजसमंद द्वारा 5100 की राशि बतौर पारितौषिक प्रदान की गई ।

## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** उदयपुर बेटल ऑफ द फिटनेश संस्था द्वारा उदयपुर सो फीट सुभागपुरा अशोका ग्रिन होटल में राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें द्वारकेश राष्ट्रीय व्यायामशाला बाड़ी वाला कांकरोली अखाड़े के पहलवानों सहित प्रदेश के कई जिलों के प्रतियोगिता ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भावेश अग्रवाल ने सब जूनीयर 77 भार वर्ग डेड लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, सावन कुमावत सब जूनीयर 55 किलो भार वर्ग बेंच प्रेस में रजक पदक एवं माधवसिंह ठाकुर ने जूनीयर 77 किलो भार वर्ग बेंच प्रेस में रजक पदक प्राप्त किया। कई जिलों के प्रतियोगियों से अच्छा मुकाबला कर राजसमंद का नाम तथा व्यायामशाला का नाम गोरवान्वित किया। अखाड़े के कैलाश सांचिहर के अनुसार उनके अखाड़े के पहलवानों ने कई बड़ी प्रतियोगिता में भाग लेकर उपलब्धि हासिल की है। केवल 22 माह के अंदर ही 57 पदक जीते है।

## दान पेटी खुलने से पहले ही चोरों ने किया हाथ साफ

▶ करीब 20 लाख नकद, भेंट और आभूषण हुए चोरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिले के आमेट क्षेत्र के प्रसिद्ध ढेलाना भेरुनाथ मंदिर में करीब 6 महीने बाद दान पेटी खोली जानी थी, लेकिन उससे पहले ही चोरों ने बीती रात दान पेटी पर हाथ साफ कर दिया। फिल्मी स्टाइल में हुई चोरी की इस घटना से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। पुलिस के मुताबिक चोर मंदिर से करीब 20 लाख रुपए नकद, भेंट किए कीमती सामान और आभूषण चुराकर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने फिल्मी स्टाइल में सभी सीसीटीवी कैमरों के लेंस को विपरीत दिशा में घुमा दिया। मंदिर में चोरी की सूचना पर तहसीलदार देवीलाल गर्ग, डीएसपी ज्ञानेंद्रसिंह, मन्दिर अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, भैरुलाल कुमावत कई गणमान्य लोग मंदिर पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली। ज्ञातव्य है कि इससे पहले भी मंदिर में दो बार चोरी की घटना हो चुकी है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आपराधिक वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

## लायन्स क्लब द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में कुनणीदेवी गहलोत की स्मृति में उनके पुत्र लॉयन बंकटसिंह गहलोत के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से गांव बुड़सु के माहेश्वरी भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेन्स प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ लॉयन बंकटसिंह गहलोत, बुड़सू सरपंच महावीर कुकणा, क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, लॉयन देवीसिंह सिसोदिया, प्रताप सिंह, धनपत जेतमाल, नरपत जेतमाल, विष्णु मोयल, मुकेश पारीक ने दीप प्रज्वलित कर किया। लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने सभी अथितियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा दृष्टि दोष से पीड़ितों को नेत्र ज्योति प्रदान करवाने के लिए गहलोत परिवार ने यह दूसरा शिविर आयोजित कर निश्चित रूप से पीड़ित मानव की सेवा की एक मिसाल कायम की है। महावीर कुकणा ने कहा समय समय पर ऐसे पुनीत कार्य होने से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता हैं। लॉयन बंकट सिंह गहलोत ने कहा इस प्रकार के सेवा कार्यों में सहयोग करने का सौभाग्य ईश्वर की कृपा से मिलता है। धनपत जेतमाल ने बताया शंकरा अस्पताल की चिकित्सक टीम ने 104 रोगियों को जांच कर 35 को ऑपरेशन के लिये चयन किया। चयनित रोगियों को शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर भेजा गया जिनके बुधवार को ऑपरेशन किये जाएंगे। वहीं रोगियों के भोजन, आवास एवं दवाइयां की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। बिलुसिंह, गजेंद्रसिंह, महेंद्रसिंह, पवन सेन, अरविन्द कोठारी, अमरसिंह गहलोत, शेखर जायसवाल आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

ज्याणी परिवार लिखमादेसर द्वारा कमरा निर्माण की घोषणा

## शिक्षा के क्षेत्र में हाइटेक सुविधाओं के विस्तार एवं शिक्षा व्यवस्था पर मंथन हुआ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास विकास समिति श्रीडूंगरगढ़ की बैठक एडवोकेट श्याम सुन्दर आर्य की अध्यक्षता में छात्रावास में आयोजित की गई। बैठक में मंत्री सुशील सेरडिया ने आय-व्यय एवं छात्रावास में चल रहे विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसकी समीक्षा की गई। आय-व्यय का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। समाज के आमजन की संस्था में भागीदारी हेतु ग्रामवार शिक्षा समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज एवं छात्रावास की शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक में श्री हजारीराम ज्याणी पुत्र स्व.जीवणराम जी ज्याणी लिखमादेसर द्वारा बालिका छात्रावास में कमरा निर्माण की घोषणा की गई एवं हरिराम खिलेरी पुत्र उदाराम खिलेरी लखासर द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। छात्रावास के विकास में सदेव सक्रिय रहने वाले मैनेजमेंट कमेठी के अध्यक्ष एडवोकेट श्याम सुंदर आर्य एवं बैठक में उपस्थित सदस्यों ने शिक्षा के क्षेत्र में कर्मशील दानदाता परिवारो का आभार प्रकट किया। बैठक में नेताराम गोदारा, लक्षणराम खिलेरी, मोडाराम महिया, गणेश पोटलिया, कोडाराम भादू, कानाराम तरड़, रामचंद्र गोदारा, पटवारी हरिराम सारण, भंवरलाल खिलेरी, रामेश्वर लाल डोटासरा, सुरजाराम खिलेरी, रामेश्वर सारण, हजारीमल बाना, मास्टर हंसराज गोदारा, पेमाराम चोटिया, ख्यालीराम सहू, सुगनाराम जाखड़, हेतराम राहड़, विक्रम महिया, मामराज आंवला, रामप्रताप जाखड़, रामनिवास भुवाल, श्यामसिंह सारण, हरिराम पुनियाँ आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जागरूकता रैली का आयोजन आज

**झुंझुनूं।** जिले में 1 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत 1 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे जिला परिवहन कार्यालय से ऑटो रिक्शा रैली निकाली जाएगी। रैली को झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू तथा जिला कलक्टर रामावतार मीणा हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली जिला परिवहन कार्यालय से प्रारम्भ होकर हवाई पटटी-पीरूसिंह सर्किल मण्डावा मोड़, चूरू बाईपास-पीपली चौक-मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास से होते हुये मण्ड्रेला रोड बालाजी मन्दिर-मण्ड्रेला रोड़ बाईपास से अग्रसेन सर्किल- पंचदेव मन्दिर-गुढ़ा मोड़-पीरूसिंह सर्किल रेलवे स्टेशन- हवाई पट्टी पुलिस लाईन होते हुए जिला परिवहन कार्यालय तक आएगी।

## अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी

**झुंझुनूं।** कलक्टर रामावतार मीणा ने मंगलवार को जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग झुंझुनूं के अधीक्षण अभियंता सुभाष चन्द्र नेहरा को जिले में खुले बोरवेल/ट्यूबवेल के संबंध में भ्रमित सूचना देने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलक्टर ने बताया कि नेहरा को समय-समय पर बैठकों के दौरान खुले बोरवेल/ट्यूबवेल को चिन्हित कर बंद करवाये जाने के निर्देश दिए गए थे, जिस पर अधीक्षण अभियंता नेहरा ने जिले में कोई बोरवेल खुला नहीं होना बताया था। कलक्टर ने 3 दिवस में सुभाष चन्द्र नेहरा को अपना स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।

## खुले बोरवेल/ट्यूबवेल से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिले में विशेष अभियान शुरू

**झुंझुनूं।** खुले बोरवेल और ट्यूबवेल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। जिला कलक्टर रामावतार मीणा के निर्देशन में खंड, नगर और ग्राम स्तर पर सुरक्षा समितियां गठित की गई हैं जो खुले पड़े बोरवेल व कुआं को बंद करने की व्यवस्था करेंगे। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार खंड विकास अधिकारियों, नगरीय निकायों के आयुक्तों और ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों की अगुवाई में समितियां बनाई गई हैं। ग्राम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, और कृषि पर्यवेक्षक को शामिल किया गया है, वहीं नगर स्तर पर राजस्व अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता और राजस्व निरीक्षक जिम्मेदारी निभाएंगे।

**ग्राम व नगर स्तरीय सुरक्षा समितियां के मुख्य कार्य :** - ग्राम और नगर स्तरीय समितियां अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर असुरक्षित बोरवेल और ट्यूबवेल का चिन्हीकरण करेंगी। -संबंधित मालिकों से संपर्क कर बोरवेल को मिट्टी, बजरी, या कंकड़ से बंद कराया जाएगा, या तारबंदी की जाएगी। मालिक की अनुपस्थिति में यह कार्य सरकारी स्तर पर किया जाएगा। - लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। -ग्राम और नगर सुरक्षा समितियां क्षेत्रा का भौतिक निरीक्षण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि कोई भी बोरवेल खुला न रहे। समय-समय पर स्कूल और पंचायत बैठकों में जागरूकता फैलाने का कार्य भी इन समितियों की प्राथमिकता होगी।

**हर महीने देना होगा सुरक्षा प्रमाण पत्र :** प्रत्येक माह की 10 तारीख तक सभी समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में असुरक्षित बोरवेल को बंद करने का प्रमाण पत्र संबंधित उपखंड अधिकारी को सौंपेंगे तत्पश्चात उपखंड अधिकारी द्वारा अपने उपखंड में कोई बोरवेल /ट्यूबवेल असुरक्षित नहीं होने का प्रमाण पत्र जिला कलेक्टर को भेजेंगे ।

**आमजन की जिम्मेदारी :** जिला प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अपने खेतों में बने सुरक्षित बोरवेल को बंद करें व आसपास के क्षेत्रों में असुरक्षित बोरवेल या ट्यूबवेल की जानकारी तुरंत स्थानीय सुरक्षा समिति या प्रशासन को दें। इस पहल के तहत, आमजन की सक्रिय भागीदारी से खतरनाक बोरवेल/ट्यूबवेल को सुरक्षित किया जा सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि असुरक्षित बोरवेल/ट्यूबवेल की सूचना देने से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

## अभियान से जन-जन में पेयजल संरक्षण के प्रति आएगी जागरूकता : बोहरा

**बाड़मेर।** बाड़मेर शहर में पेयजल के खुले नलों से व्यर्थ बहने वाले पानी की रोकथाम को लेकर 1 जनवरी बुधवार नूतन वर्ष से जन कल्याण संस्थान बाड़मेर की ओर से अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व जल चेतना अभियान का आगाज शहर के वार्ड संख्या 9 जूना केराडू मार्ग से किया जाएगा। जिसको लेकर बुधवार को प्रातः 9 बजे जल चेतना अभियान के पोस्टर विमोचन के बाद वार्ड संख्या 9 में पेयजल के खुले नलों पर वॉल लगाए जाएंगें। अभियान के संयोजक हरीश बोथरा ने बताया कि जल चेतना अभियान के माध्यम से प्रारम्भिक तौर पर वार्ड संख्या 09 एवं 10 में खुले पेयजल नलों पर वॉल लगाए जाएंगें। ताकि पेयजल के नलों से सड़कों पर व्यर्थ बहने वाले जल को रोका जा सकें तथा दूरी व चढ़ाई वाले स्थानों पर पर्याप्त जल सप्लाई मिल सके। अभियान में डोर-टू-डोर सम्पर्क कर खुले नलों पर वॉल लगाने का कार्य किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि जल चेतना अभियान के माध्यम से आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अएगी वहीं पेयजल के खुले नलों पर वॉल लगने का भी महत्वपूर्ण कार्य हो सकेगा। साथ ही पेयजल किल्लत से भी निजात मिलने की गुंजाईश बनेगी। अमन ने कहा कि नूतन वर्ष की पहली सुबह से थार नगरी बाड़मेर में जल को संरक्षित करने को लेकर नई क्रान्ति की शुरूआत होगी, जो जन-जन को पानी है अनमोल के प्रति सजग करेगी।

## केयुप कलेण्डर 2025 व स्मरण वाटिका पुस्तक का हुआ विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** स्थानीय जिनकांतिसागरसूरी आराधना भवन प्रांगण में अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद केयुप शाखा बाडमेर द्वारा 2025 के केयुप कलेण्डर व स्मरण वाटिका पुस्तक का विमोचन किया गया।

अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद केयुप सचिव केवलचन्द छाजेड ने बताया कि खरतर गच्छाधिपति आचार्य प्रवर जिनमणिप्रभसूरीश्वर की प्रेरणा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् केयुप केन्द्रीय समिति द्वारा प्रकाशित 2025 के कलेण्डर व स्मरण वाटिका पुस्तक का विमोचन सोमवार को आराधना भवन में साध्वी कल्पलता आदि ठाणा 08 की पावन निश्रा व सुश्रावक डॉ. रणजीतमल जैन, जैन संघ अध्यक्ष एडवोकेट अमृतलाल जैन, नाकोड़ा तीर्थ उपाध्यक्ष लूणकरण बोथरा, जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष अशोक धारीवाल, कुशल वाटिका उपाध्यक्ष रतनलाल संखलेचा, मंत्री सम्पतराज बोथरा दिल्ली, कोषाध्यक्ष बाबूलाल टी बोथरा, जेठमल सिंघवी, केएमपी की नीलम जैन् सहित कई अतिथियों द्वारा किया गया। इस विमोचन के कार्य' म को सम्बोधित करते हुए साध्वी कल्पलता श्रीजी ने केयुप कार्यकर्ताओं से कहा कि आप बाड़मेर मे रहते हुए शाखा की ओर से साधु-साध्वी वैयावच्च, विहार सेवा, मानव सेवा, जैन समाज के अन्य कार्यक्रमो में अपना योगदान कर रहे है और आप वर्तमान में बाड़मेर शहर में केयुप भवन का निर्माण, बच्चों के संस्कार के लिए ज्ञान वाटिकाओं का संचालन सहित कई योजनाएं चला रहे है जो अनुमोदनीय कार्य है। इन योजनाओं को अनवरत चालू रखें ऐसी हमारी भावना है। केयुप द्वारा प्रकाशित कलेण्डर पूरे भारतभर के जैन संघों में हर वर्ष वितरण किया जाता है। केयुप कलेण्डर विमोचन में केन्द्रीय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।


**कार्यालय पंचायत समिति भीम जिला राजसमन्द**

कमांक :- पंसभी / लेखा/निविदा/2024-25/402 दिनांक :- 30.12.24

निविदा सूचना वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय तथा इसमें संचालित विभिन्न योजनाओ तथा महानरेगा में वर्ष 2024-25 में निम्नांकित कार्य कराये जाने एवं सामग्री कय हेतु वार्षिक दर संविदा हेतु मुहरबन्द निविदाए आंमत्रित की जाती है।

| क्र.स. | सामग्री | अनुमानित लागत (रू.लाखों में ) | अर्नेस्ट मनी राशि (रू) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू) | निविदा प्रारंभिक प्रपत्र बेचने की तिथि 2 बजे से | निविदा जमा की अन्तिम तिथि समय प्रात : 12 बजे तक | निविदा खोलने की तिथि समय दोपहर 1 बजे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | वॉल पेन्टिग कार्य हेतु | 15.00 | 30000 | 200 | 31.12.2024 | 09.01.2025 | 09.01.2025 |

निविदा में वो ही फर्म भाग ले सकती है जो बिकी कर में पंजीयन हो निविदा प्रपत्र उन्ही फर्मा को विकय किए जाएगें जो लिखित आवेदन के साथ जीएसटी व पेन न. की छाया प्रतिलिपी संलग्न कर प्रस्तुत करे।
1.अर्नेस्ट / अमानत राशि नकद / डिमाण्ड / बैकर्स चैक जो कि विकास अधिकारी पंचायत समिति भीम के पक्ष में एसबीआई भीम शाखा पर देय हो के माध्यम से
2.ही स्वीकार की जाएगी।
3.किसी भी निविदा का बिना कारण बताए स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार कय समिति में निहित रहेगा ।
4.उक्त सभी कार्यो की निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में देखी जा सकती है।
5.निविदा दिवस को अवकाश घोषित किए जाने पर उक्त कार्य दिवस की कार्यवाही आगामी कार्य दिवन को सम्पन्न की जावेगी ।
6. उक्त निविदा का प्रकाशन SPP PORTAL पर किया गया है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीम


## न्यूज ब्रीफ

### 4 जनवरी को भारतीय जीवन बीमा निगम में होगा कार्यशाला का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला रोजगार कार्यालय एवं भारतीय जीवन बीमा निगम अलवर द्वारा अभिनव पहल करते हुए मुख्यमंत्री युवा संबल योजना 2021 के इन्टर्न को बीमा व्यवसाय में कैरियर पथ निर्माण हेतु 4 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे मोती डूंगरी स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यशाला आयोजित होगी। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक श्याम लाल साटोलिया ने बताया कि कार्यशाला में अलवर शहर में निवास करने वाली समस्त महिला इन्टर्न को बीमा सखी और स्वरोजगार की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी तथा माह दिसम्बर 2024 की उपस्थिति प्रमाण पत्र मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि माह दिसम्बर 2024 की इंटर्नशिप जॉइनिंग रिपोर्ट तुरन्त अपलोड करावे जिनका तकनीकी प्रमाण पत्रा बैक किया हुआ है वो सभी वैध/मान्यता शुदा प्रमाण पत्र अपनी एसएसओ आईडी से अपलोड करावे। ऐसा नहीं करने पर भत्ता बंद करने की कार्यवाही की जावेगी।

### वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्र हेतु 3 ट्यूबवेल हुए स्वीकृत

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर शहर में पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र विकास पथ,दिल्ली दरवाजा, सैनी धर्मशाला के पास विवेकानंद नगर के आमजन की पेयजल समस्या की निराकरण हेतु जन् स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर विकास पथ, दिल्ली दरवाजा, सैनी धर्मशाला के पास विवेकानंद नगर आदि स्थानों पर थ्री फेज ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त ट्यूबवेलों की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही जलदाय विभाग अलवर द्वारा उक्त स्वीकृत स्थलों पर ट्यूबवेल लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी जावेगी, उक्त समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु ट्यूबवेल स्वीकृत करने पर वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

### 'आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ अध्ययन करने से कोई भी सफलता हासिल की जा सकती हैं'



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** पिछले सप्ताह घोषित हुए चार्टेटेड अकाउंटेंट के परीक्षा परिणामों में सफलता प्राप्त कर सीए बने ध्रुव चाचाण का मित्रुका मेडिकॉज पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ध्रुव को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अपने चयन पर ध्रुव चाचाण ने बताया कि उन्होंने बिना किसी प्रतिष्ठित इंस्टिट्यूट द्वारा कोचिंग लिए सिर्फ़ सीए प्रतीक मित्रुका के निर्देशन में त्यारी करते हुए सफलता प्राप्त की है ।ध्रुव ने बताया कि सीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए उचित मार्गदर्शन और एकाग्रता के साथ अध्यन की आवश्यकता होती है। इन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ अध्ययन करने से कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। ध्रुव चाचाण के अभिनंदन कार्यक्रम में हरि मित्रुका, सुशील आचार्य, जेपी चाचाण हेमंत चाचाण, मुकेश पारीक, बाल कृष्ण व्यास, सुरेश तिवाड़ी, रोहतास सैनी, अश्विन व्यास, नरेंद्र तिवाड़ी रमेश तिवाड़ी, जगत पाल शर्मा किशन सैनी, माल चंद व्यास, कन्हैया कन्दोई संतोष कंकर आदि उपस्थित रहे।


राजस्थान सरकार
कार्यालय, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, सिरोही ( राज. )
क्रमांक:-मबावि/2024/1357 दिनांक:-27.12.2024
ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

Bid for Procurement Toys (Made in India) for ICDS for F.Y. 2024-25 are invited from interested bidders from 27-12-2024 to 15-01-2025 12:00 PM. and to be opened 15-01-2024 02:00 PM. Others particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and ICDS Department website. The approximate value of the procurement is Rs. 22.00 Lac.
For this bid NIB Code-ICD2425A0199
UBN- ICD2425GLOB00175
Kindly read bid opening date as 27-12-2024 in the place of 26-12-2024 and bid closing date as 15-01-2025 in the place of 13-01-2025, which are mentioned in bid document uploaded on eproc and sppp portal.

( सुबोध जोशी )
उप निदेशक ( अति. प्रभार )
महिला एवं बाल विकास विभाग, सिरोही
DIPR/C/13774/2024



**कार्यालय ग्राम पंचायत मोरखा**
पंचायत समिति देसूरी जिला पाली राज,
आपत्ति आमंत्रण सूचना

स्वामित्व योजना अंतर्गत ड्रोन इमेज व सर्वे का आपत्ति आमंत्रण(स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन की समयावधि में प्रॉपर्टी कार्ड ग्राम पंचायत मोरखा के राजस्व ग्राम जूणां के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजना आबादी भूमि के सीमांकन सर्वे के बाद भारतीय सर्वेक्षण विभाग से ड्रोन इमेज 2.0 प्राप्त हुआ है।प्राप्त ड्रोन इमेज का प्रकाशन सार्वजनिक स्थान पर किया गया है,एव सभी परिवारों के विवरण भूमि नक्शा सहित अवलोकनार्थ ग्राम पंचायत मोरखा कार्यालय में उपलब्ध है।आबादी भूमि ड्रोन इमेज 2.0 व सर्वे कमेटी द्वारा किए गए सर्वे में यदि किसी को आपत्ति/संशोधन है तो आपत्ति नोटिस जारी से सात दिवस में अपनी आपत्ति (मय साक्ष्य दस्तावेज)कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे।निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति दर्ज नही होने की स्थिति में योजना के दिशा निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी आज दिनांक 30,12,2024 को पंचायत की मोहर व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

यशवंत कंवर
सरपंच
ग्राम पंचायत मोरखा
पंचायत समिति देसूरी पाली

प्रवीण सोनल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मोरखा
पंचायत समिति देसूरी पाली



**कार्यालय नगरपालिका पिण्डवाडा, जिला-सिरोही (राज.)**
क्रमांक/न.पा.पि./ चुनाव / वार्ड गठन /2024/ 8153-8156 दिनांक: 30.12.2024
-: आपत्ति आमन्त्रण सूचना :-

स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 8 (ग)() नियम / डीएलबी / 2024/5066 दिनांक 22.11.2024 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायो में वार्डो का पुनः निर्धारण किया गया है जिसके अनुसार नगर पालिका क्षेत्र पिण्डवाडा में वार्ड की संख्या 25 का निर्धारण किया गया है, उक्त अधिसूचना की पालना में नगर पालिका पिण्डवाडा द्वारा 25 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं जिनके सीमाकंन का वार्ड वार विवरण नगर पालिका पिण्डवाडा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया हैं। अतः नवगठित वार्डो के पुनर्गठन / पुनसीमाकंन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 31 दिसम्बर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक के मध्य अपनी आपत्ति लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

(महेन्द्र कुमार राजपुरोहित)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पिण्डवाडा

## सुविचार

इंसान की नीयत अगर साफ़ नहीं तो कितना भी बड़ा बनने की कोशिश करे छोटा ही रहेगा।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### स्वागत 2025

आज वर्ष 2025 का पहला सूर्योदय है। पिछली रात हमने एक और वर्ष की कुछ खट्टी-कुछ मीठी यादों को अपने दिल में बसाकर 2024 को अलविदा कह दिया। ये बात सच है कि साल बदलना महज एक प्रक्रिया है, परन्तु यह भी लोगों के लिए एक जश्न का मौका होता है। इस दिन को लोग कुछ अलग तरीके से मनाना चाहते हैं। कुछ लोग रात भर पार्टी-शार्टी करने के बाद अन्य दिनों की तुलना में देर से उठेंगे, या कहें कि जब सूर्योदय होने को होगा तब सोएंगे। जबकि कुछ लोग इस सुबह की शुरुआत पूजा-पाठ और अपने ईष्ट देव की आराधना से करना चाहेंगे। कुछ लोग नए साल का स्वागत घूमने-फिरने और तफरीह से करना पसंद करते हैं। 31 दिसंबर 2024 एवं 1 जनवरी 2025 की दरम्यानी रात को 12 बजे से ही सोशल मीडिया पर नए साल की शुभकामनाओं का दौर शुरू हो जाता है जो नव वर्ष के प्रथम दिन और लगभग सप्ताह भर चलता रहता है। दुनियाभर में नए साल का स्वागत धूमधाम एवं आतिशबाजी के साथ किया जाता है। हालांकि भारत संभवतः दुनिया में ऐसा इकलौता देश है जहां वर्ष में कई दफा नया साल मनाया जाता है। लेकिन 1 जनवरी को यहां सभी धर्म-समुदाय के लोग नव वर्ष मनाते हैं। नव वर्ष पर जहां खाना-पीना, शोर-शराबा और नाच-गाना होता है, वहीं लोग नए साल पर नव वर्ष के लिए कोई संकल्प लेते हैं और उसे पूरा करने की कोशिश करते हैं। कितने ही उसमें कामयाब हो जाते हैं, जबकि बहुतेरे उसे हफ्ता-दस दिन में ही भूल जाते हैं। भारत एक ऐसा देश है जहां किसी भी दिन को लोग अपने-अपने हिसाब से मना लेते हैं। नव वर्ष पर जहां रात भर पब एवं क्लबों में शराब एवं शबाव दोनों का धमाल मचता है, तो दूसरी ओर आध्यात्म से जुड़े लोग नव वर्ष से पहले ही धर्म स्थलों पर पहुंच जाते हैं। अब लगातार बढ़ती इस नव वर्ष की परंपरा ने बाजारवाद को भी बढ़ावा दिया है। होटल, क्लब, पब सभी महीनों पहले से ही लोगों को कुछ नया अनुभव देने की तैयारी में लग जाते हैं। इनके विज्ञापन भी किए जाते हैं। बाजारों में भी नए-नए उत्पाद भी दिखाई देने लगते हैं। वहीं नव वर्ष पर आस्थावान लोगों के चलते अब प्रसिद्ध धर्म स्थलों पर प्रतिवर्ष भीड़ बढ़ने लगी है। इस वर्ष अयोध्या, खाटू श्यामजी के मंदिर, सालासर हनुमान, मथुरा-वृंदावन, द्वारिकाधीश, जगन्नाथ पुरी जैसे धर्म स्थलों पर अब भक्तों की भीड़ के प्रबंधन के इंतजाम महीनों पहले से ही शुरू कर दिए जाते हैं। देशभर में भीड़भाड़ को देखते हुए सुरक्षा इंतजाम भी चाकचौबंद रखे जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि नव वर्ष के स्वागत में सारा देश लग जाता है, बस तरीके अपने-अपने होते हैं। नव वर्ष की शुभकामनाएं।

साल 2024 के जाते जाते

# इसरो का एक कीर्तिमानी करतब



संजय श्रीवास्तव

इसरो ने साल के जाते जाते एक इतिहास रच दिया। स्पेडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ ही देश ने अंतरिक्ष में अंतरग्रही अभियानों, गगनयान और मानव सहित चांद पर पहुंचने, वहां से नमूने लाने के कीर्तिमानी कोशिशों की तरफ एक बेहद मजबूत कदम बढ़ा दिया है। उसकी इस छलांग ने देश का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर पहुंच दिया है।

इसरो ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में पहले भी अनेक कीर्तिमानी कार्य किए हैं पर इस साल का उसका यह आखिरी अभियान "स्पेडेक्स मिशन" का सफलतापूर्वक लांच निःसंदेह ऐतिहासिक है। स्पेडेक्स अर्थात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट। डाकिंग यानी पृथ्वी की निचली कक्षा में एक अंतरिक्ष यान के दूसरे से जुड़ने की क्षमता, जो भविष्य में मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों और उपग्रह अभियानों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण तकनीक होगी। सही बात तो यह है कि इसके बिना मंगलयान, गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के बनने, उसे कार्यरत होने अथवा चांद या अन्य ग्रहों से नमूने लाने की हमारी अंतरिक्षीय महत्वाकांक्षा अधूरी थी। इस एक अभियान की सफलता से कई मनोरथ एक साथ सध सकेंगे। आगामी 7 जनवरी 2025 को इस मिशन के अंतर्गत जब अंतरिक्ष में बुलेट की रफ़्तार से चक्कर लगा रहे दो स्पेसक्राफ्ट्स को आपस में जोड़ा जाएगा। अगर मिशन सफल रहा तो हम रूस, अमेरिका और चीन के ऐसा करने वाले दुनिया के महज चौथे देश होंगे। यह ठीक है कि अमेरिका ने यह कारनामा 58 साल पहले, रूस ने 57 और चीन ने 13 बरस पहले कर लिया पर भारत की यह सफलता उनसे कई मायनों में अनूठी है।

- इमेज



तमाम अनुबंधों और समझौतों के बावजूद जब किसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने भारत से यह अत्यंत जटिल प्रणाली और तकनीक प्रक्रिया को साझा नहीं किया तो हमने अपनी स्वदेशी डॉकिंग मैकेनिज्म को विकसित कर इसे श्भारतीय डॉकिंग सिस्टम नाम दिया और इस डॉकिंग सिस्टम पर अपना पेटेंट लिया। स्पैडेक्स के डिजाइन और निर्माण में यूआर राव सैटेलाइट सेंटर का प्रमुख हाथ है, जबकि दूसरे इसरो केंद्रों वीएसएससी, एलपीएससी, एसएसी, आईआईएसयू और एलईओएस का सहयोग था पर बड़ी बात यह कि उपग्रहों का पूर्ण एकीकरण और परीक्षण बैंगलोर स्थित मेसर्स अनंत टेक्नोलॉजीज में किया गया, जिसे हाल ही में देश के अंतरिक्ष नियामक, द्वारा 'बेनिफीशरी ऑफ ऑपर्चुनिटी" की घोषणा का लाभार्थी नामित किया गया था, आज यह कंपनी भू-स्थिर कक्षा संचार उपग्रह की सेवाएं प्रदान करने वाली पहली निजी भारतीय उपग्रह ऑपरेटर कंपनी है। यह उल्लेख इसलिए कि सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी ऑपरेटरों के लिए खोलने का बड़ा लाभ हासिल होता नजर आ रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण मौकों पर इस योगदान को रेखांकित करना आवश्यक है। स्पेडेक्स मिशन के तहत एक ही रॉकेट पीएसएलवी-सी60 के जरिए धरती की 475 किमी ऊपर उसकी वृत्ताकार कक्षा में 55 डिग्री झुकाव पर प्रक्षेपित किए जाने वाले 220 -220 किलो के एसडीएक्स ए और एसडीएक्स बी नामक दो पेलोड को अंतरिक्ष में अलग-अलग जगहों पर छोड़ा गया, जिसका स्थानीय समय चक्र लगभग 66 दिन का और कार्यावधि दो साल होगी। पहले में निगरानी और इमेजिंग के लिए हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरा, दूसरे में संसाधनों की निगरानी और अंतरिक्ष विकिरण अध्ययन के लिए मिनिएचर मल्टी-स्पेक्ट्रल पेलोड के अलावा जैविक अनुसंधान हेतु कुछ उपकरण हैं। इनमें एक चेसर सैटेलाइट होगा, जो दूसरे टारगेट उपग्रह को पकड़ेगा, उससे डॉकिंग करेगा। पृथ्वी के ऊपर 475 किलोमीटर के परिपत्ति पथ में इन्हें एक दूसरे से 30 किलोमीटर दूर स्थापित कर फिर इनके वेग को नियंत्रित करके इन्हें तीन मीटर से अधिक करीब लाकर एक दूसरे से जोड़े जाने की प्रक्रिया यानी डॉकिंग की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान किसी अंतरिक्ष यान की गति करीब 28,800 किलोमीटर प्रति घंटे होती है जो किसी यात्री विमान की रफ्तार से 35 गुना और बुलेट की स्पीड से 10 गुना अधिक है। इसलिए अंतरिक्ष में सटीक डॉकिंग प्रक्रिया सबसे कठिन होती है। फिर ये दोनों पेलोड तो अपेक्षाकृत बहुत हल्के और छोटे भी हैं। डॉकिंग के बाद दोनों के बीच विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी और फिर उन्हें एक दूसरे से अलग या अनडॉक किया जायेगा। यह जटिल प्रक्रिया प्रक्षेपण के लगभग 9 दिन बाद होगी। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दोनों उपग्रह दो साल तक अंतरिक्ष में माइक्रोग्रैविटी तथा कुछ जैविक प्रयोग करते हुए वही रहेंगे तथा लगातार आंकड़े और चित्र भेजते रहेंगे। स्पेडेक्स की लांचिंग में दो मिनट की देरी इसलिए हुई क्योंकि समान कक्षा में उसी पथ पर कुछ दूसरे उपग्रह भी मौजूद थे। अंतरिक्ष में उपग्रहों की भीड़ है। अकेले स्टरलिंक के 7 हजार उपग्रह चक्कर काट रहे हैं, जो बढ़कर 12 हजार पहुंचने वाले हैं। बाकी हजारों दूसरे भी हैं। बहुतेरे निष्क्रिय हो मलबे के तौरपर हैं। इस अंतरिक्षीय कचरे से निबटना एक समस्या है। संभव है कि सैटेलाइट रोबोटिक आर्म के जरिए किसी दूसरे टारगेट क्यूबसेट को पकड़कर अपनी ओर खींचने का तजुर्बा भी करे, इससे न सिर्फ कक्षा में भटके उपग्रहों को सही जगह लाया जा सकता है बल्कि निष्क्रिय उपग्रहों के मलबे की समस्या से भी निबटा जा सकता है। इससे कक्षा में ही किसी उपग्रह की गड़बड़ी सुधारने और रीफ्यूलिंग का तरीका मिलेगा। यह मिशन अंतरग्रही अभियानों, उन्नत अंतरिक्ष खोजों, भविष्य के चंद्रमा मिशन, ग्रहों के बीच प्रवास और 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' के निर्माण के लिए पथ प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर पहुंचाने का है साथ ही 2027 तक चंद्रयान-4 मिशन से चंद्र नमूने लाने का भी है। इन सबके लिए यह मिशन अनिवार्य था। हम जिस श्भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की योजना बना चुके हैं उसमें पांच मॉड्यूल होंगे, जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ ले जोड़ना होगा।

## पंचांग

1 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | पौष |
| पक्ष | - | शुक्ल |
| तिथि | - | द्वितीया 26.25 तक |
| वार | - | बुधवार |
| नक्षत्र | - | उत्तराषाढ़ा 23.47 तक |
| योग | - | व्याघात 17.07 तक |
| करण | - | बालव 14.57 तक |
| सूर्योदय | - | 07.13 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.10 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.02 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | मकर |
| अभिजित् मुहूर्त | - | नहीं |
| राहु काल | - | 12.41 से 14.04 |
| व्रत, त्यौहार | - | चंद्रदर्शन, ईस्वी सन् 2025 प्रारंभ, दग्धयोग 26.25 से सूर्योदय |
| दिशा शूल | - | उत्तर |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### विदुर नीति : इंसान को मृत्यु की तरफ ले जाती कई आदतें

विदुर धृतराष्ट्र और पांडु के भाई थे लेकिन दासी पुत्र होने की वजह से उन्हें वैसा सम्मान नहीं मिला जो कि हस्तिनापुर में उन्हें मिलना चाहिए था। हालांकि, विदुर की बुद्धिमत्ता और सूझ-बूझ पांडु, धृतराष्ट्र से कई ज्यादा आगे थी। इसलिए उन्हें हस्तिनापुर के प्रधान मंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया था। क्योंकि उनकी नीतियां राज्य को चलाने के लिए बहुत ही कारगार थी।

विदूर की नीतियां ना केवल राज्य के लिए बल्कि आज के समय में भी मानव जीवन के लिए भी बहुत जरुरी मानी जाती है। विदुर ने ही विदुर नीति की रचना की, जिसमें कई ऐसी नीतियों के बारे में बताया गया है जो कि व्यक्ति को गलत रास्ते पर जाने से रोकती हैं। इसके साथ ही आपको बता दें कि विदुर नीति में जीवन, मृत्यु से जुड़े भी कई सूत्र बताए गए हैं। विदुर नीति के अनुसार कुछ बातों के बारे में जो कि मृत्यु के करीब ले जाती हैं।

**जरूरत से ज्यादा बोलना**

जो व्यक्ति जरुरत से ज्यादा बोलता है विदुर नीति के अनुसार, ऐसे व्यक्ति खुद ही मुश्किलों को न्योता दे देते हैं। क्योंकि ज्यादा बोलने वाले व्यक्ति के मुंह से कई बार ऐसे शब्द निकल जाते हैं जो कि दूसरों के मन में घाव की तरह वार कर देते हैं, जिसके कारण उनके द्वारा निकली गई आह आपके लिए अच्छी नहीं होती।

**क्रोध करना**

अगर कोई व्यक्ति ज्यादा गुस्से वाला होता है तो ऐसे लोगों के बारे में विदुर नीति कहती है कि अधिक क्रोधी व्यक्ति अपनी उम्र खुद ब खुद कम कर लेता है। क्योंकि क्रोध में आया हुआ व्यक्ति कभी सही-गलत में समझ नहीं कर पाता है। हालांकि इस बारे में एक कहावत भी है कि- 'क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन होता है।'

**लालच**

लालची व्यक्ति कभी भी अपने जीवन में सफल नहीं हो पाता है। लालच करने वाला व्यक्ति खुद को मृत्यु के करीब ले जाता है क्योंकि अपने लालच में वह कब क्या कर दे इसका कोई भरोसा नहीं होता है। इसके अलावा हम सभी ने अकसर सुना और पढ़ा हुआ है कि लालच बुरी बला है।

**खुद की तारीफ करना**

विदुर नीति के अनुसार, व्यक्ति को कभी अपने मुंह से खुद की तारीफ नहीं करनी चाहिए। क्योंकि खुद की प्रशंसा करने वाले लोग और दूसरों की निंदा करने वाले लोग अकसर अपने दुश्मनों को बना लेते हैं। व्यक्ति की ये आदतें उनको मृत्यु के करीब ले जाती है।

## तारीख विशेष

### "सत्येंद्र नाथ बोस"

"सत्येंद्र नाथ बोस" एक भारतीय गणितज्ञ और भौतिकशास्त्री थे, जिन्होंने तार्किक भौतिकी पर काम के लिए सबसे ज्यादा प्रसिद्धता प्राप्त की। उन्हें बोस-आइन्स्टीन आंकड़े और बोस–आइन्स्टीन सिद्धांत की नींव रखने के लिए सबसे अच्छी तरह से जाना जाता है। रॉयल सोसायटी के एक सदस्य, उन्हें भारत सरकार द्वारा 1954 में दिया गया भारत का दूसरा



उच्चतम नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण, से सम्मानित किया गया। सत्येंद्रनाथ बोस का जन्म 1 जनवरी 1894 को कोलकाता में हुआ था। उनकी आरंभिक शिक्षा उनके घर के पास ही स्थित साधारण स्कूल में हुई थी। इसके बाद उन्हें न्यू इंडियन स्कूल और फिर हिंदू स्कूल में भरती कराया गया। स्कूली शिक्षा पूरी करके सत्येंद्रनाथ बोस ने कोलकाता के प्रसिद्ध प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया। वह अपनी सभी परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक पाते रहे और उन्हें प्रथम स्थान मिलता रहा। उनकी प्रतिभा देखकर कहा जाता था कि वह एक दिन पियरे साइमन, लेप्लास और आगस्टीन लुई काउथी जैसे गणितज्ञ बनेंगे। सत्येंद्रनाथ बोस ने सन् 1915 में गणित में एम.एस.सी. परीक्षा प्रथम श्रेणी में सर्वप्रथम आकर उत्तीर्ण की। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर सर आशुतोष मुखर्जी ने उन्हें प्राध्यापक के पद पर नियुक्त कर दिया। उन दिनों भौतिक विज्ञान में नई-नई खोजें हो रही थीं। जर्मन भौतिकशास्त्री मैक्स प्लांक ने क्वांटम सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। उसका अर्थ यह था कि ऊर्जा को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटा जा सकता है। जर्मनी में ही अल्बर्ट आइंस्टीन ने "सापेक्षता का सिद्धांत" प्रतिपादित किया था। सत्येंद्रनाथ बोस इन सभी खोजों का अध्ययन कर रहे थे। बोस तथा आइंस्टीन ने मिलकर बोस-आइंस्टीन स्टैटिस्टिक्स की खोज की। उन्होंने एक लेख लिखा- "प्लांक्स लॉ एंड लाइट क्वांटम" इसे भारत में किसी पत्रिका ने नहीं छापा तो सत्येंद्रनाथ ने उसे सीधे आइंस्टीन को भेज दिया। उन्होंने इसका अनुवाद जर्मन में स्वयं किया और प्रकाशित करा दिया।

आर्ट नीलामघर

# जहां लगती भावनाओं पर बोली...!!!

लोकमित्र गौतम

*कीमत लगाई जाए तो हर चीज बिकती है*
*बस जज्बात वो हैं, जो नीलाम नहीं होते।*

यह किसी मशहूर शायर का शेर नहीं है, बस यूं समझिये कि आजकल सोशल मीडिया की दुनिया में अभिव्यक्ति के लिए जो तुकबंदियां होती हैं, उन्हीं में से एक है। लेकिन यह शेर जो एक कालजयी आदर्श को अभिव्यक्त करता है, अफसोस वह अब वैसा कालजयी नहीं रहा। यह शेर कहता है कि यूं तो कीमत लगाने पर हर चीज की एक कीमत होती है। लेकिन जज्बातों की कोई कीमत नहीं होती। लेकिन यह बात गलत है। दरअसल हर कला पहले भले न बिकाऊ होती रही हो, लेकिन अब कलाकृतियां बहुत व्यवस्थित तरीके से बिकती हैं। कला के नीलामघर हैं, जहां हर साल करोड़ों, अरबों की नई-पुरानी कलाकृतियां बेंची, खरीदी जाती हैं।कला यानी आर्ट का कितना व्यवस्थित अंतर्राष्ट्रीय बाजार है।

- इमेज

दुनिया में एक-दो नहीं ऐसे सैकड़ों इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2022 में जहां अंतर्राष्ट्रीय कला बाजार का कुल आकार 441 अरब डॉलर था, वह 2023 में बढ़कर 579.52 अरब डॉलर का हो गया। इतनी ज्यादा बढ़ोत्तरी तो कई बेहद लोकप्रिय उपयोगी वस्तुओं के बाजार में भी नहीं हुई, यह अकेले वैश्विक कला की दुनिया की सच्चाई नहीं है। भारतीय कला बाजार भी पिछले एक दशक में बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। अगर इसके सालाना टर्नओवर की बात करें, तो अकेले साल 2022-23 के दौरान ही भारतीय कला बाजार का कुल टर्नओवर 1200 करोड़ रुपए (लगभग 150 मिलियन डॉलर) तक पहुंच गया था, जो कि उसके पिछले वर्ष की तुलना में 9 फीसदी ज्यादा था। भारतीय कला के सालाना टर्नओवर की यह वृद्धि दर्शाती है कि पिछले तीन दशक पहले की तुलना में आज भारतीय कला का सालाना टर्नओवर 600 गुना बढ़ चुका है। अगर कला की दुनिया में होने वाली भविष्यवाणियों पर यकीन करें तो साल 2030 तक भारतीय कला का आकार 7.2 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की भविष्यवाणी है। हालांकि वर्तमान में भारतीय कला का बाजार वैश्विक कला बाजार का महज 0.3 फीसदी हिस्सा ही है। फिर भी इसकी इस कदर बढ़ोत्तरी इस बात का संकेत है कि कला के बाजार में बहुत उर्वर भविष्य छिपा है। इस बात की पुष्टि साल 2024 में दुनियाभर के कला के नीलामघरों में पूरे साल रही गहमागहमी यानी कारोबार से भी लगाया जा सकता है। साल 2024 में कई पेंटिंग्स की बिक्री या नीलाम ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और यह खुशी की बात है कि इसमें भारतीय कलाकारों की कलाकृतियां भी शामिल थीं। गुजर रहे साल 2024 में भारतीय कलाकार अमृता शेरगिल की एक पेंटिंग 'द स्टोरी टेलर' की नीलामी 61.8 करोड़ रुपए में हुई, जो किसी भी भारतीय कलाकार द्वारा हासिल की गई सबसे अधिक कीमत की नीलामी का विश्व रिकॉर्ड है। साल 1937 में अमृता शेरगिल की बनायी गई इस पेंटिंग में कुछ महिलाएं अपने घर के बाहर गायों के साथ आराम फरमाते हुए नजर आ रही हैं। इसी साल वैश्विक नीलामी घर क्रिस्टी की पहली भारतीय नीलामी में महाराष्ट्र के वासुदेव गायतुंडे की पेंटिंग 23.7 करोड़ रुपए में बिकी, जो कि एक कीर्तिमान है। साल 2024 में कला के सबसे मशहूर नीलामघर लंदन स्थित सौथवी ने 6 जून 2024 को पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का एक चित्र नीलाम किया। इस चित्र की अनुमानित कीमत 4 से 7 करोड़ रुपए यानी 5 से 7 लाख डॉलर थी। इस चित्र को प्रसिद्ध कलाकार ग्राहम सदरलैंड ने 1954 में बनाया था। इसी साल 18वीं सदी के एक दुर्लभ चीनी फूलदान की नीलामी भी 1.5 मिलियन पाउंड यानी करीब 14 करोड़ रुपए में हुई। यह फूलदान कियान लोंग यूग (1736-1795) का है। कहते हैं इसे कियान लोंग द्वारा सम्राट के दरबार के लिए बनाया गया था। कहने का मतलब यह कि इस साल दुनिया के आर्ट नीलामघरों ने कई तरह से वैश्विक सूचना परिदृश्य में सुर्खियां बटोरी। एक सुर्खी यह भी बनी कि फिल्म 'द विजार्ड ऑफ ओज़' में जूडी गारलैंड द्वारा पहनी गई रूबी चप्पलों की नीलामी 28 मिलियन या करीब 237 करोड़ रुपए में हुई। संयोग देखिए कि ये चप्पलें साल 2005 में चोरी हो गई थीं। बहरहाल ये मिल गईं और फिर इन्होंने अपनी नीलामी (बिक्री) में कीमत का रिकॉर्ड बनाया। माना जाता है कि ये चप्पलें करीब एक सदी पुराने इतिहास की अनोखी मिस्ट्री का हिस्सा हैं। बहरहाल हम इस कहानी की शुरुआत जिन नीलामघरों के अस्तित्व और उनमें इंसानी भावनाओं को उकरेने वाली कलाकृतियों की खरीद बिक्री से की थी, उस संदर्भ में यह जानना दिलचस्प होगा कि आज की तारीख में जब कई दूसरे महत्वपूर्ण कारोबार चरमरा रहे हैं, उस दौरान आखिर दुनिया में कितने ऐसे नीलामघर हैं जो फल फूल रहे हैं। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि ऐसे नीलामघरों की संख्या अंगुलियोंभर में गिनने वाली नहीं हैं बल्कि ऐसे नीलामघर या आर्ट ऑक्शन हाउसेस की संख्या सैकड़ों में है, जहां कला की प्राचीन वस्तुएं, ऐतिहासिक महत्व के और भी इंसान द्वारा बरते जाने वाले सामान और दूसरी दुर्लभ वस्तुएं खूब बेंची खरीदी जाती हैं, ताकि कला के कलेक्टर इन्हें खरीद सकें। दरअसल नीलामघरों में कला की इन विभिन्न कृतियों की बिक्री की वजह यह होती है कि यहां कलाकृतियों की प्रमाणिकता और उनकी गुणवत्ता तथा ऐतिहासिकता असंग्धि होती है और इनका मूल्यांकन भी उसी के अनुरूप बिल्कुल सच और खरा होता है। दुनिया के कुछ सबसे मशहूर नीलामघर ये हैं- सॉथवी- साल 1744 में स्थापित इस नीलामघर की दो शाखाएं हैं, एक न्यूर्याक में स्थित है और दूसरी लंदन में। आधुनिक और समकालीन कला के लिए सॉथवी बहुत प्रसिद्ध नीलामघर है। क्रिस्टी- साल 1766 में जेम्स क्रिस्टी द्वारा स्थापित कला का यह भी वैश्विक नीलामघर लंदन में ही स्थित है और लग्जरी सामान तथा मास्टर पीस के लिए प्रसिद्ध है। हैरी फ्लिप्स- इस नीलामघर की स्थापना साल 1796 हैरी फ्लिप्स द्वारा की गई थी और वर्तमान में इसके कार्यालय न्यूयार्क, हांगकांग और जिनेवा जैसे दुनिया के बड़े शहरों में स्थित हैं। इस नीलामघर की खासियत ये है कि यहां आधुनिक और समकालीन कला, डिजाइन, घड़ियां और ज्वैलरी की नीलामी होती है। फ्लिप्स आर्ट नीलामघर हमेशा अपना ध्यान नवीनतम ट्रेंड पर लगाता है। इसलिए यह कला के युवा संग्रहकर्ताओं के बीच बहुत प्रसिद्ध है।



## गीता सार

**न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्मसङ्गिनाम् ।**
**जोषयेत्सर्वकर्माणि विद्वान्युक्तः समाचरन् ॥ (26)**

**भावार्थ :**

विद्वान महापुरूष को चाहिए कि वह फ़ल की इच्छा वाले (सकाम-कर्मी) अज्ञानी मनुष्यों को कर्म करने से रोके नही जिससे उनकी बुद्धि भ्रमित न हो, बल्कि स्वयं कर्तव्य-कर्म को भली-प्रकार से करता हुआ उनसे भी भली-भांति कराते रहना चाहिए।

## बोले तो...



यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

- एन बीरेन सिंह

राहुल के भक्त-चेले जो मेरे पिता को नागपुर जाने के लिए 'संघी' कहते हैं, वे अपने नेता (राहुल गांधी) से सवाल करें कि उन्होंने संसद में नरेंद्र मोदी को गले क्यों लगाया, जिन्हें उनकी मां 'मौत का सौदागर' कहती थीं? उनके तर्क से तो राहुल को उनका (मोदी का) साथी माना जाना चाहिए।



- शर्मिष्ठा मुखर्जी



हमने कई मुख्यमंत्रियों के घर देखे हैं, लेकिन केजरीवाल जैसा 'शीशमहल' नहीं देखा। केजरीवाल के शीशमहल में एक मिनी बार भी है। अब कोई मिनी बार में कोई कोका कोला, लस्सी या जलजीरा तो पिएगा नहीं। यह सरकारी पैसे का दुरुपयोग है और इससे ज्यादा तो कुछ अनैतिक हो नहीं सकता।

- संदीप दीक्षित

## कुछ अलग | अजब गजब

# एक नेत्रहीन योद्धा जिसे पानी में नजर आ जाते जीवित और मृत इंसान



समस्तीपुर के पटोरी प्रखंड क्षेत्र की चकसाहो पंचायत के भुल्लू साहनी एक प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं, जिन्होंने अपनी निडरता और साहस से समाज को यह सिखाया है कि शारीरिक विकलांगता कभी भी किसी इंसान की क्षमता और हिम्मत को सीमित नहीं कर सकती। भुल्लू साहनी, जो बचपन से ही आंखों से अंधे हैं, ने अपनी अद्भुत कला से 13 लोगों की जान बचाई है और 14 से अधिक शवों को पानी से बाहर निकाला है। भुल्लू साहनी का तैरने का कौशल समस्तीपुर जिले में बहुत प्रसिद्ध है। आंखों से अंधे होने के बावजूद, उनका पानी में तैरने का तरीका ऐसा है कि जब भी कोई दुर्घटना होती है, लोग तुरंत उन्हें ही खोजते हैं। भुल्लू साहनी का कहना है कि आंख से अंधा हूं तो क्या हुआ, हमारे पास जो हुनर है, वह योद्धा से कम नहीं है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर किसी के पास आत्मविश्वास और कौशल हो, तो कोई भी शारीरिक बाधा उसे रोक नहीं सकती। उनका जीवन अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणा है और यह दर्शाता है कि साहस और मेहनत से कोई भी कठिनाई पार की जा सकती है। समस्तीपुर जिले के दुम दुमा गांव के रहने वाले भुल्लू साहनी ने इस समाज में अपनी जगह बनाई है, जहां लोग उन्हें 'पानी के योद्धा' के नाम से जानते हैं। उनकी यह बहादुरी और कड़ी मेहनत न केवल उनके गांव, बल्कि समस्तीपुर जिले तक फैल चुकी है और उन्हें एक जीवित नायक के रूप में देखा जाता है। उनकी कहानी यह सिखाती है कि शारीरिक क्षमता के बजाय मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता से इंसान किसी भी मुश्किल को पार कर सकता है। समस्तीपुर जिले के पटोरी प्रखंड क्षेत्र के चाकसाहो पंचायत निवासी कैलू साहनी के पुत्र भुल्लू साहनी ने अपनी जीवन यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि उनका घर नदी और तालाब के पास है और वे मलाह जाति से आते हैं। बचपन से ही वे तैराकी में माहिर थे, जो उनके पिता के साथ मछली पकड़ने के दौरान और भी बेहतर हो गई। भुल्लू साहनी ने कहा कि मैं आंख से अंधा जरूर हूं, लेकिन पानी के अंदर मेरी एक विशेष क्षमता है। जब मैं पानी में उतरता हूं, तो मुझे किसी व्यक्ति का शव या जीवित व्यक्ति साफ दिखाई दे जाता है और मैं उन्हें सुरक्षित बाहर निकालता हूं। वे कई लोगों की जान बचा चुके हैं और कई डेड बॉडी भी पानी से बाहर निकाल चुके हैं। जब वे किसी मृत शरीर को पानी से निकालते हैं, तो उस व्यक्ति के परिवारवाले या पंचायत के मुखिया उन्हें आर्थिक सहायता देते हैं। उनकी यह विशेष क्षमता और साहस ने उन्हें इलाके में एक अनोखी पहचान दिलाई है।

## पाठक पाती

### पुनर्स्थापन का अवसर : आतंक का खात्मा

छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत ही सराहनीय मुहिम है जिसमें वे नक्सलियों को सरेंडर कर मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। समर्पण करने पर सरकार उन्हें रोजगार के लिए ट्रेनिंग, आवास की सुविधा और प्रति माह 10,000 रुपए की राशि प्रदान करेगी। जो युवा पथभ्रष्ट हो गए हैं या रोजगार के अभाव में नक्सलवादी बन गए हैं उनके पुनर्स्थापन की यह अच्छी पहल है। इससे न केवल छत्तीसगढ़ में नक्सलवादियों के आंतक से लोगों को राहत मिलेगी बल्कि नक्सलवादियों को दोबारा सही तरीके से जिंदगी गुज़र बसर करने के सुअवसर भी मिलेंगे। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि नक्सलवादियों के बच्चों का भविष्य निखर जाएगा। वे सामान्य जीवन व्यतीत कर अपना भविष्य सुधार एक अच्छे रास्ते पर चल अच्छी जिंदगी बिता पाएंगे। नक्सलवाद को खत्म करने की यह सरकार की सराहनीय कोशिश है। अब यह नक्सलवादियों पर निर्भर करता है कि वे कौन सा रास्ता चुनते हैं - आजीवन नक्सलवादी बन सजा के खौफ में जीने का या समर्पण कर दोबारा से सिर उठा के खुशहाल जिंदगी जीने का?

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com



## 5 बड़ी घटनाएं रही
# सबसे ज्यादा चर्चित



### जयपुर में एलपीजी टैंकर ब्लास्ट

साल के अतिम महीने में जयपुर में 20 दिसंबर को सुबह अजमेर हाईवे पर एलपीजी गैस से भरे टैंकर में धमाका हो गया। गैस का रिसाव हुआ, जो तेजी से फैला और अचानक आग पकड़ ली। इस हादसे में 20 लोगों की जान जा चुकी है और कई लोग 50 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए। इनमें से अब भी कई गंभीर रूप से घायल है।

### जयपुर में लापता 2 भाइयों की मिस्ट्री

जयपुर के शास्त्रीनगर इलाके से नाहरगढ़ घूमने जाने की कहकर निकले 2 भाइयों में से छोटे भाई का शव पहाड़ियों पर मिला। बड़ा भाई राहुल लापता है और आज तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### उपचुनाव में एसडीएम को मारा थप्पड़

राजस्थान में उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को वोटिंग हुई। वोटिंग के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी के थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद समरावता गांव में 13 नवंबर देर रात तक मामला ज्यादा बढ़ गया। उग्र भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट

9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन किया। भजनलाल सरकार ने पहले ही साल में 35 लाख करोड़ का विभिन्न कंपनियों से एमओयू किया। इसका लाभ राजस्थान और यहां के लोगों को मिलेगा।

### भजनलाल सरकार ने 9 जिले-3 संभाग खत्म किए

28 दिसंबर को कांग्रेस सरकार के वक्त बने नए जिलों में से 9 जिलों और 3 संभागों को भजनलाल सरकार ने कैंसिल कर दिया। दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण,जोधपुर ग्रामीण, अनूपगढ़, सांचौर जिलों को निरस्त कर दिया। सरकार के इस फैसले के बाद अब राज्य में 41 जिले रह गए।



### राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर 2019 में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया था। इसके बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। इस ऐतिहासिक घटना का भारत के हर कोने में स्वागत हुआ।



### तिरुपति लड्डू विवाद

2024 में तिरुपति मंदिर के प्रसाद लड्डू में मिलावट का मामला सामने आया। आरोप था कि लड्डू बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल हो रहा था, जो जानवरों की चर्बी और मछली के तेल से बना था। इस विवाद ने राज्य सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया। सरकार ने जांच के आदेश दिए और मामले की गंभीरता से पड़ताल की गई।



### अयोध्या में भाजपा की हार

2024 के लोकसभा चुनाव के रिजल्ट 4 जून को घोषित हुए हैं और बीजेपी को कुछ बड़े झटके लगे। भाजपा को 240 सीटें मिलीं, जबकि उत्तर प्रदेश में पार्टी को सिर्फ 37 सीटें ही मिल सकी। अयोध्या में भाजपा के लिए सबसे निराशाजनक रिजल्ट आया है, जहां समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार ने बीजेपी के प्रत्याशी को 50 हजार से ज्यादा वोटों से हराया।




### आरजी कर मेडिकल कॉलेज कांड

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक दुखद घटना घटी, जहां एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का मामला सामने आया। इस घटना ने बंगाल के साथ ही पूरे देश में आक्रोश फैलाया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच जारी है।

## राजस्थान की सियासत की वो तीन घटनाएं जिससे
# बिखरे पुराने 'महारथी,

राजस्थान की सियासत के बारे में कहा जाता है कि यह, यहां की आबोहवा की तरह गर्म तो होती है, लेकिन शाम के समय यह लू पुरवाई में तब्दील हो जाती है। रेगिस्तान की रेत दिन के समय असहनीय तपिश पैदा करती है, तो रात के आखिरी पहर में यह ठंडी हो जाती है। आज जब साल का आखिरी दिन है, तब पीछे मुड़ कर देखते हैं तो मरुप्रदेश की राजनीति में नए अध्याय का आगाज़ जैसा लगता है। आइये बात करते हैं इस साल हुईं उन तीन घटनाओं के बारे में जिन्होंने इस रेगिस्तानी सूबे की सियासत में ऐतिहासिक बदलाओं की नींव रखी है। साल 2024 की शुरुआत राजस्थान की सियासत में सबसे बड़े बदलाव से हुई, जब अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे के आगोश से निकल कर प्रदेश की सत्ता 'नए मुसाफिरों' के हमराह चल निकली। साल शुरू होने के महज़ 15 दिन पहले जब मुख्यमंत्री रहते हुए तीसरी बार सत्ता से बेदखल हुए तो बारी वसुंधरा राजे की आनी थी। करीब 25 साल तक देश के सबसे बड़े सूबे की सत्ता के शीर्ष पर रही गहलोत-वसुंधरा जोड़ी का बारी-बारी सत्ता में आने का जैसा नियम था। यह बिलकुल एक परंपरा जैसा लगता है, करीब 25 साल तक देश के सबसे बड़े सूबे की सत्ता के शीर्ष पर रही गहलोत-वसुंधरा जोड़ी का बारी-बारी सत्ता में आने का जैसा नियम था।



## सियासत के नए
# मुसाफिर

लेकिन तब से अब तक सियासत के चेहरे मोहरे भी बदल गए. प्रदेश और देश की सत्ता में शक्ति के केंद्र बदल गए, तो यह निश्चित ही था कि इस जोड़ी पर भी इसका असर दिखेगा, लेकिन ऐसा दिखेगा किसी ने सोचा न था। भजनलाल लाल शर्मा, पहली बार के विधायक को सूबे का मुख्यमंत्री बना दिया। नई भाजपा में यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी, लेकिन राजस्थान की राजनीति में पिछले दो दशकों में अगर कोई सबसे बड़ी घटना हुई थी तो यही थी।

### एक 'पर्ची' खोली और सब कुछ बदल गया

करीब 25 साल तक किसी लंबे सीधे रास्ते पर चल रही राजस्थान की सियासत ने ऐसा नया मोड़ लिया कि हर कोई चौंक गया और इत्तिफाक देखिये इस मोड़ का इशारा भी वसुंधरा राजे ने किया, उन्होंने एक 'पर्ची' खोली और सब कुछ बदल गया।



## हनुमान बेनीवाल का कमजोर होना



दूसरी घटना हनुमान बेनीवाल के परिवार का 16 साल बाद विधानसभा से ग़ायब हो जाना है। नवंबर में हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी कनिका बेनीवाल को हार का सामना करना पड़ा था। हनुमान बेनीवाल, राजस्थान की सियासत का ऐसा नाम है जो हमेशा चर्चा में रहता है। उनके बयान मीडिया की हेडलाइन बनते हैं, और ठेठ देसी अंदाज उन्हें प्रदेश की राजनीति में अलग पहचान दिलाता है। बेनीवाल प्रदेश के उन राजनेताओं में शामिल हैं जिन्होंने कांग्रेस और भाजपा की बायनरी वाली राजस्थान की सियासत में एक अलग राह अख्तियार की है। हनुमान बेनीवाल की हार के साथ ही उनकी 47 साल पुरानी विरासत को झटका लगा यह भी पिछले 16 सालों में पहली बार हुआ कि हनुमान बेनीवाल का परिवार राजस्थान विधानसभा से खत्म हो गया। खींवसर और बेनीवाल कई सालों से एक-दूसरे के पूरक बने रहे, लेकिन 2024 का उपचुनाव उनके इस सियासी रथ को ब्रेक लगा गया।

## तेजी से ताकतवर हुई भारत आदिवासी पार्टी




तीसरी घटना ने राजस्थान की सियासत में सबसे ज्यादा चौंकाया, जब भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने वागड़ क्षेत्र में अपनी छवि एक मजबूत क्षेत्रीय ताकत के रूप में स्थापित की आदिवासी क्षेत्र में यह पार्टी सत्ता के नए समीकरण का संकेत बनकर उभरी। इस साल की शुरुआत में जब विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी के नेता राजकुमार रोत समेत तीन विधायक विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद लोकसभा चुनाव में रोत सांसद बन गए। सीट खाली हुई तो उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी को रोत की सीट तो मिली ही, उन्होंने एक और सीट जीत ली। महज़ छह साल के वक्त में भारत आदिवासी पार्टी राजस्थान का तीसरा सबसे बड़ा दल बन गई. इसका विस्तार अब प्रदेश के अन्य हिस्सों तक होने के आसार नज़र आते हैं। राजस्थान की राजनीति में बीएपी का उदय नए समीकरणों का जन्म देगा और यह आने वाले वर्षों में भाजपा और कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।



### वायनाड लैंड स्लाइड

30 जुलाई, 2024 को केरल के वायनाड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसने तीन गांवों को पूरी तरह तबाह कर दिया। चूरलमाला और मुंडक्कई क्षेत्रों में हुई इस प्राकृतिक आपदा ने विनाश का भयावह रूप दिखाया। भूस्खलन के कारण 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई, कई घायल हुए और हजारों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। इस त्रासदी ने कई परिवारों को गहरा आघात पहुंचाया है। इसे केरल के इतिहास की सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना गया है।

### बांग्लादेश में छात्र आंदोलन

बांग्लादेश में 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले लोगों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी कोटा देने का विरोध करते हुए छात्रों ने बड़े प्रदर्शन किया। यह आंदोलन ने धीरे-धीरे हिंसक रूप ले लिया था। आखिर में प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत भागना पड़ा और बांग्लादेश में एक अंतरिम सरकार का गठन हुआ। यहां चुनावों की संभावना 2025 के आखिर या 2026 की शुरुआत में जताई जा रही है।



### सीरिया में तख्तापलट

सीरिया में लंबे समय से जारी गृह युद्ध के बाद विद्रोही गुटों ने राष्ट्रपति बशर अल असद को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। विद्रोही गुटों ने 27 नवंबर 2024 को सीरिया के प्रमुख शहरों पर कब्जा कर लिया और असद को सत्ता से हटा दिया। इस बदलाव को सीरिया में इतिहास के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।



# जैसलमेर में कोहरे से मिली राहत

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर। जैसलमेर जिले में कड़ाके की ठंड का आलम है। हालांकि मंगलवार को कोहरे से जैसलमेर को राहत मिली। मगर ठंड का असर बरकरार है। जिले में नव वर्ष का स्वागत करने आए सैलानियों को इस ठंड में घूमने का आनंद आ रहा है। गौरतलब है कि जिले में दो दिन कड़ाके की सर्दी से राहत के बाद सोमवार को फिर से सर्दी का असर तेज हो गया। सोमवार सुबह कोहरा छाया रहा। कई इलाकों में ओस की बूंदें भी पड़ी। वहीं मंगलवार को कोहरे का असर खत्म हुआ। सुबह तेज धूप खिलने लगी जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी से मामूली राहत मिली। मौसम विभाग ने तीन जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान तापमान में उतार--चढ़ाव बना रहेगा। साथ ही शीतलहर व कोहरा छाए रहने की फिलहाल संभावना नहीं है।**

## ▸▸ ठंड का असर बरकरार : ▸▸ दिन का तापमान 21 व रात का 5 .5 डिग्री



### अगले चार दिन मौसम साफ रहेगा

▪ मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि इस बार मौसम विभाग की भविष्यवाणी सटीक नहीं बैठ रही है। रविवार को मौसम विभाग ने सोमवार को मौसम साफ रहने की संभावना जताई थी। लेकिन इसके उल्ट सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। अब मौसम विभाग ने 3 जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान तापमान में उतार चढ़ाव बना रहेगा। साथ ही शीतलहर व कोहरा छाए रहने की फिलहाल संभावना नहीं है।

### रविवार रात से चल रही सर्द हवाएं

दरअसल, जिले में रविवार रात को सर्द हवाएं चलने से सर्दी का असर तेज हो गया था। रविवार रात से ही हल्का हल्का कोहरा छाया रहा। सोमवार सुबह कोहरे का असर तेज हो गया। शहर के मुकाबले नलकूप क्षेत्र व नहरी क्षेत्र में सर्दी का असर तेज रहा। लोग सर्दी से बचने के लिए तरह तरह के जतन कर रहे है। सुबह काम पर जाने वाले लोगों को सर्दी के चलते परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि स्कूल की छुट्टियां होने के कारण बच्चे घरों में ही दुबके है।

### नहरी इलाके में सर्दी का असर तेज

शहर के मुकाबले नहरी व ट्यूबवैल क्षेत्र में सर्दी का प्रकोप ज्यादा है। दिन व रात में हाड़ कंपकंपाने वाली सर्दी ने नहरी व ट्यूबवैल क्षेत्र के लोगों को झकझोर दिया है। नहरी क्षेत्र में सोमवार को घना कोहरा छाया रहा। लोगों ने अलाव तापकर सर्दी से बचने का जतन किया। शहर में रविवार की रात इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। न्यूनतम पारा तीन डिग्री गिरकर इस सीजन में पहली बार 5.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान दो डिग्री गिरकर 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं नलकूप क्षेत्र चांधन स्थित काजरी में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री दर्ज हुआ। इससे पूर्व इस सीजन में चांधन काजरी में न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री भी दर्ज हो चुका है। हालांकि अभी तक पारा माइनस में नहीं गया है।

## जोधपुर में साइबर पुलिस ने लाखों रुपए रिफंड करवाए

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर पीड़ितों को उनके रुपए रिफंड करवा रही है। टीम की ओर से एक साल में की गई कार्रवाई को लेकर जानकारी दी गई। टीम ने साल 2024 में 125 साइबर फ्रॉड की शिकायतों का निस्तारण किया। सेल की ओर से इन शिकायतों के आधार पर 33 लाख रुपए से अधिक की राशि रिफंड करवाई गई। जबकि 2 साल में 113 साइबर फ्रॉड की शिकायतों पर करीब 69 लाख रुपए की राशि रिफंड करवाई गई। साल 2024 में 1726 साइबर फ्रॉड की शिकायतों में लगभग एक करोड़ 52 लाख रुपए की राशि होल्ड करवाई गई है। पिछले 2 साल की बात की जाए तो यह राशि 2.48 करोड़ है। इस राशि को कोर्ट से रिफंड आर्डर करवा कर पीड़ितों के खाते में रिफंड करवाई जाती है।

लाखों के मोबाइल बरामद करने में भी कामयाबी हासिल की।

# जोधपुर में बोरवेल से निकली आग

- 20 साल से बंद पड़ा था बोरवेल
- बोरवेल से अचानक बदबू आने लगी
- प्रशासन ने आवागमन पर लगाई रोक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में 20 साल से बंद बोरवेल से अचानक गैस निकलने लगी। लोगों ने माचिस की तीली जलाई तो आग की लपटें उठने लगी। सूचना मिलते ही एसडीएम जवाहरराम चौधरी पहुंचे और बोरवेल के 200 मीटर के एरिया में लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी। मौके पर पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया है। घटना सोमवार को जोधपुर में नागौर रोड पर स्थित बावड़ी कस्बे में हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। जानकारी के अनुसार- बावड़ी कस्बे में अन्नाराम देवड़ा ने घर के पास ही 26 साल पहले बोरवेल खुदवाया था। छह साल बाद बोरवेल से पानी नहीं आने की वजह से इसे बंद कर दिया गया। पिछले 20 साल से यह बंद था।



### एक्सपर्ट बोले- गैस के भंडार होने की संभावना

▪ जोधपुर एमबीएम यूनिवर्सिटी के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा. सुशील सारस्वत के अनुसार बोरवेल से निकल रही गैस शुरुआती अनुमान के आधार पर मिथेन और कुछ अंश हाइड्रोजन का मिश्रण लग रहा है।

### पंप-केबल भी डाली, बदबू आने पर तीली जलाई तो धधकी आग

▪ महेंद्र देवड़ा ने बताया– 30 दिसंबर की दोपहर को बोरवेल में लॉरिंग करवा कर पंप–केबल भी डाल दी थी। तब भी गैस की तेज गंध महसूस हुई। तब बोरवेल के मुंह पर एक टिन के पीपे से जुगाड़ बनाकर उसके ढक्कन के पास माचिस की तीली जलाई तो गैस ने आग पकड़ ली। बड़ी मुश्किल से आग बुझाकर परिवार के और अन्य लोगों ने मिलकर बोरवेल से पंप और केबल को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद दोबारा माचिस की तीली जलाई तो फिर से आग धधकने लगी।

### रात को पहुंचा प्रशासन, पत्थर रखवाकर बोरवेल को किया बंद

बोरवेल के आग उगलने के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने लगे। इसके बाद सोमवार रात आठ बजे बाद एसडीएम और अन्य अधिकारी भी पहुंचे। एहतियात के तौर पर बोरवेल को ढक कर उस पर भारी पत्थर रखवाए गए हैं। मंगलवार को विशेषज्ञों की टीम से इसकी जांच कराने की बात कही जा रही है।

### ▸▸ खेत मालिक बोला- अंदर से अचानक आवाज आने लगी

परिवार के महेंद्र देवड़ा ने बताया– बोरवेल बंद होने के कारण घरेलू उपयोग के लिए पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे थ। इसलिए सोचा कि क्यों न बंद पड़े बोरवेल को ठीक करा लिया जाए। रविवार (29 दिसंबर) को ट्यूबवेल की सफाई कराई। तब अंदर से कुछ आवाज सुनाई दी। हमें लगा कि कहीं जमीन धंस तो नहीं रही है, इसलिए वाटर प्रूफ कैमरा डालकर जांच कराई। इस दौरान गैस की हल्की गंध महसूस हुई।

# बाड़मेर में गिरा तापमान



▸▸ आगामी दिनों में बढ़ेगी सर्दी
▸▸ रात का तापमान गिरकर 9 .4 डिग्री पहुंचा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में सर्दी का कहर लगातार जारी है। लेकिन तापमान में भी उतार-चढ़ाव हो रहा है। तापमान एक डिग्री गिरकर 9.4 डिग्री पहुंच गया है। वहीं सुबह के वक्त हल्का कोहरा छाया रहा। तेज धूप खिलने से कोहरा भी साफ हुआ। वहीं सर्दी से भी राहत मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़कर 25.4 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने नए साल से शीतलहर चलने के साथ सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। बीते एक पखवाड़े से सर्दी का कहर लगातार जारी है। दिन और रात के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। इस सीजन का सबसे सर्द रात 28-29 दिसंबर की रही है। इस रात तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान सबसे कम 24 दिसंबर को रहा है। इस तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया है। वहीं सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री दर्ज किया गया है। मंगलवार को सुबह आसमान में हल्का कोहरा छाया रहा। सूरज निकलने के साथ कोहरा साफ होता गया। तेज धूप खिलने के बाद लोगों को सर्दी से राहत रही। गली, मोहल्लों में लोग अलावा करते भी नजर आए। सर्दी की वजह से लोगों की दिनचर्या में भी बदलाव हुआ है। साथ मार्केट भी दस बजे के बाद खुल रही है। साथ रात को मार्केट आठ बजे तक बंद हो रही है। चाय की थड़ी, दूध की दुकान, गर्म खाने की चीजों की दुकानों पर रेलमपेल नजर आई। मौसम विभाग ने आगामी एक वीक में तापमान गिरने के साथ शीतलहर चलने की संभावना है। सर्दी के तेवर तेज होंगे। सर्दी से किसानों के लिए राहत भरी खबर है। फसलों को फायदा होगा।

# नशे का सौदागर मोहनगढ़ से गिरफ्तार

## ▸▸ पुलिस ने चलाया ऑपरेशन टटपूंजिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के मोहनगढ़ इलाके में जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। जोधपुर रेंज के आईजी, विकास कुमार ने बताया जैसलमेर में साइक्लोनर टीम की धरपकड़ जारी है। इसी कड़ी में नशे के सौदागर 15 हजार के इनामी वांटेड जितेंद्र सिंह को मोहनगढ़ इलाके से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। जोधपुर रेंज पुलिस की साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन टटपूंजिया के तहत दबिश देकर कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर ईनामी अपराधी जितेंद्र सिंह पुत्र भंवर सिंह मादक पदार्थों की बड़ी खेप लाने वाला था। टीम ने जैसलमेर के मोहनगढ़ में जितेंद्र सिंह के ठिकाने पर किसी बड़े अपराधी को पकड़ने के लिए दबिश दी।



### घर से पकड़ा गया जितेंद्र सिंह

▪ पकड़ा गया आरोपी जितेंद्र सिंह मादक पदार्थों की तस्करी का सरगना है, जो तीन साल से पुलिस की गिरफ्त से बचते हुए फरार चल रहा था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अपना गांव छोड़ कर, गांव से बाहर खेत में कच्चे मकान में जो पूर्व में वहां खेती करने वाले किसानों द्वारा उपयोग में लिया जा रहा था, उसमें रहने लगा था। जितेंद्र सिंह पुत्र भंवर सिंह, निवासी मोहनगढ़ को पकड़ा। जितेंद्र सिंह साल 2020 में पुलिस थाना मोहनगढ़ में मादक पदार्थो की तस्करी के दौरान पकड़ा गया था।

# जैसलमेर में किसानों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जोन के किसान अपनी मांगों को लेकर मोहनगढ़ स्थित नहर के जीरो हेड पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे है। कड़ाके की ठंड में मंगलवार को नौवें दिन भी धरना जारी है। धरने पर बैठे किसानों का आरोप है कि धरने के इतने दिन बाद भी कोई हल नहीं निकला है। कड़ाके की ठंड में किसानों ने सरकार को चेताया कि यदि समय रहते उनकी मांगों का हल नहीं निकाला जाएगा, तो किसान उग्र आंदोलन की राह पर जाएंगे। किसानों का कहना है कि प्रदेश कि सरकार से कोई भी जनप्रतिनिधि या नेता उनसे मिलने आया है। ऐसे में किसान काफी निराश है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठे किसान नेता साभान खान ने बताया- जैसलमेर में सिंचाई का पानी किसानों को नहीं मिल रहा है। ना तो पर्याप्त पानी आ रहा है और ना ही किसानों को समय पर पानी मिल रहा है। इसके साथ ही किसानों को मिलने वाला नहर का पानी चोरी भी हो रहा है।



# जोधपुर जेल से सरगना ऑपरेट कर रहा था तस्करी



▸▸ लोकल नेटवर्क के जरिए होनी थी आपूर्ति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर रेंज की स्पेशल साइक्लोन टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रक से 506 किलो गांजा बरामद किया। गांजे की खेप को उड़ीसा से जोधपुर लाया जा रहा था, जिसे जोधपुर जेल में बैठा सरगना ऑपरेट कर रहा था। पूछताछ में सामने आया कि इसे लोकल नेटवर्क के माध्यम से जोधपुर के अलावा पंजाब, हरियाणा में सप्लाई किया जाना था। मामले में रेंज की स्पेशल टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बता दें कि आईजी विकास कुमार ने नेतृत्व में रेंज की साइक्लोन टीम ने कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को पकड़ा था। दोनों को रविवार रात आसोप थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर पकड़ा गया। टीम को उड़ीसा के रास्ते जोधपुर और हरियाणा, पंजाब में गांजा सप्लाई करने को लेकर इनपुट मिला था। इस आधार पर टीम पिछले कई दिनों से लगी हुई थी। मामले में नरेश पुत्र जयकिशन निवासी भोपालगढ़ व चैनाराम पुत्र पेमाराम निवासी भोपालगढ़ को गिरफ्तार किया। टीम ने करीब 506 किलो गांजा पकड़ा, इसे उड़ीसा तेलंगाना राज्य के मलकानगिरी सीमा से लाया जा रहा था। बता दें कि जोधपुर गांजा तस्करों के लिए मुफीद मार्केट बनता नजर आ रहा है। महानगर के युवाओं को माफिया दोस्ती कर नशे का आदि बना रहे हैं।

# टोल बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बिना टोल चुकाए भाग रहे स्कॉर्पियो सवार लोगों पर टोलकर्मियों ने पत्थर फेंके। एक पत्थर ड्राइवर के लग गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर दो से तीन पलटी खा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। गाड़ी में सवार चार युवकों के चोट नहीं आई। हादसा जैसलमेर-बाड़मेर नेशनल हाईवे-68 पर सोमवार शाम चार बजे शिव इलाके में हुआ। थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया- गुड़ामालानी पादरड़ी निवासी सात दोस्त सोमवार को गांव से स्कार्पियो में सवार होकर चौहटन में सुईयां मेलागए थे। वहां पर शाम को दर्शन और स्नान करके नेशनल हाईवे 68 से जैसलमेर के सम की तरफ जा रहे थे। शिव टोल प्लाजा पर टोल नहीं देकर रवाना हो गए थे। इसकी सूचना टोलकर्मियों ने अपने अन्य साथियों को दी। दूसरे छोर (जैसलमेर की तरफ) पर टोल प्लाजा कर्मियों ने उनकी तरफ आ रही स्कार्पियों के ड्राइवर की तरफ पत्थर फेंके, जिससे गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया और बेकाबू स्कॉर्पियो पलट गई। इससे गाड़ी में सवार पादरड़ी निवासी कैलाश (22) पुत्र हनुमानराम की मौत हो गई।

- बाड़मेर दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल
- टोलकर्मियों ने स्कॉर्पियो पर पत्थर फेंके



# व्यापार जगत

## लिस्टींग के बाद मोटा रिर्टन दे रहा वरुण बेवरेज




### पेप्सिको के लिए बॉटलिंग करती कंपनी

**मुंबई।** पेप्सिको के लिए बॉटल बनाने वाली कंपनी वरुण बेवरेजेज लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में लिस्टिंग के बाद से लगातार तेजी देखने को मिली है। निवेशकों को लिस्टिंग से लगातार पॉजिटिव रिटर्न मिल रहा है। कंपनी के शेयर बाजारों में लिस्टिंग 2016 में हुई थी। तब से कोई भी ऐसा साल नहीं बीता है जब निवेशकों को फायदा ना मिला हो। बता दें, 2024 भी यह स्टॉक पॉजिटिव रिटर्न देने में सफल रहा है। मंगलवार यानी 31 दिसंबर को कंपनी के शेयर दोपहर में दो बजे करीब दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 634.45 रुपए के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।

### 2024 में 30% वरुण बेवरेजेज का भाव

इस साल कंपनी के शेयरों की कीमतों में 30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जोकि पिछले तीन साल के मुकाबले कम है। लेकिन इसके बाद निफ्टी 50 इंडेक्स नौ प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। वरुण बेवरजेज के शेयरों की कीमतों में 2023 में 87 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 2022 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 145 प्रतिशत की तेजी और 2021 में यह स्टॉक 45 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा था। ब्रोकरेज फर्म एंटीक ने पेप्सिको के लिए बॉटल बनाने वाली कंपनी को ‘बाय’ रेटिंग दी है। रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि कंपनी के शेयरों का भाव 710 रुपए के लेवल तक जा सकती है। ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कंपनी ने क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के जरिए 7500 करोड़ रुपये जुटाने में सफल रही थी। जिसमें कंपनी 5600 करोड़ रुपये मौजूदा कर्ज को चुकाने के लिए करेगी।

## तीन पैसे से 30 रुपए पर शेयर भाव

**अजमेर।** इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। मंगलवार को कंपनी के शेयर 15% तक चढ़कर 30.16 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम) विनियम, 2015 के अनुसार बनाई और अपनाई गई कंपनी की इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम की आचार संहिता के अनुसार, बिक्री/खरीद के लिए कंपनी की ट्रेडिंग विंडो एक जनवरी से बंद रहेगी। दिसंबर तिमाही के कंपनी के वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद ट्रेडिंग विंडो खुलेगी। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर ने पांच साल में तगड़ा रिटर्न दिया है। 9 अक्टूबर 2020 को इस शेयर की कीमत 3 पैसे थी और आज यह 30.16 रुपये पर आ गई।

## 2025 में सोना–चांदी होंगे सस्ता या पहुंचेंगे और ऊंचाई पर?

जियो-पॉलिटिकल टेंशन और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के जारी रहने पर सोना नए साल में भी रिकॉर्ड तोड़ यात्रा जारी रख सकता है और घरेलू मार्केट में यह उछलकर 85,000 रु से 90,000 रु प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच सकता है, लेकिन अगर भू-राजनीतिक संकट कम होता है तो रुपए में गिरावट पर सोने के भाव गिर भी सकते हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर इस समय हाजिर बाजार में सोने का भाव 79,350 रुपए प्रति 10 ग्राम और वायदा कारोबार में 76,600 रुपए प्रति 10 ग्राम है। इस साल गोल्ड ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसने घरेलू बाजारों में 23 प्रतिशत रिटर्न दर्ज किया। इस साल 30 अक्टूबर को सोना 82,400 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। चांदी 30 प्रतिशत की बढ़त के साथ एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स पर सोने का वायदा भाव साल की शुरुआत 2,062 डॉलर प्रति औंस के आसपास था और 31 अक्टूबर को यह 28 प्रतिशत तक रिटर्न देते हुए 2,790 डॉलर प्रति औंस के हाई को छू गया। रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन 2025 में भी जारी रह सकता है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों कीमती धातुओं का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन 2025 में भी जारी रह सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसीडेंट (जिंस एवं मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि 2025 में गोल्ड आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है, हालांकि उछाल की गति 2024 की तुलना में नरम हो सकती है। उन्होंने कहा, ‘अगर भू-राजनीतिक तनाव बना रहता है या बढ़ता है तो घरेलू सोने की कीमतें 90,000 रु के सर्वश्रेष्ठ आउटलुक के साथ 85,000 रु तक और चांदी 1.1 लाख की ओर बढ़ने की उम्मीद है। यहां तक कि चांदी 1.25 लाख तक पहुंच सकती है।



## आपका राशिफल 1 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन–देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक 4 6 8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, यश व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक 1 3 5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता–पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। अकस्मात धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक 2 4 7

## छह से खुलेगा 2025 का पहला आईपीओ

**मुंबई।** आईपीओ के लिए साल 2024 शानदार रहा। अब निवेशकों को अगले साल के आईपीओ का इंतजार है। इस बीच, नए साल पर पहला मेनबोर्ड दूसरे सप्ताह में ओपन हो रहा है। यह - स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग का आईपीओ है। कंपनी का यह इश्यू निवेश के लिए सोमवार, छह जनवरी को खुलेगा।

निवेशक इस इश्यू में आठ जनवरी तक दांव लगा सकते हैं। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग आईपीओ का प्राइस बैंड 133 से 140 तय किया गया है। बता दें कि ग्रे मार्केट में अभी यह शेयर उपलब्ध नहीं है।



### क्या है डिटेल

आईपीओ में 210 करोड़ की ताज़ा शेयर बिक्री और 14,289,367 शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। यह अपर प्राइस बैंड पर 200 करोड़ की राशि है। इस प्रकार, कुल ऑफर का साइज 410 करोड़ का है। रिटेल निवेशक आईपीओ के लिए 107 शेयरों और उनके गुणकों में आवेदन कर सकते हैं। आईपीओ में, ऑफर का 50% योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए, 35% खुदरा निवेशकों के लिए और 15% गैर–संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व है। एंकर निवेशकों के लिए बोली शुक्रवार, तीन जनवरी को खुलेगी। कंपनी की योजना स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग आईपीओ से जुटाई गई नई राशि में से कंपनी मशीनरी और इक्विपमेंट की खरीद के लिए 10 करोड़ का उपयोग करने की योजना बना रही है। साथ ही, यह कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ उधारों का भुगतान करने के लिए 130 करोड़ आवंटित करने पर विचार कर रहा है।

## जनवरी में 15 दिन बैंक बंद

### ▸▸ आरबीआई के हॉली डे कैलंडर का अभी इंतजार

**नई दिल्ली।** एक जनवरी को नया साल का आगाज हो रहा है। ऐसे में क्या बैंक और शेयर मार्केट में बुधवार पहली जनवरी को अवकाश रहेगा? अगर बैंकों की बात करें तो कुछ राज्यों में छुट्टी है, लेकिन शेयर मार्केट खुला है। एनएसई, बीएसई में सामानय दिनों की तरह ही काम-काज होगा। बैंक हॉलीडे का कैलेंडर अभी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जारी नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को नए साल के दिन देशभर में बैंक बंद रहेंगे।

शेयर मार्केट में अगली छुट्टी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में है। वैसे तो 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में है राष्ट्रीय अवकाश है, लेकिन यह रविवार को पड़ रहा है और इस दिन बैंक या शेयर बाजार में वैसे ही अवकाश रहता है। 1 जनवरी : बुधवार को नए साल के दिन देशभर में बैंक बंद रहेंगे। 6 जनवरी : सोमवार को गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर पंजाब समेत कुछ राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। 11 जनवरी : दूसरा शनिवार, देशभर में बैंक बंद रहेंगे। 12 जनवरी : रविवार को साप्ताहिक अवकाश। 13 जनवरी : लोहड़ी के त्योहार के कारण सोमवार को पंजाब और कुछ अन्य राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

14 जनवरी : संक्रांति और पोंगल के कारण मंगलवार को तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में बैंक बंद रहेंगे। 15 जनवरी : बुधवार को तिरुवल्लुवर दिवस के अवसर पर टुसू पूजा के कारण तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम में बैंकों में कामकाज नहीं होगा। 23 जनवरी : गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कई राज्यों में बैंकों में कामकाज नहीं होगा। 25 जनवरी : शनिवार को साप्ताहिक अवकाश के कारण देशभर में बैंक बंद रहेंगे। 26 जनवरी : रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर में बैंकों में छुट्टी रहेगी। 30 जनवरी : गुरुवार को सोनम लोसार के कारण सिक्किम में बैंक बंद रहेंगे



# खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेल के माध्यम से नोहर को दिलाई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान : बलवीर सुथार

## प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 15 टीमें ले रही भाग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** अखिल भारतीय दशहरा फुटबॉल समिति के तत्वावधान में स्थानीय बालकृष्ण बिहाणी स्टेडियम में खेली जा रही दशहरा फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मुकाबले हुये। प्रतियोगिता का पहला मैच ग्वालियर व किसान फोर्ट पंजाब के बीच खेला गया। जिसमें ग्वालियर की टीम 2-1 से विजयी रही। दूसरा मैच ईस्ट पंजाब व डेरा सिरसा के बीच खेला गया। जिसमें डेरा सिरसा की टीम 2-0 से विजयी रही। मंगलवार को हुए मैचो में अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी समिति के निर्वतमान अध्यक्ष बलवीर सुथार, समाजसेवी हरीश वाधवानी, पंचायत समिति रावतसर के प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सिहाग, नोहर थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा थे। ग्वालियर व किसान फोर्ट पंजाब के बीच हुआ मुकाबला रोमांच व संघर्ष से भरा रहा। मध्यांतर से पहले पंजाब के खिलाड़ी दिनेश ने गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। मगर मध्यांतर के बाद ग्वालियर की टीम के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। ग्वालियर के खिलाड़ी ब्रहमा ने गोल करके स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके बाद ग्वालियर के खिलाड़ी अक्षय ने गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। जो अंत तक बरकरार रही। खिलाडियों के उम्दा प्रदर्शन के चलते ग्वालियर की टीम 2-1 से मैच जीतने में सफल रही। ईस्ट पंजाब व डेरा सिरसा के बीच खेले गये दूसरे मैच में डेरा सिरसा की टीम 2-0 से विजयी रही। सिरसा के खिलाड़ी प्रकाशसिंह व अमरसिंह ने गोल किये। ईस्ट पंजाब के खिलाड़ियों को गोल के कई अवसर मिले। मगर वे उसे गोल में तब्दील नही कर पाये। इस मौके पर वक्ताओं ने खिलाडियों से खेल को सदैव खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि फुटबॉल खेल के माध्यम से खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल की बदौलत नोहर को अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि लगातार फुटबॉल प्रतियोगिताए आयोजित होने का परिणाम है कि फुटबॉल की युवा पौध भी तैयार हो रही है। वक्ताओं ने प्रतियोगिता आयोजन के लिये कमेटी को साधुवाद दिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विनोद गोल्याण, संयोजक शशिकांत शर्मा, सचिव रामकुमार सैनी, कोषाध्यक्ष पवन कन्दोई, सह सचिव रूस्तम हिन्द, उपाध्यक्ष राधेश्याम जोईया, कासम अली पीटीआई आदि ने अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। समिति के मीडिया प्रभारी जयकिशन वर्मा ने बताया कि बुधवार को नोहर फुटबॉल क्लब व डेरा सिरसा के बीच पहला मैच होगा। दूसरा मैच मणिपुर व बॉम्बे एनएफसी के बीच होगा। प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच मैन ऑफ दी मैच चुने जाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को युवा नेता राजेश कन्दोई द्वारा इक्कीस सौ रुपये का नगद पुरस्कार दिया जा रहा है। मंगलवार को हुये मुकाबलों को देखने बड़ी संख्या में दर्शक बिहाणी स्टेडियम पहुंचे। प्रतियोगिता को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## रणवीर सिंह नीमड को गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राज्य स्तरीय मंत्रालयिक खेलकूद प्रतियोगिता जो कुचामन सिटी में आयोजित हुई थी उसमें रणवीर सिंह.नीमड जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुवाड़ी में कार्यरत है इन्होंने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा डिस्कस थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** मंगलवार को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्राचीन जोहड़ वाले श्री हनुमान मन्दिर में युवा मित्र मंडल द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुंदरकांड का पाठ मंदिर के मुख्य पुजारी श्री जोन कुमार जोशी के सानिध्य में किया गया। इसके बाद जयपुर से पधारे सौरभ शर्मा एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या में भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या में कस्बे के हजारों लोगों ने भाग लिया। भव्य संगीतमय सुंदर कांड पाठ में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके बाद श्री बाला जी की महाआरती आयोजित की गई। कार्यक्रम में युवा मित्र मंडल द्वारा बाला जी के प्रसाद का वितरण किया गया। युवा मित्र मंडल नोहर के शुभम भूकरकेवाला और संदीप गाजूवास ने बताया कि युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय संस्कृति व संस्कार को भूलती जा रही है। इन्होंने बताया कि श्री सुंदर कांड पाठ और भजन संध्या के साथ नववर्ष का स्वागत युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। पंडित जोन कुमार जोशी ने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र चाचाण, पार्षद छोटू लाल सेवग, पार्षद गंगाराम पारीक, मुकेश बंसल, गजेन्द्र जोशी, देवेन्द्र जोशी, शुभम भूकरकेवाला,नितेश पुरोहित, संदीप गाजुवास,सुमित अग्रवाल,विशेष अग्रवाल, नितेश महेश्वरी, नवीन चाचाण,भीम जांगिड़, प्रशांत सुथार, अरुण पुरोहित, कान्हा अग्रवाल, अतुल गर्ग, विशाल पारीक, विशाल दातवानी सहित युवा मित्र मंडल के सदस्य और बड़ी संख्या जनप्रतिनिधि, पत्रकार, चिकित्सक, व्यापारी और धर्मप्रेमी लोग उपस्थित रहे ।

# नववर्ष के जनसेवी कार्यों को लेकर बैठक सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नव वर्ष में निर्धन एवं जरूरतमंदों की सेवार्थ आयोज्य कायक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए परिषद के सहयोजित सदस्यों की बैठक सोमवार शाम पोद्दार गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। परिषद् के स्थानीय समन्वयक कुलदीप व्यास ने बताया कि पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों ने परिषद् की कार्यकारिणी के निर्णयानुसार कम्बल, स्वेटर वितरण , पौष बड़ा उत्सव, विद्यालय विकास हेतु संसाधनों की उपलब्धता आदि कायक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपादित करने के लिए विचार मंथन किया । अध्यक्षीय उद्बोधन में संतोष कुमार इंदौरिया ने कहा कि समाज सेवी कार्यों के लिए धन उपलब्ध करवाने वाले उदारमना दानदाताओं की भावना के अनुरूप समय और श्रम दान करना हम सभी की जिम्मेदारी है । सहयोजित ट्रस्टी समाजसेवी विनोद डागा ने कहा कि समर्पण भाव से कार्य करने वाले पूर्ण सक्रिय सदस्यों से ही संस्था की सार्थकता है , क्योंकि किसी भी योजना का क्रियान्वयन इन्हीं सजग एवं उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा होता है। मनोज जोशी ने गर्म वस्त्र वितरण व पौष बड़ा कार्यक्रम की व्यवस्था में सभी से सहयोग का आह्वान किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**चूरू।** शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दिवगंत पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत को वैश्विक मंच पर एक अलग पहचान दी। उन्होने आर्थिक नवाचारों को प्रभावी तरीके से लागू किया और देष को आर्थिक मंदी से बाहर निकाला। भारत हमेषा सरदार मनमोहन सिंह को उनके योगदान के लिए याद रखेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण ने कहा कि सरदार मनमोहन सिंह ने आर्थिक नवाचारों के माध्यम से देष की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। उन्होने मनरेगा जैसी योजनाओं के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेता रमजान खान ने डॉ. मनमोहन सिंह की जीवनी पर प्रकाष डाला और बताया कि उनके कार्यकाल में भूमि अधिग्रहण बिल, मनरेगा, वृद्धअवस्था पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। जिन्होंने आम लोगों के जीवन में सुधार लाया। श्रद्धाजंलि सभा में रामप्रताप कांटिवाल, जमील चौहान, शिवकुमार शर्मा, अबरार खां, सीताराम खटीक, आषाराम सैनी, विधाधर मेघवाल, ज्योति सिंह, अजीज दिलावरखानी, असलम खान मोयल, बालीबाई, जाफर खान जोईया, कपिल भाटी, गोकुल शर्मा, विनोद खटीक, शमषेर भालू खां, इस्माईल भाटी सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नेत्र रोग शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा दड़ीबा निवासी हुलासचंद मोहिनी देवी राठी व जसवंतगढ़ निवासी रामप्रसाद ऊषा देवी मालपानी की पुण्य स्मृति में आयोजित शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि चयनित रोगियों में से 55 के सफल नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया व उनकी टीम के द्वारा किये गए। आपरेशन पश्चात रोगियों को चश्मे व दवाइयां नि:शुल्क दी गई। शिविर को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया, सचिव महावीर प्रसाद मिरणका, पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा, विमल भूतोड़िया, गोपाल चोटिया, हाजी मुहम्मद, कुणाल सोनी, पूसाराम, मनोज शर्मा, ओमप्रकाश का सहयोग रहा।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। जिला कलक्टर ने बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसके लिए बैंक कर्मी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के नये बैंक खाता खोलने एवं स्वीकृत ऋण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत स्वीकृत आवेदनों के तहत शीघ्र ही ऋण स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऋण प्रतिपूर्ति हेतु राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर गैर निष्पादित संपत्तियों में कमी लाई जाये। उपखण्ड स्तरीय समीक्षा समितियों की नियमित बैठक की जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी ब्लॉक स्तर, पंचायत स्तर एवं बैंकिंग जागरूकता कैंप आयोजित कर लोगों को साइबर सुरक्षा हेतु सचेत करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। उन्होंने बैंक की शाखाओं के अधिक प्रसार हेतु बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। बैठक में बैंक की वार्षिक साख योजना पर भी चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कहा सभी बैंकर्स व विकास से जुडे अधिकारी आपसी तालमेल के साथ आमजन के हितों मे कार्य करें। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आधार सीडिंग आदि की जागरूकता तथा तीव्र क्रियान्वयन के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा अनेको योजनाएं चलाई जा रही है उनका शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियो तक पहुंचना चाहिए।

# नववर्ष के पहले महीने में मनाया जाएगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में नव वर्ष की शुरुआत के साथ पूरी जनवरी सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। इस माह के दौरान वाहनों का सघन निरीक्षण भी किया जाएगा। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिवहन विभाग की ओर से विशेष पहल कर सड़क सुरक्षा अभियान को जन- जन का अभियान बनाया जाएगा। इस अभियान के बारे में जारी दिशा-निर्देश के तहत हादसों में कमी लाने की पहल एवं सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान लोगों से ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील की जाएगी।

**सघन जांच अभियान चलेगा :** सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों की पालना सुनिश्चित न करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान परिवहन अधिकारियों सहित पुलिस को वाहनों के दस्तावेजों की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। ओवरलोडिंग, ओवरहैंगिंग, ओवरक्राउडिंग आदि के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश सहित वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जांच सहित सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिले भर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सहित तमाम प्रबंध सुनिश्चित किया जाए, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके। अनाधिकृत पार्किंग, सड़कों पर अनाधिकृत कट पर तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। जिला प्रशासन इस संबंध में विशेष अभियान चलाएगा।

**आमजन को किया जाएगा जागरूक :** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएगा। इसके अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। साथ ही, जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने का प्रयास किया जाएगा। सड़क सुरक्षा अभियान को जन-जन का अभियान बनाते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी भी दी जाएगी। जनसाधारण को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# दो दिवसीय विशाल भण्डारा का आयोजन

## भंडारे के पहले ही दिन हजारों लोगों ने पाई प्रसादी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** श्री गिरिराज परिक्रमा सेवा समिति चौमूं के तत्वाधान में 22 वां वार्षिक विशाल भण्डारा 31 दिसंबर व 1 जनवरी 2025 को सुषमा देवी पाराशर धर्मशाला उज्जवल बृज सामुदायिक केंद्र परिक्रमा मार्ग राधा कुंड श्री गिरिराज धाम गोवर्धन (यूपी) में 22 वां वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भव्य श्रृंगार व 56 भोग की विशेष झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। भंडारे में चौमूं कस्बे के प्रतिष्ठित महानुभावों के व्यापारियों एव भक्तों ने शामिल होकर उत्साहवर्धन किया। भण्डारे में भव्य श्रृंगार एवं छप्पन भोग की व्यवस्था भण्डारे का मुख्य आकर्षण रहा। इस विशाल भंडारे में हजारों श्रदालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस दो दिवसीय भंडारे में अलग अलग प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों से स्टाल सजाई गई है। जिसमें सुबह नाश्ते से लेकर दोपहर का खाना एव शाम का लजीज खाना शामिल है। समिति अध्यक्ष विष्णु बजाज सरक्षक छीतर मल बबेरवाल, नंद किशोर रावल्या,विष्णुदत भारद्वाज, दिनेश भारद्वाज, महेश कुमावत, गणपत मीणा, ललित शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सुकेश चौबे, विजय शर्मा, रामपाल चौधरी, मुकेश पीडब्ल्यूडी आदि कार्यकर्ता उत्साह से भाग लेकर सेवा में लगे हुए हैं।

# न्यूज़ ब्रीफ

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** सााप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए निराश्रित लोगों के लिए स्थापित रैन बसेरों का सभी उपखण्ड अधिकारी गहन निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने हाल ही में खुले बोरवेल में हुई दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए सघन सर्वे कराकर ऐसे स्थानों पर खुले अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा हेतु कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। आई रैड से चिन्हित दुर्घटना संभावी इलाकों पर सड़क सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जाये। बैठक में सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों को देखते हुए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने विद्युत विभाग को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी राजाखेडा, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी, उपखण्ड अधिकारी बसेडी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गायों को गुड़ और जरुरतमंदों को वस्त्र वितरित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** समाजसेवी रामलाल मिश्र की ओर से सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित कीये गए। इसी क्रम में गौशाला बास में स्थित गौशाला सरदारशहर में गायों को गुड़ खिलाया गया। श्री मिश्र ने बताया की जरुतमंदों की सेवा करना और उनका समय समय पर सहयोग करना समाज का दायित्व है इस अवसर पर अशोक पारीक, पवन व्यास, मनोज राव, मनीष सैनी, सुरेश मिमानी, रामनिवास जाखड़, राजपाल सारण किया।

## सूफी संतों की दस्तारबंदी कर किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** उत्तरी भारत के उत्तराखंड, कलियर शरीफ, दिल्ली से सूफी संतों का जत्था पैदल यात्रा करते हुए अजमेर के लिए जाते हुए जयपुर सुभाष चौक पहुंचा, जहां पर फरीद साबरी, फारुक शाह एवं उनकी टीम की ओर से जलपान और दस्तार बंदी की गई। सभी सूफी संत 01 जनवरी को अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर सभी सूफी संतों ने देश में अमन-चैन वह भाईचारा कायम एवं देश की उन्नति के लिए दुआ की। ज्ञात रहे कि अभी अजमेर के उर्स् शुरु हुए हैं जिसमें लाखों की संख्या मे जायरीन जियारत करने पहुंचते हैं।

## इंडसइंड बैंक से गबन के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफतार

आरोपी 2 लाख का गबन कर एक माह से चल रहा था फरार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** स्थानीय थाना पुलिस ने इनसइंड बैंक से दो लाख रुपए का गबन करने के मामले में 01 माह से फरार चल रहे मुलजिम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए जिला ग्रामिण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि परिवादी ने इंडसइंड बैंक के ब्रांच मैनेजर विकास कुमार ने 21 नवंबर 2024 को थाने में उपस्थित होकर बैंक कर्मचारी कृष्ण कुमार के विरुद्ध गबन की शिकायत दर्ज करवाई। जो कि कृष्ण कुमार फील्ड में रिकवरी का कार्य करता था। जिसने ग्राहकों से दो लाख रुपए रिकवर कर बैंक में जमा नहीं करवाए ओर गबन कर कही फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए तथा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पुनिया व उप पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में थाना अधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम में कांस्टेबल रतनलाल, मांगीलाल, सुरजीत व रविकमार ने अनुसंधान शुरू कर आसूचना संकलित कर तकनीकी सहायता से फरार चल रहे मुल्जिम कृष्ण कुमार को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया तथा प्रकरण में माल बरादमगी के प्रयास जारी है।

## सरला पाठशाला चिड़ावा को मिला भामाशाह का साथ

**सादुलपुर।** निकटवर्ती तहसील चिड़ावा मे झुग्गी-झोपड़ियों में संचालित सरला पाठशाला को रोमानिया में कार्यरत सुनील ने 19 किलोग्राम गैस सलेंडर भेंट किया। इस यह पाठशाला गरीब और वंचित बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। इस अवसर पर सुनील के परिवार के सदस्यों पिता जयराम भाई बेटा बेटी और दोस्त विकास सैनी ने भी भाग लिया।

# सर्दी में ठिठुरते बेसहारा व असहाय लोगों को मिल रहा रेन बसेरों में सहारा

## पालिकाकर्मी ऐसे लोगों को पहुंचा रहे है आश्रय स्थल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों व फुटपाथ पर रात बीता रहे बेसहारा व असहाय लोगों को पालिका प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर आश्रय स्थलों में ठहराया जा रहा है। पालिका अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित के निर्देशन में सुमेरपुर शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान खुले एवं फुटपाथ पर सो रहे निराश्रित, जरूरतमंद लोगो को रैन बसेरों में ठहराया जा रहा है। अभियान 7 जनवरी तक जारी रहेगा। जिसमें पालिका कार्मिकों को रात्रि गश्त करने तथा निराश्रित, बेघर व असहाय लोगों को आश्रय स्थल में भिजवाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। उक्त कार्य के लिए पालिका स्तर पर दल गठित किया है। अभियान में पालिका कार्मिक भरत कुमार, मुकेश कुमार, पारस राव व अन्य पालिका कार्मिक उपस्थित रहें।





## खेलकूद प्रतियोगिता में लिया भाग, वन भ्रमण भी किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** वंदना बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में रविवार को संस्था सचिव जेठाराम कुमावत के निर्देशानुसार 7 दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू शिविर का समापन किया हुआ। संस्था प्रधान भगवतीकंवर ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं के अलग अलग दल बनाए गए। जिसमें दल के नाम शिवाजी, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई नाम रखे गए। शिविर में अनुपयोगी वस्तुओं के उपयोग से आस-पास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की और देश को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। शिविर के समापन पर नोवी के मल्लेश्वर महादेव मंदिर पर छात्रों ने नृत्य, अंत्याक्षरी, ि केट, कुश्ती, फुटबॉल खेलने का लुत्फ उठाया। इसके बाद छात्रों को वन में भ्रमण करवाया गया। इस दौरान सुरेश कुमावत, फारूक, अशोक, सूरज, दिलीप सिंह, प्रहलाद सिंह, शिल्पा, पूजा, कोमल, शबनम, उर्मिला आदि मौजूद रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता : सिंदरू ने जीता उदघाटन मैच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** गुड़िया-बलाना गांव में मंगलवार को जोजावर माता क्रिकेट मैदान में विक्रमसिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। आयोजन कमेटी के कल्याणसिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच खिमाड़ा व सिंदरू के बीच खेला गया, जिसमें सिंदरू टीम विजेता रही। इस दौरान पाली दुग्ध उत्पादक डेयरी अध्यक्ष प्रतापसिंह बीठिया, जवाई किसान संघर्ष समिति सुमेरपुर आहोर के अध्यक्ष जयेन्द्रसिंह गलथनी, भरतसिंह बलाना, इंद्रसिंह गुड़िया, सरपंच शंभूराम मीणा, समाजसेवी भीमसिंह बलाना मौजूद थे।

## नवनियुक्त वकील मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत-सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** बाण माता मंदिर माली समाज सेवा संस्थान सुमेरपुर के परामर्शदाता एडवोकेट रतन गहलोत को सुमेरपुर वकील मंडल संगठन के निर्विरोध अध्यक्ष बनाए जाने पर मंगलवार शाम को संस्थान के मुख्य संरक्षक रूपाराम परिहार के सानिध्य में माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर संरक्षक मूलाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष रमेश गहलोत, सचिव जितेंद्र गहलोत एडवोकेट, उपाध्यक्ष हिम्मत गहलोत,



सलाहकार समिति के बंटी गहलोत, मांगीलाल गहलोत, वरिष्ठ सदस्य राजू माली, बाण माता मंदिर पुजारी हिम्मत रावल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## अग्रवाल बने डीआरयूसीसी के सदस्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** अजमेर रेल मंडल ने डीआयूसीसी सदस्यों का मनोनयन किया है। जिसमें सुमेरपुर निवासी श्याम अग्रवाल को रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) में बतौर सदस्य नियुक्त किया गया। उनके मनोनीत होने पर रमेश राठौड़, पुखराज चौधरी, रमेश कुमार ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की ओर से उनका स्वागत किया गया। डीआरयूसीसी की ओर से आगामी दो सालों के लिए अजमेर मंडल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें अग्रवाल को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अश्विन गुप्ता, जतिन अग्रवाल मौजूद थे।

## वरिष्ठजनों ने दी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** वरिष्ठ नागरिक समिति की साप्ताहिक बैठक मंगलवार को करणसिंह चाली स्थित सभागार में अध्यक्ष डॉ रामलाल मोबारसा की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत ने बताया कि बैठक में संगठन संबंधी गतिविधियों और 7 जनवरी को होने वाले नव वर्ष समारोह पर चर्चा की गई। बैठक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दिवंगत सिंह नेक इंसान होने के साथ प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, कर्मठ प्रशासक और गरीबों के हितेषी थे। उन्होंने 1991 में भारत को बहुत ही विकट तंगी से बाहर निकाला था। महामंत्री कुंपावत ने कहा कि वे ऐसे प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे जिन्होंने अपने ज्ञान को देश की सेवा में लगाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्न गुप्ता ने कहा कि आर्थिक सुधार लागू करके देश को एक नई दिशा प्रदान करने वाले देश के प्रधानमंत्री थे। गोपालदास मुंदड़ा ,कांतिलाल मुथा, रामसजीवन तापड़िया, कृष्णचंद्र जोशी, ओटाराम सोलंकी आदि ने भी विचार प्रकट किए। बैठक में सुरेशकुमार जालोरा, श्रवणकुमार तंवर, विष्णुकुमार गोयल, गणपतसिंह दहिया, वृद्धिचंद मेवाड़ा, घीसालाल, चैनसिंह खींची, जगदीश दुबे, पीरुलाल बंजारा आदि मौजूद थे।

## तिराहे पर सर्किल बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पार्षद रमेश वैष्णव ने पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप वार्ड 40 स्थित तरतोली रोड तिराहे पर सर्किल बनाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि साईं बाबा मंदिर के पास तरतोली रोड तिराहा स्थित है। जहां से बायपास रोड निकल रहा है। पर्यटकों के वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। यह मार्ग एक एक्सीडेंट जोन बन गया है। ऐसे में तिराहे को सर्किल में परिवर्तित कराने की मांग की गई।

## मारु प्रवक्ता नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा की ओर से युवा महासभा के जिला प्रवक्ता पद पर जयंती मारू को नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश धवलेशा के अनुसार मारु से लोकतांत्रिक चुनाव होने तक समाज के विकास कार्य में योगदान देने की अपील की गई है।

# जैन समाज का तीन दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** वासुपूज्य जैन संघ सुमेरपुर एवं जैनम प्रवासीय परिषद मुंबई के बैनर तले तीन दिवसीय स्नेह मिलन सम्मेलन साध्वी मरूधरारत्न अक्षयरत्ना की निश्रा में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में रोजाना सवेरे व्याख्यान व रात में संगीतकार विपिन पोरवाल व वैभव वाघमार ने प्रस्तुतियां देकर धूम मचाई। गायिका समीपा दफ्तरी ने महिलाओं को सांझी, मेहन्दी का कार्य' म कर मनोरंजन किया। सम्मेलन को लेकर मंदिर को आकर्षक रोशनी से व प्रभु की आंगी रचाई गई। संस्था सचिव पोपटलाल जैन ने बताया कि जैन समाज का यह सम्मेलन युवा पीढ़ी को अपने गांवों की पहचान कराते हैं। व्यापार के सिलसिले में अलग-अलग प्रांत में रहने वाले प्रवासी समाजबंधुओं का मिलन होता हैं। यह सम्मेलन हर बार दिसंबर माह के अंत में ही रखा जाता हैं। सम्मेलन में जैन युवा संघ के अध्यक्ष संजय बाफना, पियुष मुणोत, संजय गुगलिया, राहुल साकरिया, ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष दाड़मचंद जैन, प्रकाश साकरिया, सुरेन्द्र लुणिया, लालचंद, मुकेश, टीकमचंद, प्रकाश लुणिया, जैन



प्रवासीय परिषद के दिलीप चाबड़ा, ललित जैन, दिनेश कुमार सहित जैनम प्रवासी परिषद मुंबई व जैन युवा संघ सुमेरपुर का सहयोग रहा।

### डिस्कॉम खंड फालना का वार्षिक आयोजन

## मैत्री खेलकूद प्रतियोगिता में दिखा उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** डिस्कॉम खंड फालना की वार्षिक मैत्री खेलकूद प्रतियोगिता सेंटपॉल स्कूल में अधिशाषी अभियंता निमेंद्रराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

आयोजन में उपखंड फालना, बेड़ा, नाणा, बाली, सांडेराव, सुमेरपुर एवं तखतगढ़ की टीमों ने भाग लिया। निगमकर्मी सुखसिंह खंगारोत ने बताया कि ि केट में बेड़ा उपखंड विजेता एवं बाली उपखंड उप विजेता, टेबल टेनिस एकल में फालना विजेता एवं तखतगढ़ उपविजेता, टेबल टेनिस युगल में फालना विजेता एवं बेड़ा उपविजेता, बैडमिंटन सिंगल में फालना विजेता एवं तखतगढ़ उपविजेता, बैडमिंटन युगल में फालना विजेता, कैरम सिंगल में फालना विजेता, कैरम युगल में उपखंड सुमेरपुर विजेता , नाणा उपविजेता व फालना की टीम तृतीय रही। एक्सइएन सिंह ने कहा कि इस खेलकूद के माध्यम से हमारा खंड परिवार जुड़ा रहता है व हंसी खुशी के माहौल में वर्ष भर कार्य कर पाते हैं। इस अवसर पर सहायक अभियंता फालना राजकुमार मीणा, रवि टॉक बाली, अवधेशराज सिंह बेड़ा, आइजे मीणा नाणा, प्रतीक दवे सांडेराव, जेइएन फालना नरेंद्रकुमार शर्मा, लोकेंद्रसिंह सांडेराव, दिनेश सुथार बाली, रविंद्रकुमार लुणावा, उज्जवल मीणा बेड़ा, खेल प्रबंधनकर्ता हर्षवर्धनसिंह शक्तावत व महेंद्र मीणा सहित निगमकर्मी मौजूद थे।

# प्रजापति जागृति संस्था के चुनाव में जलवाणिया अध्यक्ष निर्वाचित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** विधानसभा क्षेत्र बाली के सभी परगनो, सौतालों, संस्थाओं और मंदिर ट्रस्ट के अधीन आने वाले समस्त गांवों के प्रजापति बंधुओं की उपस्थिति में प्रजापति जागृति संस्था की बैठक आशापुरा माता परिसर में आयोजित की गई। बैठक मे विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। मुख्य विषय नवीन कार्यकारिणी के चुनाव का रहा। निर्वाचन अधिकारी के रूप में अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लालाराम प्रजापत ने भूमिका निभाई। सर्व सम्मति से पूरणमल जलवाणिया को अध्यक्ष चुना गया। सचिव के रूप में प्रभुलाल बीजापुर और कृष्णकुमार कवाडिया को पुनः कोषाध्यक्ष चुना गया। बाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सौतालों के प्रतिनिधि के रूप में उपाध्यक्ष चुने गए। जिसमे बाली परगने से अमृतलाल जाजपुरा, बारवा सौताला से पुखराज प्रजापत, डूंगरली भवन से विजयराज कवाडिया, सादड़ी आना से मदनलाल और मोहन प्रजापत, दादाई सौताले से हीराराम, नाडोल सौताला से मोहनलाल, धणी सौताला से टीकमराम प्रजापत, छोटी बारी सौताला से प्रवीणकुमार चुने गए। मांगीलाल मुटाणा सह सचिव और मांगीलाल प्रजापत को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। लच्छाराम प्रजापत और लालाराम प्रजापत को कार्यकारी निदेशक का दायित्व सौंपा गया। पुनाराम सेसली और घीसूलाल बेतोड़िया को संरक्षक बनाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रजापति विकास समिति (प्रजापति समाज) नाडोल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संरक्षक, दुदाराम प्रजापत अध्यक्ष, लुम्बाराम प्रजापत सचिव, मोहनलाल प्रजापत सह सचिव, प्रकाशकुमार प्रजापत कोषाध्यक्ष, मोहनलाल प्रजापत सह कोषाध्यक्ष हरीशकुमार, प्रजापत, कपुरचंद, सोशल मीडिया प्रभारी गोविंद प्रजापत सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।



## कैबिनेट मंत्री कुमावत रहेंगे जिले के पांच दिवसीय दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली/सुमेरपुर।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत जिले की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्य मानुसार कुमावत एक जनवरी को सुमेरपुर के स्थानीय कार्य मों में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस पाली में करेंगे। वे 2 जनवरी को पाली से रवाना होकर प्रातः 9 बजे सुमेरपुर पहुंचेगे जहां वे भांगेसर, बानियावास, लाम्बिया, हेमावास ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो के उदघाटन व शिलान्यास कार्य म में भाग लेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। 3 जनवरी को प्रातः 9 बजे सुमेरपुर पहुंच गुडा एंदला, डिंगाई, जेतपुरा, चांचोड़ी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास कार्य म में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे सुमेरपुर के बालराई, किरवा, माण्डल ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो के उदघाटन, शिलान्यस कार्य म में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे 5 जनवरी को ढोला सुमेरपुर प्रातः 9 बजे पहुंचेगे तथा ढोला ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास कार्य म में शामिल होंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे लाम्बिया में गुलाराम महाराज मेला कार्य म में भाग लेंगे।



## अमृता हाट मेले का आयोजन कल से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला मुख्यालय पर संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का आयोजन 2 से 8 जनवरी तक होगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मेले का शुभारम्भ समारोह प्रातः 10 राजकीय बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान पर होगा। मेला रात्रि 10 बजे तक जारी रहेगा। मेले में मुख्य आकर्षक कोटा डोरिया साड़ियां, जालोर की जूतियां, जोधपुर की राबोडी, बड़ियां, अचार, हनुमानगढ़ की सौंफ सुपारी, भीलवाड़ा की साड़ियां, हैंडी' ाफ्ट जयपुर की बेडशीट, कपड़े, जरदोजी, हस्तशिल्प उत्पाद, झालावड़ की दरियां, हैंड प्रिंट तोलिया, उदयपुर के हैंडी' ाफ्ट, टोंक की जूतियां, दौसा के हैंडी' ाफ्ट और ज्वेलरी, सवाई माधोपुर की हैंड वर्क साड़ी, अलवर के टेराकोटा पोट्स, झुंझुनू की पेपर मेशी पेंटिंग सहित बहुत कुछ सामान एक ही छत के नीचे मिलेंगा।

# हिमांशी राजपुरोहित साहित्य पुरस्कार से सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खौड़।** साहित्यिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक संस्थान रुचिर विद्या साहित्य समिति के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी यशवंत रुचिर की 35वीं पुण्यतिथि पर सोजत में आयोजित रुचिर स्मृति साहित्य और सम्मान समारोह में पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन के समीपवर्ती सिसरवाड़ा निवासी हिमांशी राजपुरोहित को साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कवि लेखक हरीश सुवासिया ब्यावर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता साहित्य मनीशी मोहम्मद खालिद ने की। विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बसंत लखावत, गीता मर्मज्ञ पं वालाराम चौधरी, प्रशानिक अधिकारी छोटूसिंह उदावत, वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र लखावत, विजयसिंह चौहान थे।

अतिथियों द्वारा स्मृति बाल प्रतिभा पुरस्कार के तहत बालिका हिमांशी राजपुरोहित सिसरवादा को साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानी व उनकी पत्नी विद्यापति भटनागर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। संस्था अध्यक्ष किशनसिंह भाटी ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। मुख्य अतिथि सुवासिया ने दिवंगत रुचिर के व्यक्तित्व कृतित्व पर पत्र वाचन किया। हिमांशी राजपुरोहित ने बेटियों पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। जिसमें बताया कि बड़ी बेटियां छोटी कम अधिक सहेलियां होती है। घर में केवल बेटे हो तो मां अकेली हो जाती है। इस प्रस्तुति ने जमकर दाद लूटी। ज्ञातव्य है कि हिमांशी सिरवाड़ा गांव में 12 की छात्रा है। साहित्य पुरस्कार मिलने के बाद परिजनों, ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। कार्य म में मीनाक्षी रायजादा, यश रायजादा, दलवीर राय भटनागर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष लोकेश श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव, जवेरीलाल बोराणा भी मौजूद रहे।



# बीसीएमओ की तत्परता से सेवानिवृति के साथ ही कार्मिक को मिल गए सभी सेवालाभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** सेवानिवृति के मौके पर अक्सर कई कार्मिकों की पेंशन सहित अन्य कागजी कार्यवाही समय पर पूरी नहीं हो पाने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन, कई मर्तबा उच्चाधिकारियों की तत्परता सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को राहत पहुंचाती है। ऐसा ही राहत सेवानिवृत हो रही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मिली तो अपने अधिकारी के प्रति दुआएं व आशीर्वाद अर्पित करने में पीछे नहीं रही।

वस्तुत चामुंडेरी मेड़तियान के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उमा स्वामी राजकीय सेवा से सम्मानपूर्वक साठ वर्ष की आयु पूर्ण कर 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो गई। कर्मचारियों के प्रति समर्पित भाव रखने वाले ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हितेंद्र वागोरिया ने कार्मिक की सेवानिवृति पर प्रदत्त सेवालाभ की प्रक्रिया किसी भी तरह से लंबित नहीं हो, इस पर तत्परता दिखाई। उन्होंने संबंधित शाखा के कार्मिकों को पहले ही समस्त कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दे दिए थे। नतीजतन 31 दिसंबर को उमा स्वामी की सेवानिवृत पर विदाई के साथ ही समस्त खानापूर्ति पूर्ण कर सेवालाभ उन्हें सौंप दिए गए। पेंशन भुगतान सहित अन्य सेवालाभ मिलने से सेवानिवृत उमा स्वामी ने बीसीएमएचओ वागोरिया एवं अन्य कर्मचारियों का आभार जताया। वागोरिया ने स्वामी के कार्य व व्यवहार कुशलता की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। इस मौके पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौतम पालीवाल, लेखाधिकारी मदनलाल मेघवाल, ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर अजहरुद्दीन, एसटीए नारायणलाल परिहार, जगदीश प्रसाद, डॉ प्रेमकुमार, कैलाश शर्मा, प्रेमप्रकाश, सोहनलाल, पंकजकुमार, मनोजकुमार, खेताराम भी मौजूद थे।



## विजय हजारे ट्रॉफी

# 13 साल के वैभव ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी 2024 में 38 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस टूर्नामेंट में क्रुणाल पंड्या, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे इंटरनेशनल स्टार भी खेल रहे हैं। अभी तक इन दोनों ने कोई खास कमाल नहीं किया है लेकिन इनके अलावा 13 साल के वैभव सूर्यवंशी पर भी सबकी नजर है, जो पहले ही आईपीएल ऑक्शन से काफी चर्चा बटोर चुके हैं। बिहार के इस टीनएज बल्लेबाज ने टूर्नामेंट में आखिर अपने बल्ले का जलवा दिखाते हुए जमकर धमाल मचाया। खास बात यह रही कि उनके निशाने पर 'पंड्या ब्रदर्स' की टीम थी। बड़ौदा और बिहार के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में सूर्यवंशी ने 12 बाउंड्री की मदद से तूफानी अर्धशतक जमा दिया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को भी पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक 17 साल की उम्र में लगाया था।

### सूर्यवंशी ने लगाया ताबड़तोड़ अर्धशतक

▪ बड़ौदा और बिहार टीम के बीच मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। हार्दिक तो इस मैच का हिस्सा नहीं थे लेकिन उनके बड़े भाई क्रुणाल पंड्या भी इस युवा बल्लेबाज को नहीं रोक पाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ौदा की टीम ने 49 ओवरों में 277 रन बनाए। जवाब में बिहार के लिए ओपनिंग करने उतरे वैभव सूर्यवंशी ने उनकी जमकर धुनाई की और 169 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने अपनी टीम को दमदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने 42 गेंदों का सामना करते हुए ताबड़तोड़ अंदाज में 71 रन बनाए। सूर्यवंशी की इस तूफानी फिफ्टी में 12 बाउंड्री शामिल रही। उन्होंने आठ चौकों के अलावा चार छक्के भी उड़ाए। गौरतलब है कि वैभव ने इसी सीजन से विजय हजारे ट्रॉफी में एंट्री ली और इसी के साथ एक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया था। वे सबसे कम उम्र में लिस्ट-ए क्रिकेट में डेब्यू करने वाले भारतीय खिलाड़ी बने थे लेकिन अपने डेब्यू मैच में सूर्यवंशी फ्लॉप रहे। कुछ दिनों पहले वैभव ने 13 साल 269 दिन की उम्र में मध्य प्रदेश के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेला था लेकिन वे दूसरी ही गेंद पर आउट हो गए थे। हालांकि वैभव के आउट होने के बाद बाकी बल्लेबाज कोई खास योगदान नहीं दे सके और टीम 241 रन बनाकर 36 रन से हार गई।

### राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

▪ सूर्यवंशी आईपीएल 2025 की नीलामी के दौरान चर्चा में आए थे। 13 साल के इस युवा खिलाड़ी को संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम राजस्थान रॉयल्स ने नीलामी में 1.10 करोड़ रुपए कीमत में अपने साथ जोड़ा था जबकि उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। सूर्यवंशी आईपीएल में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले जब वे आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट हुए थे तब भी उन्होंने इतिहास रच दिया था। उन्हें 13 साल और 242 दिन की उम्र में नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।

## आयुष म्हात्रे बने 150 रन बनाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर

**अहमदाबाद।** मुंबई के आयुष म्हात्रे ने मंगलवार को यहां नगालैंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे कम उम्र का खिलाड़ी होने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने हमवतन यशस्वी जयसवाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड दिया। म्हात्रे ने 17 साल और 168 दिन की उम्र में भारतीय सलामी बल्लेबाज जायसवाल द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जायसवाल 17 साल और 291 दिन के थे, जब उन्होंने 2019 में झारखंड के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी। इस सत्र की शुरुआत में घरेलू दिग्गज मुंबई के लिए पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने 11 छक्कों और 15 चौकों की मदद से केवल 117 गेंदों पर 181 रन बनाए। उनकी इस पारी से मुंबई ने 50 ओवर में सात विकेट पर 403 रन बनाए। मुंबई के विरार उपनगर के रहने वाले म्हात्रे ने इस सत्र की शुरुआत में टीम में शामिल होने के बाद से सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है। वह ईरानी कप विजेता मुंबई टीम का हिस्सा थे जिसने अक्टूबर में 27 साल के अंतराल के बाद शेष भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी। रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण पर म्हात्रे ने 71 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली लेकिन मुंबई ने यह सत्र का पहला मैच बड़ौदा के खिलाफ गंवा दिया। म्हात्रे ने इसके बाद महाराष्ट्र के खिलाफ 232 गेंदों में 22 चौकों और चार छक्कों की मदद से 176 रनों की शानदार पारी खेली जिससे मुंबई यह मैच नौ विकेट से जीता था।



# रोहित, विराट और बुमराह नहीं खेलेंगे एकदिवसीय सीरीज

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली लिमिटेड ओवर्स सीरीज से बाहर रह सकते हैं। इंग्लैंड को तीन मैचों की टी20 सीरीज और उसके बाद एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। रोहित और विराट ने पहले ही टी20 से संन्यास ले चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज छह फरवरी से शुरू हो रही है। बुमराह के अलावा रोहित और विराट भी एकदिवसीय सीरीज नहीं खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारत की यह आखिरी 50 ओवर की सीरीज होगी।

### रोहित, विराट और बुमराह को आराम

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण ये रोहित, विराट और बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आराम दिया जाएगा। चयन समिति टीम पर अंतिम फैसला करेगी। रोहित, विराट और जसप्रीत वर्तमान में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। रोहित और विराट रन बनाने में विफल रहे हैं। दिग्गज तेज गेंदबाज वर्तमान में चार टेस्ट मैचों में 30 विकेट लेकर बेहतरीन फॉर्म में हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 कब से खेला जाएगा?

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है। यह मेगा टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में होगा, जिसमें भारत के सभी मैच और सेमीफाइनल दुबई में होंगे। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो फाइनल भी दुबई में होगा। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अभियान 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करना है। 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबला होगा।**



## आईसीसी महिला गेंदबाज रैंकिंग

# पांचवें स्थान पर दीप्ति शर्मा



**दुबई।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गई। शीर्ष पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप से 12 अंक पीछे हैं। 27 साल की दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। भारत ने वडोदरा में यह एकदिवसीय श्रृंखला 3-0 से जीतकर क्लीनस्वीप किया था। बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा रोड्रिग्स 537 अंक के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब हैं। श्रृंखला में 29 और 52 रन की पारियां खेलकर वह चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं।

आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष भी सात स्थान के फायदे से 41वें पायदान पर हैं। उनके 448 रेटिंग अंक हैं। वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक की बदौलत 21 स्थान की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर हैं।

## नए साल से पहले अहमदाबाद में रन फैस्ट

# अभिषेक-प्रभसिमरन के बड़े शतकों से जीता पंजाब

**अहमदाबाद।** विजय हजारे ट्रॉफी के तहत अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज ग्राऊंड में पंजाब के सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और प्रभसिरमन ने सौराष्ट्र के गेंदबाजों की मंगलवार को खूब पिटाई की है। ओपनिंग पर आए दोनों बल्लेबाजों ने बड़े शतक जड़े और टीम को पांच विकेट के नुकसान पर 424 रन तक पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही सौराष्ट्र के गेंदबाजों को दबाव में रखा और पहले विकेट के लिए 31 ओवरों में ही 298 रन की पार्टनरशिप कर दी। प्रभसिमरन ने जहां 95 गेंदों पर 11 चौके और आठ छक्कों की मदद से 125 रन बनाए तो वहीं, अभिषेक शर्मा ने 96 गेंदों पर 22 चौके और आठ छक्कों की मदद से 170 रन बनाए। इन दोनों के अलावा अनमोल मल्होत्रा ने 45 गेंदों पर 48 तो सनवीर सिंह ने 29 गेंदों पर 40 रन बनाकर स्कोर 424 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी सौराष्ट्र की टीम 367 रन ही बना पाई और 57 रन से मुकाबला गंवा दिया।



### 298 रन की पार्टनरशिप

इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 298 रन जोड़े और साल 2022 में बंगाल के सुदीप घरामी और अभिमन्यु ईश्वरन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बता दें कि टूर्नामेंट में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड तमिलनाडु के एन. जगदीसन और बी. साई सुदर्शन के नाम है जिन्होंने रिकॉर्ड 416 रनों की पार्टनरशिप की थी। यह सभी लिस्ट ए प्रतियोगिताओं में सबसे बड़ा ओपनिंग विकेट स्टैंड भी है।


# खो-खो विश्व कप का शेड्यूल जारी, 13 जनवरी से शुरू होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो - खो विश्व कप के शुरुआती दिन अपने अभियान का आगाज ग्रुप ए में नेपाल के खिलाफ यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में करेगी जबकि महिला टीम इसके अगले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश : 20 और 19 टीमें भाग ले रही है। खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार को बताया कि टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो टीमें नॉकआउट चरण (क्वार्टर फाइनल) के लिए क्वालीफाई करेंगी। पुरूष वर्ग में भारत और नेपाल के अलाव ग्रुप ए में पेरू, ब्राजील और भूटान की टीमें हैं। महिलाओं के वर्ग में ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया के साथ ईरान और मलेशिया की टीमें है। भारतीय पुरुष टीम इसके बाद 14 जनवरी को ब्राजील, 15 जनवरी को पेरु, 16 जनवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। महिला टीम 15 जनवरी को ईरान और 16 जनवरी को मलेशिया की चुनौती का सामना करेगी। टूर्नामेंट में दोनों वर्गों का क्वार्टर फाइनल 17 जनवरी, सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को खेला जाएगा।



# म नो रं ज न

# कार्तिक आर्यन ने मुंबई में खरीदी दो नई प्रॉपर्टी



'भुल भुलैया 3' की शानदार सफलता के बाद कार्तिक आर्यन धीरे-धीरे कामयाबी की सीढ़ियों पर चढ़ते जा रहे हैं। इस बीच एक्टर ने हाल में ही अपने रियल एस्टेट पोर्टफोलियो में दो और नई प्रॉपर्टीज जोड़ ली है। कहा जा रहा है कि कार्तिक ने मुंबई में दो नई प्रपॉर्टीज खरीदी है। हाल में ही कार्तिक आर्यन ने करण जौहर के साथ फिल्म करने का ऐलान किया है। उन्होंने एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' साइन किया है। कहा जा रहा इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने अपनी फीस 50 करोड़ रुपए तक कर दी है। फिल्म को समीर विद्वांस डायरेक्ट करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक आर्यन वेट्रन प्रोड्यूसर आनंद पंडित की मदद से रियल एस्टेट में अवसर तलाश रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों से आनंद पंडित से जुड़े लोग एक्टर को अंधेरी में दो प्रोपर्टीज दिखा रहे हैं। इसमें एक रेजिडेंशियल और एक कमर्शियल स्पेस है जो कि 2000 स्क्वायर फीट तक फैला हुआ है। हालांकि, कार्तिक आर्यन और उनकी टीम की तरफ से इस पर ऑफिशियली रिएक्शन नहीं आया है। फिल्मों के साथ-साथ कार्तिक आर्यन रियल एस्टेट मार्केट में भी तेजी से अपनी पहुंच और पहचान बढ़ा रहे हैं। उनका प्रॉपर्टी पोर्टफोलियो बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। जुहू में उनके दो बड़े अपार्टमेंट हैं जिसकी वैल्यू 17 करोड़ के पार है। उन्होंने एक को किराये पर दे रखा है। वीरा देसाई में उनका ऑफिस है। वहीं वर्सोवा में भी कार्तिक आर्यन का एक अपार्टमेंट है। बता दें कि इसी इलाके में कार्तिक आर्यन अपने शुरुआती दिनों में बतौर पेइंग गेस्ट रहा करते थे।

# मात्र दो हिट फिल्में देकर भी बेहद अमिर मल्लिका

मल्लिका शेरावत को आपने फिल्मों में कई बोल्ड सीन करते देखा होगा। हालांकि 22 साल के करियर में एक्ट्रेस ने सिर्फ दो हिट फिल्में दी हैं। लेकिन इसके बावजूद उनकी नेटवर्थ जानकर आप हैरान हो जाएंगे। मल्लिका शेरावत जिनका रियल नाम रीमा लांबा है। उन्होंने कई फिल्मों में बोल्ड सीन दिए हैं जैसे ख्वाहिश और मर्डर। मल्लिका हरियाणा के एक छोटे गांव में पली-बढ़ीं। इसके बाद मल्लिका मुंबई गईं करियर बनाने और उन्होंने अपना नाम मल्लिका रख दिया। मल्लिका ने साल 2002 में फिल्म जीना सिर्फ मेरे लिए में स्पेशल अपीयरेंस दिया था। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में फिल्म ख्वाहिश से की। इसमें भी मल्लिका के काफी बोल्ड सीन थे। हालांकि फिल्म मर्डर जो साल 2004 में आई थी उसमें मल्लिका और इमरान हाशमी का भीगे होंठ गाने के बोल्ड सीन आज तक चर्चा में रहते हैं। मल्लिका को उस फिल्म के बाद से बोल्ड एक्ट्रेस का टैग मिल गया था। मल्लिका ने साल 1997 में पायलट करण सिंह गिल से शादी की थी। लेकिन दोनों की शादी सिर्फ एक साल ही चली और दोनों का तलाक हो गया। मल्लिका का ना सिर्फ मुंबई बल्कि लॉस एंजेलिस में भी बड़ा मेशन हैं। नेटवर्थ की तो सेलिब्रिटी नेटवर्थ के मुताबिक 172 करोड़ है।



# करणवीर पर एक्शन नहीं लेंगी सारा

सिलेब्रिटी कोच अरफीन खान की पत्नी सारा अरफीन खान ने बिग बॉस 18 के अंदर लंबा वक्त गुजारा। सारा मेंटल कोच की पत्नी हैं फिर भी शो में उन्हें कई बार आपा खोते देखा गया। वह शो से बाहर हो चुकी हैं। घर के अंदर वह करीब तीन महीने रहीं। इविक्शन के बाद एक इंटरव्यू में उन्होंने अविनाश मिश्रा और करणवीर मेहरा के साथ झगड़े और धक्का-मुक्की पर बात की। सारा शो में कई बार हिंसक हुईं। उन्हें पागल और साइकोपैथ कहा गया। सारा बोलीं, 'मैं कभी फिजिकल फाइट नहीं करती, मैं अग्रेसिव हो जाती हूं, यह शो ऐसा ही है कि आपा खोना नॉर्मल है। लोग ड्रामा देखना चाहते हैं, उन्हें प्यार दिखाने से कोई फायदा नहीं होगा। अगर मैं स्पाइसी फ्लेवर डाल सकती हूं तो इसमें गलत क्या है? अपनी बाउंड्रीज बचाने के लिए ये मेरा गेमप्लान था। चुम दरंग और करणवीर मेहरा ने मेरे साथ फिजिकल वॉइलेंस की उसकी वजह से मेरी पीठ पर खरोंचें आईं लेकिन मैंने कुछ नहीं कहा। उन लोगों ने मुझे पागल और साइकोपैथ कहा लेकिन किसी ने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। मुझे जनता ने टारगेट किया।'सारा आगे बोलीं, 'उन्होंने हर बार माइंड कोच कार्ड खेला, यह पहले से तय था।



# सलमान ने जामनगर में दिखाया सुरों का जादू

जामनगर में अपना जन्मदिन मनाने के बाद, बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अंबानी परिवार के साथ रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी की 25वीं सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। सलमान ने अपने खास अंदाज में कार्यक्रम में शानदार एंट्री की। इसके अलावा कार्यक्रम के उत्साह को और बढ़ाते हुए, अभिनेता को अपना मशहूर हिट ट्रैक "ओह ओह जाने जाना" गाते हुए देखा गया। " इस कार्यक्रम के एक वीडियो में सलमान कोकिलाबेन अंबानी समेत सभी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए दिखाया गया है। एक और दिल को छू लेने वाले पल में, नीता अंबानी की मां पूर्णिमा दलाल सलमान को गले लगाती और उन पर प्यार लुटाती नजर आईं। क्लिप में सलमान को श्लोका अंबानी के साथ बातचीत करते हुए भी देखा गया है। समारोह से सामने आए एक और वीडियो में सलमान माइक्रोफोन पकड़े हुए और "ओह ओह जाने जाना" गाते हुए नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि सलमान खान और अनंत अंबानी के बीच बहुत गहरा रिश्ता है। इससे पहले, सलमान ने जामनगर में अपने 59वें जन्मदिन का जश्न मनाया, जिसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल हुए। अंबानी परिवार ने इस भव्य समारोह की होस्टिंग की, जिसमें सलमान के परिवार के सदस्य शामिल हुए, जिसमें उनकी बहन अर्पिता खान, बहनोई आयुष शर्मा, उनकी मां सलमा खान और हेलेन शामिल थीं। जन्मदिन के जश्न के बाद, दबंग अभिनेता अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के साथ मॉल में गए।



# अनुराग कश्यप ने साल के अंत में छोड़ा बॉलीवुड

अनुराग कश्यप बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्मों का निर्देशन किया है। लेकिन अब अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड छोड़ और मुंबई से बाहर रहने का फैसला किया है। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की आलोचना करते हुए कहा है कि इस इंडस्ट्री में फिल्म निर्माण का मजा खत्म हो गया है। यह बात अनुराग कश्यप ने अपने ताजा इंटरव्यू में कही है। अनुराग कश्यप ने हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को इंटरव्यू दिया और बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ने की घोषणा की है। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के निर्देशक ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि फिल्म निर्माण का आनंद "खत्म हो गया है।" उन्होंने टैलेंट मैनिमेंट एजेंसियों पर आरोप लगाया कि वह अच्छे कलाकारों को बेहतर एक्टर बनने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय स्टार बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कश्यप ने इन एजेंसियों पर लाभ के लिए युवा कलाकारों का शोषण करने और परफॉर्मेंस करने में नाकाम होने पर उन्हें छोड़ देने का आरोप लगाया। अनुराग कश्यप ने कहा, 'अब मेरे लिए बाहर जाकर प्रयोग करना मुश्किल है क्योंकि इसमें लागत आती है, जिससे मेरे निर्माता लाभ और मार्जिन के बारे में सोचते हैं। फिल्म शुरू होने से पहले ही यह इस बारे में हो जाता है कि इसे कैसे बेचा जाए। इसलिए, फिल्म निर्माण का आनंद खत्म हो जाता है। इसलिए मैं अगले साल मुंबई से बाहर जाना चाहता हूं। मैं साउथ जा रहा हूं। मैं वहां जाना चाहता हूं जहां एक्साइटमेंट हो। वरना मैं एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में मर जाऊंगा।' अनुराग कश्यप ने इस बात पर जोर दिया कि मंजुम्मेल बॉयज जैसी फिल्म हिंदी सिनेमा में कभी नहीं बनेगी, लेकिन अगर सफल होती है, तो हिंदी में इसका रीमेक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मानसिकता यह है कि जो पहले से कामयाब है, उसका रीमेक बनाया जाए। वह कुछ नया करने की कोशिश नहीं करेंगे।' अनुराग कश्यप ने उभरते अभिनेताओं के बीच एक हानिकारक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एजेंसियों की विशेष रूप से आलोचना की। अनुराग कश्यप ने बताया, 'पहली पीढ़ी के अभिनेताओं और वास्तव में हकदार लोगों के साथ काम करना बहुत दर्दनाक है। कोई भी अभिनय नहीं करना चाहता।



# आयुष्मान ने रश्मिका के साथ शेयर किया क्यूट वीडियो

'पुष्पा 2' के बाद एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। एक्ट्रेस ने आयुष्मान खुराना के साथ आगामी फिल्म 'थामा' के सेट से वीडियो शेयर कर फैंस को इस बारे में जानकारी दी है। वीडियो को रश्मिका मंदाना ने साझा करते हुए बताया कि दोनों पहली बार फिल्म 'थामा' में साथ काम करने को तैयार हैं। आगामी फिल्म 'थामा' सेट से एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, "उम्मीद है कि आप थामा-के-दार हॉलिडे मना रहे होंगे। 2025 में मिलते हैं।" 'मुंज्या' के निर्देशक आदित्य सरपोतदार इस फिल्म का निर्देशन करने को तैयार हैं। वहीं, दिनेश विजन और अमर कौशिक फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की कहानी को नीरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखा है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने को तैयार फिल्म 'थामा' दीपावली 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना के साथ परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम भूमिका में हैं। रश्मिका ने हाल ही में एक पोस्ट साझा कर बताया दिसंबर को खास बताया था। 'एनिमल' की पहली सालगिरह पर बताया था कि दिसंबर का महीना उनके लिए क्यों खास है? रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में अपने एक प्रशंसक की रील को शेयर कर लिखा था, "दिसंबर वास्तव में मेरे लिए बहुत खास रहा है। बहुत आभारी हूं। धन्यवाद धन्यवाद धन्यवाद।"



## कांग्रेस ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

# उनका व्यक्तित्व, सोच और कार्य हमेशा याद रहेंगे : अशोक गहलोत





**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की शोकसभा हुई। जिसमें कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। पीसीसी में इकठ्ठा हुए पार्टी के नेताओं ने मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व और उनकी सोच हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

उनकी शख्सियत ऐसी थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बराक ओबामा ने भी कहा था कि जब डॉ. मनमोहन सिंह बोलते हैं तो पूरा विश्व सुनता है। इससे पता चलता है कि उनका आभा मंडल कैसा था। उन्होंने वित्त मंत्री रहते देश में उदारीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। राजस्थान को रिफाइनरी उन्हीं की देन है। वे राजस्थान से राज्यसभा सांसद भी रहे। वहीं, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह के कुशल प्रबंधन का ही नतीजा था कि पूरा विश्व मंदी की चपेट में था, लेकिन हमारे देश पर इसका असर नहीं पड़ा। वे 10 साल प्रधानमंत्री रहे और शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, रोजगार की गारंटी और खाद्य सुरक्षा कानून जैसे अधिकार देश के लोगों को दिए।

### » सरकार स्मारक के लिए आगे आती तो विवाद नहीं होता

डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर उठे विवाद पर अशोक गहलोत ने कहा कि उनके स्मारक के लिए अगर केंद्र सरकार खुद आगे आती तो विवाद ही नहीं होता। पहली बार ऐसा हुआ जब पूर्व पीएम का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर हुआ। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने जब स्मारक की मांग उठाई तब सरकार सफाई दे रही है। राजस्थान में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के स्मारक के लिए हमारी सरकार ने जगह दी। उस समय भाजपा को मांग नहीं करनी पड़ी। जबकि राहुल गांधी ने इंदिरा गांधी या राजीव के स्मारक के साथ मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने की पेशकश की। सरकार की इस सोच को लेकर देशभर में रिएक्शन है।

### » डोटासरा ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह 10 साल प्रधानमंत्री रहे और हर वर्ग के लिए योजनाएं लाए। अभी 10 साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री है। ये पहले नोटबंदी लाए। किसानों के लिए तीन काले कानून लाए। मनमोहन सिंह ने किसानों का 72 हजार करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया। जबकि आज किसान सड़क पर है। इस सरकार ने एमएसपी कानून लागू करने का लिखित में वादा किया। दो साल बाद भी यह नहीं बता रहे कि किसानों से किया समझौता मानेंगे या नहीं।

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया कांग्रेस पर पलटवार

# गहलोत और डोटासरा ने श्रद्धांजलि सभा में की राजनीति, यह अशोभनीय



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर श्रद्धांजलि सभा में राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजनीतिक बयानबाजी की है। यह अशोभनीय है। दरअसल, कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की शोकसभा का आयोजन किया गया था। इसके बाद मीडिया से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा था। इस पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पलटवार किया है।

### कुछ मौके ऐसे होते हैं, जहां राजनीति नहीं करनी चाहिए

*भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मंगलवार को कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की शोकसभा का आयोजन किया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने श्रद्धांजलि सभा में राजनीती की। ऐसे मौके पर राजनीती नहीं होनी चाहिए। कुछ पल ऐसे होते हैं, जिसमें राजनीती नहीं करनी चाहिए। कुछ संवेदनशील काम होते हैं। उनमें संवेदना व्यक्त की जाती है। कोई महापुरुष दुनिया से चला गया तो उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए। राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इस मौके पर भी जो राजनीतिक बयानबाजी की, वो अशोभनीय है।*

### प्रदेश प्रभारी पहुंचे जयपुर, लेंगे बैठक

*भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल के जयपुर दौरे से जुड़े सवाल पर राठौड़ ने कहा कि संगठन में बैठकें नियमित रूप से होती रहती हैं। संगठन पर्व चल रहा है। बैठकें तो होंगी ही। समय-समय पर बैठकें और चर्चा होती रहती है। कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात भी होंगी। इससे पहले उन्होंने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारों की रीति-नीति की प्रशंसा की और कहा कि 2024 में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने आमजन के हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल मंगवार शाम को जयपुर पहुंचे हैं और बुधवार को पार्टी नेताओं की बैठक लेंगे।*

## जयपुर में प्लांट से गैस रिसाव से मचा हड़कंप

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में मंगलवार शाम को एक प्लांट से गैस रिसाव से हड़कंप मच गया। गैस रिसाव होने से प्लांट और आसपास के इलाके में बर्फ सी सफेद चादर फैल गई। हालांकि, इस घटना पर समय रहते काबू पा लिया गया। फिलहाल, किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। यह घटना जयपुर के विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में रोड नंबर 18 पर स्थित अजमेरा गैस फिलिंग प्लांट की है, जहां टंकियों में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस भरी जाती है। इस घटना की जानकारी मिलने पर वीकेआई थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। दमकल गाड़ियों को भी मौके पर बुलाया गया। समय रहते रिसाव पर काबू पाने से हादसा टल गया। नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के उप नियंत्रक अमित शर्मा ने बताया कि जयपुर के वीकेआई रोड नंबर 18 स्थित अजमेरा गैस फिलिंग प्लांट की यह घटना है। यहां एक टैंकर का वॉल्व टूटने से गैस प्लांट और आसपास के इलाके में फैल गई, इससे हड़कंप मच गया।



**मुंबई।** जागरूक टाइम्स कार्यालय में सिरोही के अति. पुलिस अधीक्षक पी.डी. धानिया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बनारसी देवी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित। साथ में हैं नवी मुंबई के समाज सेवी किरणसिंह राजपुरोहित।

# हादसे में घायल की मौत के बाद फूटा आक्रोश, लोगों ने रोड जाम कर किया प्रदर्शन





- » रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत का मामला
- » पुलिस पर पथराव से सादड़ी थाने के सीआइ समेत चार पुलिसकर्मी घायल
- » रोड जाम के दौरान जा रही रोडवेज बस पर पथराव से टूटे कांच, बस को पलटने का भी किया प्रयास



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी (पाली)।** कस्बे में फालना मार्ग पर सोमवार रात को बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों के पैर कट गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत पर मंगलवार को लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया। गुस्साए लोगों ने सादड़ी-फालना रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान वहां पहुंची फालना आगार की रोडवेज बस पर पथराव कर दिया। जिससे खिड़कियों के कांच टूट गए एवं यात्रियों में भय व्याप्त हो गया। लोगों ने सवारियों को पीछे का कांच तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला।

इस बीच मौके पर पहुंची सादड़ी पुलिस पर भी लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे सीआइ समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस पर सादड़ी थाने से अन्य पुलिसकर्मी एवं बाली व फालना थाने से अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा। एएसपी चैनसिंह महेचा, डीएसपी राजेश यादव, देसूरी तहसीलदार हरेंद्रसिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे एवं प्रदर्शनकारियों से समझाइश की। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों से एक्सीडेंट करने वाले चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। करीब एक घंटे की समझाइश के बाद सड़क मार्ग खुलवाया गया।

### बस के पहिए में फंस गए थे युवकों के पैर

सादड़ी थाने के एएसआइ ईश्वरसिंह के अनुसार सोमवार रात को सादड़ी क्षेत्र के प्रतापगढ़ झूंपा गांव निवासी प्रकाश (19) और श्रवण (18) घर से अपनी बाइक लेकर पेट्रोल भरवाने आए थे। वापस लौटते समय सादड़ी-फालना मार्ग पर सामने से आ रही बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों के पैर बस के आगे वाले पहिए में फंस गए। हादसे के बाद लोगों ने गंभीर घायलों को सादड़ी सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया। इस दौरान घायल प्रकाश की मौत हो गई। वहीं श्रवण का उदयपुर में इलाज जारी है। एक्सीडेंट में दोनों का एक-एक पैर कट गया। मंगलवार सुबह प्रकाश की मौत की सूचना मिलने पर सादड़ी पुलिस उदयपुर पहुंची।

### » पहले दिया धरना फिर किया रोड जाम

*उधर जानकारी मिलते ही प्रतापगढ़ झुंपा गांव के लोगों में रोष व्याप्त हो गया व सादड़ी थाने के आगे धरने पर बैठ एक्सीडेंट करने वाली बस के ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। पुलिस ने उन्हें वहां उन्हें हटाया तो वे सादड़ी-फालना मार्ग पर रोड जाम कर बैठ गए। इस दौरान प्रतापगढ़ झुंपा में फालना डीपो की बस को रुकवाकर पत्थरबाजी की। रास्ता जाम होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया।*

### » यह पुलिसकर्मी हुए घायल

*पथराव से सीआइ चंपाराम, कांस्टेबल गेनाराम, किशनसिंह, चूनाराम घायल हो गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बार सीआइ व एक कांस्टेबल को छुट्टी दे दी गई। जबकि एक कांस्टेबल का सादड़ी एवं एक का सुमेरपुर में उपचार जारी है।*

## ट्रैफिक में फंसी रही एंबुलेंस, दो मरीजों की मौत

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड जिले में एक एंबुलेंस के ट्रैफिक जाम में फंसने से दो गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 54 साल की सुलेखा और 49 साल के शाजिल कुमार के रूप में हुई है। दोनों मरीजों की स्थिति गंभीर थी, लेकिन ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस के 30 मिनट से अधिक समय तक फंसे रहने के चलते उनका निधन हो गया। एदारिकोड की रहने वाली सुलेखा को कोट्टक्कल के मालाबार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से कोझिकोड के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया जा रहा था। वल्लिकुन्नु के निवासी शाजिल कुमार को दिल का दौरा पड़ने के बाद चेलारी डीएमएस अस्पताल से कोझिकोड मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था।

# दुनिया को अलविदा कहने के बाद चार लोगों को नई जिंदगी दे गया 'गोविंद'

## हार्ट और किडनी एसएमएस अस्पताल में प्रत्यारोपित, लिवर जोधपुर भेजा गया



**जयपुर।** इस दुनिया को अलविदा कहने के बाद नीम का थाना निवासी गोविंद ने चार लोगों को नई जिंदगी दी है। ब्रेन डेड होने के बाद गोविंद के अंग दान किए गए, जिसके तहत दोनों किडनी और एक हार्ट को एसएमएस हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। जबकि लिवर को जोधपुर एम्स फ्लाइट के जरिए भिजवाया गया। एसएमएस हॉस्पिटल के सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनीष अग्रवाल ने बताया 24 दिसंबर को एक हादसे के दौरान नीम का थाना निवासी 29 वर्षीय गोविंद कुमार वाल्मिकी घायल हो गए थे। घायल होने के बाद गंभीर अवस्था में गोविंद को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। ब्रेन डेड होने के बाद चिकित्सकों ने उनके परिवार की काउंसलिंग की, जिसके बाद परिजनों ने गोविंद के अंगदान करने पर सहमति दे दी। इसके बाद चिकित्सकों ने रिसीवर की तलाश शुरू की और सोमवार देर रात रिसीवर मिलने के बाद अंगों को निकालने का काम किया। जिसके बाद अंग ट्रांसप्लांट करने के लिए जोधपुर और जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल के सुपर स्पेशियलिटी विंग में भिजवाए गए।

### लिवर जोधपुर भेजा गया

*डॉक्टर मनीष अग्रवाल ने बताया कि दोनों किडनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट की गई है। किडनी ट्रांसप्लांट डॉ. शिवम प्रियदर्शी, डॉ. नचिकेत व्यास डॉ. नीरज अग्रवाल और उनकी टीम और नेफ्रोलॉजी विभाग से डॉ. विनय मल्होत्रा, डॉ. धनंजय अग्रवाल की टीम द्वारा की गई है। जबकि हार्ट ट्रांसप्लांट कार्डियक सर्जन डॉ. अनिल शर्मा के निर्देशन में लगाया जा रहा है। इसके अलावा लीवर को जोधपुर एम्स वायु मार्ग द्वारा भेजा गया।*

## मुंबई होर्डिंग हादसा

# मुख्य आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**7 महीने से फरार था**




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने घाटकोपर होर्डिंग हादसे के मामले में मुख्य आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान व्यवसायी अरशद खान (42) के रूप में हुई है। वह इस मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाए जाने के बाद से पिछले सात महीनों से फरार था। 13 मई को घाटकोपर इलाके में तेज हवाओं और बारिश के बीच पेट्रोल पंप पर अवैध होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग घायल हो गए थे। जांच के दौरान पता चला कि होर्डिंग लगाने वाली ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अरशद खान से जुड़े कुछ लोगों के बैंक खातों में 82 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे।

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए डेस्टिनेशन वेन्यू बनी 'पिंकसिटी'





## सैलानियों से गुलजार हुए जयपुर के पर्यटक स्थल

**जयपुर।** पिंक सिटी के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हो रहे हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए गुलाबी नगरी डेस्टिनेशन वेन्यू बनी हुई है। नए साल का जश्न मनाने के लिए देश-विदेश से सैलानी जयपुर पहुंचे हैं। जयपुर के सभी होटलों में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तैयारी हो चुकी है। रात 12.00 बजने के साथ ही नए साल का स्वागत किया।

राजधानी जयपुर में आमेर महल, हवा महल, अल्बर्ट हॉल, जंतर मंतर, जयगढ़ फोर्ट, नाहरगढ़ फोर्ट, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक नववर्ष मनाने के लिए जयपुर पहुंचे हैं। पर्यटकों में नए साल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सैलानियों की सुरक्षा के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। आमेर रोड पर सुबह से ही पर्यटक वाहनों का जाम लगा रहा। दिन भर वाहन रेंग-रेंग कर चलते हुए नजर आए। यातायात को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### » आमेर पहुंचे सबसे ज्यादा टूरिस्ट

पर्यटन स्थलों पर करीब 50,000 से अधिक पर्यटक घूमने के लिए पहुंचे। जयपुर में सबसे ज्यादा सैलानी पर्यटन नगरी आमेर पहुंचे। आमेर किले पर सुबह से ही पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। पर्यटकों ने आमेर में हाथी सवारी का जमकर लुत्फ उठाया। हाथी सवारी करने के लिए सुबह से ही पर्यटक लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आए। आमेर महल में सैगवे राइड का भी पर्यटकों में काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। पर्यटक सैगवे राइड का जमकर आनंद उठाते हुए नजर आए। आमेर किले के साथ ही नाहरगढ़ किला, जयगढ़ किला, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, जंतर मंतर, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, जयपुर चिड़ियाघर, झालाना लेपर्ड सफारी, आमागढ़ लेपर्ड सफारी समेत तमाम पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ा। जयपुर के तमाम पर्यटन स्थलों पर करीब 50,000 से अधिक पर्यटक घूमने के लिए पहुंचे। ज्यादातर सैलानी अपने परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए जयपुर पहुंचे हैं। जयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर घूमकर आनंद लिया। सैलानियों ने आमेर महल समेत तमाम पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को अपने कैमरों में कैद किया।

### » होटल में बुकिंग फुल


टूरिस्ट गाइड अशोक सैनी के मुताबिक नए साल का जश्न मनाने के लिए काफी संख्या में पर्यटक जयपुर पहुंचे हैं। नए साल पर होटल्स में भी बुकिंग फुल है। जयपुर के बाजारों में भी खरीदारी के लिए पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। जयपुर के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर विजिट करने पहुंचे सैलानियों ने यहां की कला और संस्कृति की जमकर तारीफ की। पुराने किले- महल और पहाड़ों पर हरियाली देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए।

### » वाइल्डलाइफ टूरिज्म का क्रेज

पर्यटकों में वाइल्डलाइफ टूरिज्म का भी काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। झालाना लेपर्ड सफारी, आमागढ़ लेपर्ड सफारी और नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क भी पर्यटकों से गुलजार हो रहे हैं। काफी संख्या में पर्यटक भ्रमण करने पहुंच रहे हैं। वन्यजीवों की अठखेलियां और प्राकृतिक जगह ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया। पर्यटकों ने वन्यजीवों की अठखेलियों को अपने कैमरों में कैद किया। पर्यटकों के आने से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी फायदा हो रहा है।

# फॉर्मूल-ई रेस में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

## केटी रामा राव की गिरफ्तारी पर रोक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने फॉर्मूल-ई रेस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व मंत्री केटी रामा राव की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने रामा राव की याचिका पर सुनवाई होने तक गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। प्रवर्तन निदेशालय ने भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव को 28 दिसंबर को समन भेजा था। रामा राव की बहन के. कविता का नाम भी इस केस में सामने आया था। उन पर आरोप है कि 55 करोड़ रुपये का पेमेंट बिना मंजूरी के विदेशी मुद्रा में किए गए थे।

## डॉक्टर हैरान थे मेरी आंख कैसे बच गई : प्रताप सारंगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर से भाजपा सांसद अपने इलाज के बाद राज्य लौट आए और उन्होंने कहा कि चोट के बाद उनका इलाज कर रहे डॉक्टर हैरान थे कि घटना के बाद भी कैसे उनकी आंख को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सारंगी ने संसद के मकर द्वार पर 19 दिसंबर को कांग्रेस सांसदों के साथ हुई हाथापाई के बारे में बात की। सांसद सारंगी इलाज के बाद बालासोर लौट गए हैं।

# शिकार के लिए रोजाना घूम रहा तेंदुआ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** उदयपुर शहर के फतहसागर झील के पास स्थित नीमचमाता-देवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में लेपर्ड का मूवमेंट देखा जा रहा है। यहां इस सप्ताह में लगातार लेपर्ड घूम रहा है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग को लिखित में शिकायत दी है। नीमचमाता देवाली क्षेत्र के परशुराम कॉलोनी में 28 दिसम्बर को लेपर्ड सीसी टीवी कैमरे में देख गया। लेपर्ड यहां से आगे बढ़ता देखा गया। जो नीमचमाता वन क्षेत्र की दीवार से होकर गुजर रहा था।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.